(ङ) 'कार्यालय अध्यक्ष' से किसी सरकारी कार्यालय या प्रतिष्ठान का वरिष्ठतम राजपत्रित अधिकारी अभिप्रेत है, जिसे वित्तीय नियमों के अधीन विभागाध्यक्ष द्वारा इस रूप में घोषित किया गया है;

(च) 'सामग्री' से सभी वस्तुएं, उत्पाद, पदार्थ, पशुधन, फर्नीचर, फिक्सचर, कच्चा माल, कल पुर्जे, उपकरण, मशीनें, औद्योगिक संयंत्र, लेखन सामग्री (स्टेशनरी) आदि अभिप्रेत हैं :

परन्तु यह कि पुस्तकालय के लिए क्रय की जाने वाली पुस्तक, प्रकाशन, पत्रिकाएं आदि इसमें सम्मिलित नहीं होंगी;

(छ) 'कार्य' से मूल कार्य, मरम्मत या अनुरक्षण अभिप्रेत है;

(एक) 'मूल कार्य' में सभी नये निर्माण कार्य, वर्तमान निर्माण में परिवर्धन या परिवर्तन, विशेष मरम्मत, नये क्रय किए गए भवन या पूर्व में परित्यक्त भवनों, इमारतों का पुनर्निर्माण (रीमॉडलिंग) या प्रतिस्थापन भी सम्मिलित है;

In pursuance of the provisions of Clause (3) of Article 348 of the Constitution of India, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of Notification No. 177/XXVII(7)/2008, Dehradun, dated May 01, 2008 for general information:

No. 177/XXVII(7)/2008

*Dehradun, Dated May 01, 2008*

NOTIFICATION

Misscellaneous

In exercise of the powers conferred by the provision to Article 166 of the Constitution of India and in supersession of all existing rules and orders on the subject, the Governor is pleased to make the following rules for the purpose of procurement of goods, works and services and for Public Private Partnership arrangements in infrastructure and service delivery projects and to regulate the matters connected therewith or incidental thereto :--

# THE UTTARAKHAND PROCUREMENT RULES, 2008.

## CHAPTER-1

### General Instructions

**1. Short Title, Commencement, Extent and overriding effect--**

(1) These rules may be called The Uttarakhand Procurement Rules, 2008.

(2) They shall come into force with immediate effect.

(3) These rules shall be applicable to all Government Departments, State Public Sector Undertakings (PSUs), Statutory Authorities, Panchayati Raj Institutions Municipalities/Urban Local Bodies, Government Societies and other entities, which are under the administrative control of the State Government for the purpose of procurement of goods, works, services and for Public Private Partnership arrangements in infrastructure and service delivery projects.

(4) The provisions of these rules shall have effect notwithstanding anything inconsistent therewith contained in any other rules and orders for the time being in force or in any instrument having effect by virtue of any rules and orders other than these rules.

**2. Definitions--**

In these rules, unless the context otherwise requires:--

(a) 'State' means the State of Uttarakhand;

(b) 'Governor' means the Governor of Uttarakhand;

(c) 'Department' means concerned Administrative Department of the Government;

(d) 'Head of Department' means the such office bearer appointed by the State Government, who have been declared as head of the department under the financial rules of the State;

(e) 'Head of Office' means the seniormost gazetted officer in an office or establishment, declared as such by the Government or by the Head of the Department as per financial rules;

(f) 'Goods' means all articles, products, materials, commodities, live stock, furniture, fixtures, raw materials, spares, equipments, machinery, industrial plant, stationary etc.:

Provided that it excludes books, publications, periodicals etc. for a library;

(g) 'Work' means original work, repair and maintenance;

(i) 'Original work' means and includes all new construction, addition and alteration to existing works, special repairs to newly purchased or previously abandoned buildings or structures, including remodeling or replacement.

(दो) 'मरम्मत या अनुरक्षण' में ऐसे भवन या फिक्सचर के, जो प्रयोज्य हैं अथवा जिन्हें प्रयोज्य बनाया जाना है, अनुरक्षण के लिए किए गये कार्य सम्मिलित हैं;

(ज) 'सेवाओं' से व्यावसायिक सेवाएं, तकनीकी सेवाएं, प्रबन्धन सेवाएं, अनुरक्षण सेवाएं, परामर्शी सेवाएं अभिप्रेत हैं;

(झ) 'सक्षम प्राधिकारी' से ऐसा अधिकारी अभिप्रेत है, जो नियमों, प्रक्रियाओं, शासनादेशों द्वारा वित्तीय संव्यवहार, क्रय तथा अधिप्राप्ति हेतु प्राधिकृत किया गया है;

(ञ) 'अधिप्राप्ति अधिकारी/क्रय अधिकारी' से ऐसा अधिकारी अभिप्रेत है जिसे सक्षम प्राधिकारी द्वारा सामग्री एवं सेवाएं अधिप्राप्त/क्रय करने के लिए प्राधिकृत किया गया है;

(ट) 'केन्द्रीय क्रय संगठन' से ऐसे विभागीय अधिप्राप्ति संगठन अभिप्रेत हैं जो राज्य सरकार द्वारा विशिष्ट सामग्री और सेवाओं की केन्द्रीकृत अधिप्राप्ति हेतु घोषित किये गये हों;

(ठ) 'लोक निर्माण संगठन' से ऐसा संगठन अभिप्रेत है, जिसे शासन की ओर से निर्माण कार्य करने के लिए प्राधिकृत किया गया हो।

3. अधिप्राप्ति के मौलिक सिद्धान्त–

(1) समस्त अधिप्राप्ति प्रक्रियाओं में पारदर्शिता, प्रतिस्पर्धा तथा निष्पक्षता सुनिश्चित की जाए ताकि व्यय की जाने वाली धनराशि का अधिकतम लाभ प्राप्त हो सके।

(2) जब तक इन नियमों अथवा विशिष्ट आदेशों के अधीन छूट न दी जाए, समस्त अधिप्राप्तियां निविदा के माध्यम से की जाएंगी।

(3) जब तक नियम में अन्यथा विनिर्दिष्ट या सक्षम प्राधिकारी द्वारा विशेष रूप से प्रतिबन्धित न किया गया हो, सभी भागीदारों को बोलियां लगाने के लिए आमन्त्रित किया जाएगा।

(4) अधिप्राप्तकर्ता संगठन की विशिष्ट आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, अधिप्राप्त की जाने वाली सामग्री की गुणवत्ता, प्रकार, मात्रा आदि विशिष्टताएं स्पष्ट रूप से सूचित की जानी चाहिएं जिससे अतिरिक्त और अनावश्यक लक्षणों को शामिल किए बगैर इस प्रकार तैयार की गई विशिष्टताओं द्वारा संगठन की अधारभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हो सके, जिससे अवांछित व्यय न हो और भण्डारण लागत (इन्वेन्टरी कैरिईंग कॉस्ट) में अनावश्यक वृद्धि न हो।

(5) सक्षम प्राधिकारी द्वारा सुनिश्चित किया जाये कि चयनित मद सभी आवश्यकताओं की सभी प्रकार से पर्याप्त रूप से पूर्ति करती है।

(6) सभी शर्तें समान होने पर सामान्यतः न्यूनतम दर वाली निविदा स्वीकार की जाये अन्यथा उन कारणों को सर्वथा अभिलिखित किया जाये जिनके कारण न्यूनतम दर वाली निविदा अस्वीकृत की गई है।

(7) सक्षम प्राधिकारी को अपना यह समाधान करना होगा कि प्रस्तावित दरें युक्तियुक्त हैं और गुणवत्ता के अनुरूप हैं।

(8) सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रत्येक स्तर पर अधिप्राप्ति के अभिलेखों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाये और जिस आधार पर अधिप्राप्ति का निर्णय लिया गया है, उसे अभिलिखित किया जाए।

(9) परक्रामण (निगोशिएशन) से बचा जाए और विशिष्ट परिस्थितियों में केवल न्यूनतम बोली लगाने वाले (एल–1) से ही समझौते की वार्ता की जा सकेगी तथा ऐसे परक्रामण के कारण स्पष्ट रूप से अभिलिखित किए जाएं।

(10) निम्नतर दरों का लाभ प्राप्त करने के लिए यथासाध्य अधिकतम आवश्यक मात्रा की एक साथ अधिप्राप्ति का प्रयास किया जाए। अधिप्राप्ति मूल्य कम करने के लिए आवश्यक मात्रा को विभाजित नहीं किया जाएगा और न ही कुल आवश्यकता के आकलित मूल्य के सन्दर्भ में अपेक्षित उच्चतर प्राधिकारी की संस्वीकृति प्राप्त करने की आवश्यकता से बचने के लिए छोटे–छोटे भागों में विभक्त किया जाएगा।

(11) एकरूपता बनाए रखने तथा कार्य की पुनरावृत्ति और सम्भावित त्रुटियों से बचने के लिए अधिप्राप्ति हेतु मानक निविदा दस्तावेजों का उपयोग किया जाना चाहिए।

(12) विभागों द्वारा यह सुनिश्चित किया जाये कि संविदा, निविदा के वैध समय के अन्दर ही दी जाए और निविदा की वैध तिथि बढाए जाने को हतोत्साहित किया जाए और केवल असाधारण परिस्थितियों में ही ऐसा किया जाए।

(13) वित्तीय अधिकारों का प्रयोग करते हुए सक्षम क्रेता प्राधिकारी वित्तीय औचित्य के निम्नलिखित मानकों का ध्यान रखेगाः–

(ii) 'Repair or Maintenance' includes and means works undertaken to maintain buildings and fixtures in usable condition or to bring them in usable condition;

(h) 'Service' means professional services, technical services, management services, maintenance services, consultancy services;

(i) 'Competent Authority' means the authority that has been authorized by rules, procedures, Government order to make financial transactions, purchases and procurements;

(j) 'Procurement Officer /Purchase Officer' means the officer authorized by Competent Authority to procure/purchase the goods, works and services;

(k) 'Central Purchase Organization' means such departmental procurement organization, as are declared by the State for centralized procurement of specific goods and services;

(l) 'Public Works Organization' means the organization, authorized to carry out construction works on behalf of the Government.

**3. Fundamental Principles of Procurement--**

(1) In all procurement procedures, transparency, competitiveness and fairness must be ensured, to secure best value for money.

(2) All procurements shall be made through tenders, unless exempted under these rules or under specific orders.

(3) Invitation of competitive bids shall be open to all participants, unless otherwise specified under the rules or specially restricted by the Competent Authority.

(4) The specifications in terms of quality, type etc. as also quantity of goods to be procured, should be clearly spelt out keeping in view the specific needs of the procuring organizations. The specifications so worked out should meet the basic needs of the organization without including superfluous and non-essential features, which may result in unwanted expenditure. Care should also be taken to avoid inventory carrying cost.

(5) The Competent Authority shall ensure that the selected item adequately meets the requirement in all respects.

(6) Other conditions being equal, the lowest tender should ordinarily be accepted, otherwise, the reasons, why the lowest tender has not been accepted, should always be recorded.

(7) The Competent Authority shall satisfy itself that the price of the selected offer is reasonable and consistent with quality.

(8) The Competent Authority shall ensure the safe custody of documents of all stages of procurement and must place on record, the considerations, which weighed with it while taking the procurement decisions.

(9) Negotiations shall be avoided. It may be conducted under exceptional circumstances with lowest bidder L-1 only and the reasons for such negotiations should be clearly recorded.

(10) Efforts shall be made to bulk the demands as far as practicable so as to achieve advantage of lower rates. A demand shall not be split to bring down the value of procurement nor divided into small quantities to make piecemeal purchases to avoid the necessity of obtaining the sanction of higher authority required with reference to the estimated value of the total demand.

(11) Standard Bidding Documents: Standard Bidding Documents should be used for procurement to achieve uniformity and to avoid repetitive work and possible errors.

(12) The Departments should ensure placement of contract within the original validity of the bids. Extension of bid validity must be discouraged and resorted to only in exceptional circumstances.

(13) Standards of Financial Propriety: In exercising these powers, the authority making purchases shall pay strict regard to the standards of financial propriety, among which are the following :--

(एक) अधिप्राप्तिकर्ता प्राधिकारी का मुख्य कर्तव्य होगा कि वह यह सुनिश्चित करे कि खर्च की जाने वाली धनराशि का सरकार को समुचित प्रतिलाभ मिले,

(दो) व्यय प्रथमदृष्टया आवश्यकता पड़ने पर ही किया जाना चाहिए,

(तीन) प्रत्येक सरकारी कर्मचारी लोकधन से व्यय करते समय उसी प्रकार की सतर्कता बरतेगा जिस प्रकार सामान्यतः एक बुद्धिमान व्यक्ति निजी धन व्यय करते समय बरतता है, और

(चार) कोई भी प्राधिकारी अपनी शक्तियों का प्रयोग कर ऐसा आदेश पारित नहीं करेगा जिससे उसे प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से निजी लाभ मिले।

## अध्याय–2

## सामग्री

### 4. सामग्री अधिप्राप्ति हेतु सक्षम प्राधिकारी–

ऐसा प्राधिकारी, जिसे नियम, प्रक्रिया अथवा शासनादेश के अधीन सामग्री क्रय करने हेतु अधिकृत किया गया हो, सक्षम प्राधिकारी होगा। इसमें वित्तीय हस्त पुस्तिका खण्ड–1 (वित्तीय अधिकारों का प्रतिनिधायन) के अधीन कार्यालयाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, प्रशासनिक विभाग या ऐसे अन्य प्राधिकारी जिसे समय–समय पर शासन द्वारा प्राधिकृत किया गया हो, सम्मिलित हैं।

### 5. सामग्री अधिप्राप्ति की शक्तियां–

राज्य सरकार के विभागों को वित्तीय अधिकारों के प्रतिनिधायन की सीमा तथा प्रशासनिक विभाग द्वारा निर्धारित मानकों के अधीन सामग्री/सेवाओं की अधिप्राप्ति की पूर्ण शक्ति होगी। अधिप्राप्ति के जो प्रकरण अधिप्राप्ति की निर्धारित शक्तियों, मानकों एवं प्रक्रिया से आच्छादित न हों, उनके संबंध में अधिप्राप्ति हेतु शासन के वित्त विभाग की सहमति से कार्यवाही की जायेगी।

### 6. आपूर्तिकर्ताओं का पंजीकरण–

(1) सम्बन्धित प्रशासनिक विभाग अथवा अभिहित केन्द्रीय क्रय संगठन द्वारा सामान्य रूप से राज्य सरकार के उपयोग में आने वाली सामग्री की अधिप्राप्ति के लिए विश्वसनीय सामग्री अधिप्राप्ति के स्रोतों को स्थापित करने हेतु सामग्रीवार पात्र एवं सक्षम आपूर्तिकर्ताओं की सूचियाँ तैयार कर रखी जायेंगी। सम्बन्धित विभाग इन सूचियों का आवश्यकतानुसार उपयोग कर सकेंगे। इस प्रकार के अनुमोदित आपूर्तिकर्ताओं को "पंजीकृत आपूर्तिकर्ता" कहा जायेगा। इस प्रकार के पंजीकृत आपूर्तिकर्ता ही सीमित निविदा प्रक्रिया के माध्यम से सामग्री की अधिप्राप्ति हेतु प्रथमदृष्टया पात्र होंगे। ऐसे पंजीकृत आपूर्तिकर्ताओं को सामान्यतः निविदा प्रस्तुत करने हेतु वांछित धरोहर धनराशि में छूट प्रदान की जाये।

(2) आपूर्तिकर्ताओं को पंजीकृत करने से पूर्व उनकी आम ख्याति, विनिर्माण क्षमता, गुणवत्ता नियंत्रण प्रणाली, पूर्व के कार्यों (परफारमेन्स) (जिस सामग्री की आपूर्ति की जानी हो के लिए), विक्रय के बाद दी जाने वाली सेवाओं, वित्तीय पृष्ठभूमि आदि का सतर्कता से सत्यापन किया जाय।

(3) आपूर्तिकर्ताओं का पंजीकरण सामग्री की प्रकृति के आधार पर निर्धारित अवधि (एक वर्ष से तीन वर्ष तक) के लिए किया जायेगा। इस निश्चित अवधि के बाद इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ताओं को पंजीकरण के नवीनीकरण के लिए नये सिरे से आवेदन करना होगा। पंजीकरण हेतु नये आपूर्तिकर्ताओं पर भी किसी भी समय विचार किया जा सकेगा, परन्तु यह अनिवार्य होगा कि वह अपेक्षित शर्तें पूरी करते हों।

(4) सम्बन्धित विभाग/सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रत्येक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता के कार्यों (परफारमेन्स), आचरण आदि पर निगरानी रखी जाएगी :

परन्तु यह कि यदि कोई पंजीकृत आपूर्तिकर्ता पंजीकरण की शर्तों का अनुपालन करने अथवा सामग्री की समय से आपूर्ति करने में असफल रहता है अथवा निर्धारित मानक से निम्नतर प्रकार की सामग्री की आपूर्ति करता है अथवा किसी सरकारी एजेन्सी को गलत घोषणा/तथ्य प्रस्तुत करता है, अथवा राज्य सरकार की दृष्टि में कोई अन्य आधार, जो जनहित में न हो तो उसे आपूर्तिकर्ता(कर्ताओं) की अनुमोदित सूची से हटा दिया जायेगा।

### 7. क्रय/मूल्य वरीयता–

राज्य सरकार, प्रशासनिक विभाग के माध्यम से तथा शासन के वित्त विभाग की सहमति से, राज्य के भौगोलिक क्षेत्र की सीमा में विनिर्मित करने वाले लघु कुटीर उद्योग/खादी/सूक्ष्म उद्यम को क्रय/मूल्य में वरीयता दे सकती है। यह वरीयता, प्राप्त न्यूनतम दर के दस प्रतिशत से अधिक नहीं होगी।

(i) The main duty of officers making procurement is to see that the Govemment gets a fair return for the money to be spent,

(ii) The expenditure should not prima facie be more than the occasion demands,

(iii) Every Government Servant shall exercise the same vigilance in respect of expenditure incurred form public moneys as a person of ordinary prudence would exercise in respect of the expenditure of his own money, and

(iv) No authority shall exercise its powers to pass an order, which will be directly or indirectly to its own advantage.

# CHAPTER--2

## Goods

**4. Authorities Competent to Procure Goods--**

An authority authorized by rules, procedures or Government orders to procure goods, will be called the Competent Authority. It includes the authority given in the Financial Hand Book Vol-1 (Delegation of financial powers) to the Head of Office, Head of Department, Administrative Department or any other authority authorized by the Government from time to time.

**5. Powers for Procurement of Goods--**

The Departments of the State Government shall have full authority to procure goods/services as per standards or norms prescribed by the concerned Administrative Department and within limits of delegation of power to them. In case of procurement not covered under prescribed powers & norms, the procurement shall be done with the concurrence of the Finance Department.

**6. Registration of Suppliers--**

(1) With a view to establishing reliable sources for procurement of goods commonly required for Government use, the concerned Administrative Department or the designated Central Purchase Organization will prepare and maintain item-wise lists of eligible and capable suppliers. Such approved suppliers will be known as "Registered Suppliers". The Departments may utilize these lists as and when necessary. Such registered suppliers shall be prima facie eligible for consideration for procurement of goods through Limited Tender Enquiry. They shall ordinarily be exempted from fumishing bid security along with their bids.

(2) Credentials, manufacturing capability, quality control systems, past performance (for the goods in question), after sales service, financial background etc. of the supplier(s) should be carefully verified before registration.

(3) The supplier(s) will be registered for a fixed period (between 1 to 3 years) depending on the nature of the goods. At the end of this period, the registered supplier(s) willing to continue with registration may apply afresh for renewal of registration. New supplier(s) may also be considered for registration at any time, provided they fulfill all the required conditions.

(4) Performance, conduct etc. of every registered supplier is to be watched by the concerned Department/Competent Authority. The registered supplier(s) are liable to be removed from the list of approved suppliers, if they fail to abide by the terms and conditions of the registration or fail to supply the goods on time or supply substandard goods or make any false declaration to any Government agency or for any ground which in the opinion of the Government, is not in public interest.

**7. Purchase/Price preference--**

The State Government, through the Administrative Department and with the concurrence of Finance Department may provide purchase/price preference for goods manufactured within the State by small, cottage/khadi/tiny enterprises/established within the State. The preference should not be more than ten percent of the lowest quoted rate.

8. सामग्री के लिए बिना दर सूची (कोटेशन) के क्रय–

जहां क्रय की जाने वाली सामग्री का मूल्य रु0 15,000 (रु0 पन्द्रह हजार) तक हो, प्रत्येक ऐसे अवसर पर ऐसी सामग्री की अधिप्राप्ति, बिना कोटेशन/निविदा के, खुले बाजार दर के आधार पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा निम्नांकित प्रारूप में प्रमाण–पत्र अभिलिखित करने पर की जा सकती है:–

"मैं ———————— व्यक्तिगत रूप से संतुष्ट हूँ कि मेरे द्वारा क्रय की गयी सामग्री ———————————————— अपेक्षित विशिष्टियों तथा गुणवत्ता के अनुरूप है और विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता से उचित दरों पर क्रय की गयी है।"

हस्ताक्षर

अधिकारी का नाम

पदनाम

9. क्रय समिति के माध्यम से सामग्री का क्रय–

प्रत्येक अवसर पर रु0 15000 (रु0 पन्द्रह हजार) से अधिक तथा रु0 1,00,000 (रु0 एक लाख) तक लागत की सीमा में क्रय की जाने वाली सामग्री का क्रय, विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष द्वारा सम्यक् रूप से गठित तीन समुचित स्तर के सदस्यों की स्थानीय क्रय समिति की संस्तुतियों पर किया जा सकता है। इस क्रय समिति में अनिवार्य रूप से एक सदस्य वित्तीय सेवाओं या लेखा परीक्षा सेवाओं या अधिप्राप्ति क्रय प्रक्रिया में विशेष रूप से प्रशिक्षण प्राप्त अधिकारी/कर्मचारी होगा, जो अधिप्राप्ति सम्बन्धी प्रक्रियाओं और वित्तीय नियमों पर परामर्श देगा। यह क्रय समिति दरों की युक्तियुक्तता, गुणवत्ता तथा विशिष्टता सुनिश्चित करने के लिए बाजार का सर्वेक्षण करेगी और उपयुक्त आपूर्तिकर्ता चिन्हित करेगी। क्रय आदेश देने की संस्तुति से पूर्व समिति के सदस्य संयुक्त रूप से निम्नानुसार एक प्रमाण–पत्र अभिलिखित करेंगे:–

"प्रमाणित किया जाता है कि हमारा (1) ———————— (2) ———————— (3) ———————— का व्यक्तिगत और संयुक्त रूप से समाधान हो गया है कि जिस सामग्री के क्रय की संस्तुति की गयी है वह अपेक्षित विशिष्टताओं और गुणवत्ता वाली है, उसका मूल्य वर्तमान बाजार दर के अनुसार है और जिस आपूर्तिकर्ता की संस्तुति की गई है, वह विश्वसनीय और प्रश्नगत सामग्री को आपूर्ति करने में सक्षम है।"

| | | |
|---|---|---|
| हस्ताक्षर (1) | (2) | (3) |
| नाम | नाम | नाम |
| पदनाम | पदनाम | पदनाम |

10. दर संविदा के अधीन सामग्री का सीधे क्रय–

(1) ऐसी सामग्री और मदों के लिए, जिन्हें सामान्य उपयोग की मदों के रूप में चिन्हित किया गया है और जिन की सरकारी विभागों और एजेन्सियों को बार–बार आवश्यकता होती है, उनके लिए राज्य सरकार या राज्य सरकार के प्रशासनिक विभागों की पदनामित केन्द्रीय क्रय समिति द्वारा 'दर संविदा' की जा सकती है। ऐसी 'दर संविदाओं' का विवरण विभाग/शासन की वेबसाइट पर रखा जाना चाहिए। विभाग/शासन यह सुनिश्चित करेगा कि दर संविदा के मूल्य, बाजार भाव या अन्य संगठनों में समान दर संविदाओं में दिए गये मूल्य से अधिक न हों।

(2) दर संविदाएं सामान्यतः एक समय में एक वर्ष के लिए की जा सकेंगी। तथापि ऐसी सामग्री के विषय में जिनके मूल्य में निरन्तर उतार–चढाव होता रहता है या जहाँ दर संविदा के वैध अवधि में मूल्यों के कम होने की प्रवृत्ति हो, अल्प अवधि के लिए दर संविदा की जा सकती है और ऐसी सामग्री के बाजार भाव पर कड़ी निगरानी रखी जाए। विशेष परिस्थितियों में, वित्त विभाग की सहमति से विभाग को भारत सरकार के केन्द्रीय क्रय संगठन यथा पूर्ति और निपटान महानिदेशक (डी0जी0एस0एंड0डी0) द्वारा की गई दर संविदा के आधार पर सामग्री क्रय करने के लिए प्राधिकृत किया जा सकता है।

11. बोलियों/निविदाओं के माध्यम से सामग्री का क्रय–

सक्षम प्राधिकारी बोलियां/निविदाएं प्राप्त करने की निम्नलिखित मानक प्रणालियों का अनुपालन करते हुए सामग्री क्रय करेगा, सिवाय उन मामलों के, जो नियम 8, 9 और 10 के अन्तर्गत नहीं आते हों:–

(क) सीमित निविदा पृच्छा (इन्क्वायरी)।

(ख) विज्ञापित निविदा पृच्छा।

(ग) एकल स्रोत पृच्छा।

**8. Procurement without Quotation--**

Procurement of goods upto a value of Rs.15,000/- (Rs. Fifteen thousand) on each occasion may be made without inviting quotations/bids but based on open market prices, on the basis of certificate to be recorded by the Competent Authority in the following format :--

"I............................................... am personally satisfied that these goods purchased are of the requisite quality and specification and have been purchased from a reliable supplier at a reasonable price."

Signature.....................................

Name of the Officer..........................

Designation...................................

**9. Purchase of Goods by Purchase Committee--**

Purchase of goods costing above Rs.15000/- (Rs. Fifteen thousand) and upto Rs.1,00,000/- (Rs. One lakh only) on each occasion may be made on the recommendations of a duly constituted Local Purchase Committee consisting of three members of an appropriate level as decided by the Head of Department/Head of Office. In such a committee one member should be either from finance services or audit services or a person specially trained in procurement/purchase to advice on procedural aspects of procurement and financial rules. The committee will survey the market to ascertain the reasonableness of rate, quality and specification and identify the appropriate supplier. Before recommending placement of purchase order, the members of the committee will jointly record a certificate as under :--

"Certified that we (1)...................... (2) ................. (3) .....................members of the purchase committee are jointly and individually satisfied that the goods recommended for purchase are of the requisite specification and quality, priced at prevailing market rate and the supplier recommended is reliable and competent to supply the goods in question."

Signature (1).............................. (2)......................... (3)............................

Name.............................. Name......................Name..........................

Designation..................... Designation..............Designation..................

**10. Purchase of Goods directly under Rate Contract--**

(1) For goods and items, which are identified as common user items and are needed on recurring basis by the various Departments and agencies of the Government, such Rate Contracts may be concluded by the designated Central Purchase Organization of the State Government or Administrative Departments of the State Government. All details of such Rate Contracts should be kept on the website of the department/Government. The department/organization shall ensure that the rate contract prices do not exceed either market prices or the prices quoted in other similar rate contracts in other organizations.

(2) Ordinarily, rate contracts may be concluded for one year at a time. However, in case of goods which are subject to frequent price fluctuation or where prices tend to decline overtime, the validity of the rate contract may be kept for a shorter period and a close watch be kept over the market price of such goods. In special circumstances, the Department with the concurrence of Finance Department may be authorised to purchase goods on the basis of rate contracts, concluded by the central purchase organization of Government of India (For example DGS&D)

**11. Purchase of Goods by Obtaining Bids/Tenders--**

The Competent Authority shall procure goods by following standard methods of obtaining bids/ tenders as follows, except in cases covered under rule 8, 9 & 10:--

(a) Limited tender enquiry;

(b) Advertised tender enquiry;

(c) Single tender enquiry.

12. सीमित निविदा पृच्छा–

(1) सीमित निविदा पृच्छा की विधि उस समय अपनायी जा सकती है, जब अधिप्राप्त की जाने वाली सामग्री की अनुमानित लागत रु0 15,00,000 (रु0 पन्द्रह लाख) तक हो।

(2) यह सुनिश्चित करने के लिए, कि न्यूनतम तीन निविदाएं प्राप्त हों, प्रश्नगत सामग्री के लिए निविदा दस्तावेज, पंजीकृत आपूर्तिकर्ताओं की सूची से तीन से अधिक फर्मों को सीधे स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक/कोरियर/ई–मेल से भेजे जाने चाहिएं। इसके अतिरिक्त सीमित निविदा के लिए बेवसाइट द्वारा भी प्रचार किया जाना चाहिए।

(3) यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि प्रतिस्पर्धा के आधार पर अधिक अनुक्रियाशील निविदा प्राप्त करने के लिए यथा सम्भव अधिकतम अनुमोदित आपूर्तिकर्ताओं को चिन्हित किया जाए। ऐसे आपूर्तिकर्ता को चिन्हित करने के लिए विज्ञापन, व्यापक परिचालन वाले प्रकाशनों, राष्ट्रीय समाचार–पत्रों और सम्बन्धित आपूर्तिकर्ताओं के विभिन्न वेबसाइटों का उपयोग किया जा सकता है।

(4) जहां अधिप्राप्ति का अनुमानित मूल्य रु0 15,00,000 (रु0 पन्द्रह लाख) से अधिक हो, वहां भी, निम्नलिखित परिस्थितियों में, सीमित निविदा पृच्छा पद्धति अपनायी जा सकती है:–

(एक) यदि विभाग प्रमाणित करता है कि मांग अत्यावश्यक है और अत्यावश्यकता को देखते हुए विज्ञापन के माध्यम से निविदा पृच्छा द्वारा अधिप्राप्ति न किए जाने पर होने वाला व्यय न्यायोचित है। विभागाध्यक्ष/कार्यालय अध्यक्ष द्वारा अत्यावश्यकता की प्रकृति तथा अधिप्राप्ति का पूर्वानुमान न लगाए जाने के कारण भी अभिलिखित किए जाएं।

(दो) जब सक्षम प्राधिकारी के पास पर्याप्त कारण हों, वहां अभिलिखित किया जाए कि विज्ञापन के माध्यम से निविदा पृच्छा द्वारा सामग्री की अधिप्राप्ति जनहित में नहीं होगी।

(तीन) जब स्रोतों की सुनिश्चित जानकारी हो और जिन स्रोतों का उपयोग किया जा रहा है, उनके अतिरिक्त नये स्रोत (स्रोतों) की सम्भावना बहुत कम है।

(चार) सीमित निविदा पृच्छा में निविदाएं प्रस्तुत करने के लिए निविदा सूचना की तिथि से कम से कम दो सप्ताह का समय दिया जाना चाहिए।

13. विज्ञापन द्वारा निविदा पृच्छा–

(1) रु0 25,00,000 (रु0 पच्चीस लाख) तथा उससे अधिक की अनुमानित लागत की सामग्री की अधिप्राप्ति के लिए कम से कम दो व्यापक परिचालन वाले राष्ट्रीय समाचार–पत्रों में विज्ञापन द्वारा निविदा आमन्त्रित की जाए। रु0 25,00,000 (रु0 पच्चीस लाख) से कम कीमत की सामग्री की अधिप्राप्ति, व्यापक परिचालन वाले स्थानीय समाचार–पत्र (पत्रों) और विशेष मामले में व्यापक परिचालन वाले एक राष्ट्रीय समाचार–पत्र में विज्ञापन के माध्यम से की जाये।

(2) निविदा पृच्छा राज्य सरकार/विभाग की वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाए तथा राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र (एन0आई0सी0) की वेबसाइट से भी सम्बद्ध होनी चाहिए।

(3) निविदा पृच्छा से सम्बन्धित सभी दस्तावेज, जिनमें निविदा की शर्तें और निबन्धन, अनुबन्ध का प्ररूप, सामग्री का विवरण और गुणवत्ता आदि होगी, पहले से ही तैयार किए जायें, दस्तावेज विभाग/संगठन की वेबसाइट पर रखे जायें और सम्भावित निविदादाताओं द्वारा वेबसाइट से उतारकर (डाऊनलोड) दस्तावेजों का उपयोग किया जाए। यदि वेबसाइट में रखे गए दस्तावेजों का कोई मूल्य हो तो निविदादाताओं के लिए स्पष्ट निर्देश होने चाहिएं कि निविदाएं प्रस्तुत करते समय उस मूल्य का भुगतान बैंक ड्राफ्ट या सरकार की ई–बैंकिंग सुविधाओं, यदि कोई हों, द्वारा किया जाए।

(4) यदि विभाग को प्रतीत हो कि अपेक्षित गुणवत्ता, विशिष्टताओं की सामग्री देश में उपलब्ध नहीं हो सकेगी और विदेश से उपयुक्त प्रतियोगी प्रस्तावों पर विचार करना आवश्यक है तो विभाग, निविदा सूचना की प्रतियां विदेश में भारतीय दूतावासों और भारत में विदेशी दूतावासों को भेज सकता है। दूतावासों का चयन इन देशों में अपेक्षित सामग्री की उपलब्धता की सम्भावना पर निर्भर करेगा।

(5) सामान्यतः निविदा प्रस्तुत करने के लिए न्यूनतम समय निविदा सूचना के प्रकाशन की तिथि से अथवा निविदा दस्तावेजों के बिक्री के लिए उपलब्ध होने की तिथि से तीन सप्ताह, इनमें जो भी बाद में हो, दिया जाए। यदि विभाग विदेशों से भी निविदाएं प्राप्त करने की अपेक्षा करता है तो देशी और विदेशी दोनों निविदाओं के लिए न्यूनतम अवधि चार सप्ताह होगी।

**12. Limited Tender Enquiry--**

(1) This method of Limited Tender Enquiry may be adopted when estimated value of the goods to be procured is upto Rs.15,00,000/- (Rs. Fifteen lakh).

(2) Copies of the bidding document should be sent directly by speed post/registered post/ courier/e-mail to more than three firms which are borne on the list of registered suppliers for the goods in question, so as to ensure that minimum three bids are received. Further, web based publicity should be given for a limited tender.

(3) It should be ensured that maximum possible approved suppliers are identified to obtain more responsive bids on competitive basis. To identify such suppliers, the mechanism of advertisement, publications in high circulation national newspaper and different web sites of concerned suppliers may be used.

(4) Purchase through limited tender enquiry may be adopted even where the estimated value of procurement is more than Rs.15,00,000/- (Rs. Fifteen lakh), in the following circumstances :--

(i) If the department certifies that the demand is urgent and additional expenditure involved by not procuring through advertised tender enquiry is justified in view of urgency. The Head of Department/ Head of Office should also put on record the nature of the urgency and the reasons why the procurement could not be anticipated.

(ii) When there are sufficient reasons, they should be recorded in writing by the Competent Authority, indicating that it will not be in public interest to procure the goods through advertised tender enquiry.

(iii) When the sources of supply are definitely known and possibility of fresh source(s) beyond those being tapped is remote.

(iv) In a limited tender enquiry, ordinarily, minimum two weeks time from the date of tender notice may be given for submitting the bids.

**13. Advertised Tender Enquiry--**

(1) Procurement of goods of estimated value of Rs.25,00,000/- (Rs. Twenty Five lakh) and above should be through invitation to tender by advertisement in at least two widely circulated National news papers. Procurement of goods of less than Rs.25,00,000/- (Rs. Twenty Five lakh) value should be through advertisement in widely circulated local, newspaper/newspapers and in case of any special need, in one widely circulated National newspaper.

(2) The tender enquiry should also be placed on the website of the State Government/ Department and have a hyperlink with the NIC website.

(3) All documents related to the tender enquiry should be prepared in advance, which would include the terms and conditions of tender, format of agreement, details and quality of goods etc. The documents should be placed on the department's/organization's website and prospective bidders should make use of the document downloaded from the website. If such a downloaded bidding document is priced, there should be clear instructions for the bidder to pay the amount by demand draft or available e-banking facilities of the Government (if any) parallel to submission of bids.

(4) Where the Department feels that the goods of the required quality, specifications etc. may not be available in the country and it is necessary to also look for suitable competitive offers from abroad, the department may send copies of the tender notice to the Indian embassies abroad as well as to the foreign embassies in India. The selection of embassies will depend on the possibility of availability of the required goods in such countries.

(5) Ordinarily, the minimum time to be allowed for submission of bids should be three weeks from the date of publication of the tender notice or availability of the bidding document for sale, whichever is later. Where the department also contemplates obtaining bids from abroad, the minimum period should be kept up to four weeks for both domestic and foreign bidders.

14. एकल स्रोत पृच्छा–

एकल स्रोत से अधिप्राप्ति/क्रय निम्नलिखित परिस्थितियों में किया जा सकेगा:–

(क) उपभोक्ता विभाग को इस बात की जानकारी है कि अपेक्षित सामग्री का विनिर्माण किसी एक विशेष फर्म द्वारा किया जाता है,

(ख) आपात स्थिति में, अपेक्षित सामग्री का किसी विशेष स्रोत से क्रय किया जाना आवश्यक है और ऐसे निर्णय लेने के कारण अभिलिखित करने होंगे तथा वह सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित हो,

(ग) मशीनों या ऐसे कल पुर्जों के मानकीकरण के लिए, जो विद्यमान उपकरणों में उपयोग किए जाने के लिए उपयुक्त हैं; सक्षम तकनीकी विशेषज्ञ के परामर्श तथा सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से अपेक्षित मदें केवल एक विशेष फर्म से ही खरीदी जा सकेगीं, और

(घ) ऐसे क्रय के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा निम्नलिखित प्रमाण–पत्र अभिलिखित किया जाना चाहिए :–

''अभीष्ट सामग्री/सेवाएं मैसर्स ____________________ द्वारा विनिर्मित/निष्पादित की जाती हैं। निम्नलिखित कारणों से कोई अन्य मेक/मॉडल स्वीकार्य नहीं है:–

..........................................................................................

पत्र/पत्रावली सं0 ____________________ दिनांक ____________

पर सक्षम प्राधिकारी की सहमति प्राप्त कर ली गई है।''

अधिप्राप्तिकर्ता प्राधिकारी के हस्ताक्षर ____________________

नाम ____________________

पदनाम ____________________

15. निविदा प्रणाली–

(1) एकल निविदा प्रणाली–ऐसी मदों की अधिप्राप्ति हेतु, जिनके लिए कोई पंजीकृत आपूर्तिकर्ता न हों, रु0 5,00,000 (रु0 पांच लाख) तक के क्रय के लिए एकल निविदा प्रणाली का विकल्प अपनाया जा सकता है, जिसमें सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए विहित प्रपत्र पर मदों की विशिष्टताएं और वित्तीय निविदा एक साथ प्रस्तुत की जाएं।

(2) दो निविदाओं वाली प्रणाली–जटिल एवं तकनीकी प्रकृति के महंगे उपस्कर, मशीनों आदि की अधिप्राप्ति हेतु निविदाएं दो भागों में आमन्त्रित की जा सकती हैं:–

(क) तकनीकी निविदाएं, जिसमें व्यापारिक शर्तों और निबन्धनों के साथ समस्त तकनीकी विवरण हो, और

(ख) वित्तीय निविदा में तकनीकी निविदा में उल्लिखित मदों के लिए मदवार मूल्य का उल्लेख होना चाहिए।

निविदादाता द्वारा तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा को अलग–अलग लिफाफों में मुहरबन्द कर तथा दोनों लिफाफों को, सम्यक् रूप से लिफाफों के ऊपर 'तकनीकी निविदा' अथवा 'वित्तीय निविदा' लिखकर एक बड़े मुहरबंद और सम्यक् रूप से अंकित, लिफाफे के अन्दर रख दी जानी चाहिए। इस प्रक्रिया के अधीन पहले तकनीकी निविदा को सक्षम समिति/प्राधिकारी द्वारा विहित तारीख एवं समय पर खोला जायेगा। समिति/प्राधिकारी द्वारा पूर्व परिभाषित विशिष्टताओं/प्रतिमानों के आधार पर तकनीकी निविदा का मूल्याँकन एवं श्रेणीकरण किया जायेगा और तकनीकी दृष्टि से अर्ह आपूर्तिकर्ताओं की सूची तैयार की जाएगी। केवल उन्हीं निविदादाताओं की वित्तीय निविदा का लिफाफा खोला जाएगा, जिन्होंने तकनीकी निविदा में अर्हता प्राप्त की है तथा शेष वित्तीय निविदाओं के लिफाफे नहीं खोले जायेंगे एवं सम्बन्धित निविदादाताओं को वापस कर दिए जायेंगे।

16. विलम्ब से प्राप्त निविदा–

विज्ञापन तथा सीमित निविदा के प्रकरणों में देर से प्राप्त (निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्राप्त) निविदाओं पर विचार न किया जाय।

17. इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से अधिप्राप्ति (ई–प्रॅक्योरमेन्ट)–

इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से अधिप्राप्ति (ई–प्रॅक्योरमेंट) में निम्नलिखित प्रक्रिया अपनायी जाय:–

**14. Single Source Enquiry--**

Procurement/Purchase from Single Source may be resorted to in the following circumstances:--

(a) It is in the knowledge of the user department that only a particular firm is the manufacturer of the required goods,

(b) In a case of emergency, the required goods are necessarily be purchased from a particular source and reasons for such a decision are to be recorded and approved by the Competent Authority,

(c) For standardization of machinery or spare parts to be compatible to the existing sets of equipment on the advice of a competent technical expert and approved by Competent Authority, the required items are to be purchased only from a selected firm, and

(d) For such purchases, the competent authority should record the following certificate:--

"The intended goods/services are manufactured/performed by M/s .................................. No other make or model is acceptable for the following reasons:

..........................................................................

..........................................................................

Concurrence of the competent authority has been obtained on Letter/File No.....................dated.................

Signature of Procuring Authority ..............................................

Name..............................................................................

Designation.......................................................................

**15. Bid System--**

**(1) Single Bid System--**For procurement of items having no registered suppliers, single bid system may be opted up to purchase limit of Rs. 5,00,000/- (Rs. Five lakh), in which specifications of items and financial bid may be quoted together on prescribed form issued by Competent Authority.

**(2) Two Bid System--**For procuring high value plant, equipment or machinery etc. of a complex and technical nature, bids may be invited in two parts:-

**(a) Technical bid--**The technical bid consisting of all technical details, along with commercial terms and conditions, and

**(b) Financial bid--**The financial bid should Indicate item-wise price for the items mentioned in the technical bid.

The technical bid and the financial bid should be sealed by the bidder in separate covers/duly superscribed and both those sealed covers will put in a bigger cover which should also be sealed and duly superscribed. The technical bids are to be opened by Competent Committee/Authority on specified date and time. The committee/authority shall evaluate and rank the technical bid based on already defined specifications/parameters and prepare the list of technically qualified bidders. The financial bids of only those bidders should be opened who have qualified in the technical bid for further evaluation in ranking and the remaining financial bids (Envelopes) will not be opened and as such returned to the bidders.

**16. Late Bids--**

In the case of advertised tender enquiry or limited tender enquiry, late bids (i.e. bids received after the specified date and time for receipt of bids) should not be considered.

**17. e-Procurement--**

The following procedure may be followed in case of e-Procurement:--

(1) क्रय समिति के सदस्यों के डिजिटल हस्ताक्षर एवं लॉग–इन एवं पासवर्ड को राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र (एन0आई0सी0) या भारत सरकार द्वारा अधिप्रमाणित किया जाएगा। ऐसी एजेन्सी द्वारा पंजीकृत आपूर्तिकर्ताओं का भी पंजीकरण उनके व्यय पर डिजिटल हस्ताक्षर एवं पासवर्ड हेतु किया जायेगा।

(2) खुली निविदा सूचना के प्रकरणों में निविदा हेतु सभी निविदादाताओं का प्राधिकृत वेबसाइट में पंजीकरण किया जाना अनिवार्य होगा। इस प्रकार पंजीकृत निविदादाताओं द्वारा अपने प्राधिकृत हस्ताक्षर और विनिर्दिष्ट लॉग इन प्रदान किया जाना चाहिए और एजेन्सी द्वारा ऐसे समस्त निविदादाताओं को पासवर्ड जारी किया जाएगा। राज्य की निविदा सम्बन्धी वेबसाइट पर निविदा की शर्तें एवं प्रतिबन्ध, तकनीकी विवरण, अनुबन्ध की शर्तें एवं प्रतिबन्ध आदि का विवरण उपलब्ध कराया जायेगा, ताकि निविदादाता सम्बन्धित अभिलेख डाउनलोड कर सके। शर्त यह होगी कि निविदा का मूल्य, वेबसाइट सम्बन्धी व्यय तथा धरोहर की धनराशि का भुगतान, जैसा कि सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित किया गया हो, डिमान्ड ड्राफ्ट या ई–बैंकिंग प्रक्रिया के द्वारा अग्रिम रूप से प्रस्तुत किये जाने पर ही निविदा स्वीकार की जायेगी।

(3) निविदादाता, निविदा के सम्बन्ध में वेबसाइट के माध्यम से निविदा खोले जाने के पूर्व सक्षम प्राधिकारी से अपनी जिज्ञासाओं/पृच्छाओं को रख सकता है, तथा उसी साइट पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा समयबद्ध ढंग से पृच्छाओं की स्थिति स्पष्ट की जायेगी।

(4) निविदा खोलने के लिए प्राधिकृत समिति/प्राधिकारी, निर्धारित तिथि एवं समय पर ही दिये गये लॉग–इन/पासवर्ड पर तकनीकी निविदा खोलेंगे, जिससे निर्धारित तिथि व समय से पूर्व में इसका विवरण अनाधिकृत व्यक्ति देख न सके।

(5) निर्धारित तारीख एवं समय पर तकनीकी निविदा खोलने तथा उसका तकनीकी मूल्याँकन एवं अन्य निर्णय करने के बाद तकनीकी दृष्टि से अर्ह निविदादाताओं का विवरण वेबसाइट पर उपलब्ध कराया जाय। इसके बाद निर्धारित तारीख एवं समय पर लॉग–इन एवं पासवर्ड दिये जाने पर ऐसे अर्ह निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदा खोली जा सकेगी।

(6) तकनीकी एवं वित्तीय मूल्यांकन के आधार पर ही अन्तिम रूप से आपूर्ति करने वाले निविदादाता का चयन किया जाएगा एवं आपूर्ति आदेश बेवसाइट के माध्यम से डिजिटल हस्ताक्षर का प्रयोग करते हुए किया जाय।

(7) विभाग के लिए सूचना प्रौद्योगिकी पर आधारित अधिप्राप्ति एजेंसी तथा उसके कार्यान्वयन की तिथि शासन द्वारा अधिसूचित की जायेगी।

18. निविदा विषयक प्रस्तावों से सम्बन्धित दस्तावेजों का विवरण–

(1) निविदा सम्बन्धी प्रस्ताव के दस्तावेज को, जिसमें सभी शर्तें, दस्तावेजों, प्रतिबन्ध, आवश्यकतायें एवं सूचनायें निहित हों, निम्नानुसार उपयुक्त अध्यायों में दर्शाया जायेगा:–

अध्याय–1 : निविदादाताओं हेतु निर्देश;

अध्याय–2 : अनुबन्ध की शर्तें एवं प्रतिबन्ध;

अध्याय–3 : सामग्री/सेवा के मांग के विवरण;

अध्याय–4 : सामग्री की विशिष्टियां एवं सम्बन्धित तकनीकी विवरण;

अध्याय–5 : मूल्य सारणी (सूची) (निविदादाताओं के द्वारा मूल्य प्रस्तुत/इंगित करने के प्रयोगार्थ);

अध्याय–6 : संविदा/अनुबन्ध के प्ररूप/प्रपत्र;

अध्याय–7 : क्रेता एवं निविदादाता के उपयोग के लिए अन्य मानक प्रपत्र या प्ररूप, यदि कोई हों।

(2) निविदा दस्तावेज स्वतः स्पष्ट, पूर्ण तथा विशिष्ट व सरल भाषा में होना आवश्यक है। निविदादाता की वित्तीय प्रास्थिति, आपूर्ति का स्थान एवं समय, दण्डात्मक धाराओं तथा न्यायालय के क्षेत्राधिकार आदि में कोई अस्पष्टता नहीं होनी चाहिए।

19. रखरखाव का अनुबन्ध–

क्रय की जाने वाली सामग्री की लागत तथा उसकी प्रकृति को दृष्टि में रखते हुए, यदि आवश्यक हो तो ऐसी सामग्री के रखरखाव हेतु भी निश्चित अवधि की संविदा, सामग्री के आपूर्तिकर्ता अथवा आपूर्तिकर्ता से भिन्न सक्षम फर्म के साथ की जाय। अनुरक्षण संविदा की आवश्यकता परिष्कृत एवं मंहगे उपस्कर और मशीनों में होती है। परन्तु यह ध्यान दिया जाए कि उपकरणों/मशीनों की वारन्टी अवधि में अथवा बढाई गई अवधि में, जैसा कि संविदा की शर्तों में उपबंधित हो, आपूर्तिकर्ता द्वारा निःशुल्क रखरखाव किया जाएगा और भुगतान रखरखाव के उपरान्त ही किया जाये।

(1) The digital signature, login and password of each member of the purchase committee shall be authenticated by N.I.C. or any other agency approved by the Government of India. The registered suppliers should also be registered with such agency for their signature and password at their own cost.

(2) In case of open tender enquiry, all bidders must be registered on authorized website for the tender. The registered bidders must provide the authorized signature and specific login and password shall be issued to all such bidders by the agency. The terms and conditions of tender agreement, technical details, conditions of agreement and restrictions etc. will be placed on the website of the State, so that, bidders can download the relevant documents. The tender documents shall only be accepted, when the bidders submit the cost of tender, cost related to website and earnest money etc. either through demand draft or e-banking in advance.

(3) The bidders may put their enquiries/queries on prescribed website and time bound clarification shall be given by the Competent Authority through website.

(4) The authorized committee/authority shall open the technical bid under given login/password on specified date and time, so that, no unauthorized person may see the details before the given time and date.

(5) After opening the technical bid, technical evaluation of the technical bid and other decisions for technically qualified bidders should be placed on the same website. The financial bids can be opened under log-in and password on specified date and time for such qualified bidders only.

(6) On the basis of technical and financial evaluation, the final bidders shall be selected and supply orders will be placed through website, using digital signature.

(7) The agency of e-procurement and date of implementation of e-procurement for the Department will be notified by the Government.

**18. Contents of Bidding Documents--**

(1) All the terms, conditions, stipulations and information to be incorporated in the bidding document are to be shown in the appropriate chapters as below :--

Chapter-1--Instructions to bidders.

Chapter-2--Conditions of contract and restrictions.

Chapter-3--Details of demand of goods/services.

Chapter-4--Specification and allied technical details.

Chapter-5--Price Schedule (to be utilized by the bidders for quoting their prices)

Chapter-6--Format/Pro-forma of Contract/Agreement.

Chapter-7--Other standard forms, if any, to be utilized by the purchaser and bidders.

(2) The bidding documents should be self contained and in simple and specified language. Financial status of bidders, place and time of delivery, punishment clauses and court jurisdictions etc. must be without ambiguity.

**19. Maintenance Contract--**

Depending on the cost and nature of the goods to be purchased, it may also be necessary to enter into maintenance contract(s) of suitable period either with supplier of the goods or with any other competent firm, not necessarily the supplier of the subject goods. Such maintenance contracts are specially needed for sophisticated and costly equipment and machinery. It may however be kept in mind that the equipment/ machinery is maintained free of charge by the supplier during its warranty period or such other extended period as the contract terms may provide and the paid maintenance should commence only thereafter.

20. निविदा प्रतिभूति अथवा धरोहर धनराशि–

(1) विज्ञापन या सीमित निविदा पृच्छा के प्रकरण में निविदा देने के बाद निविदा वापस लेने या वैध अवधि में निविदा में परिवर्तन करने के सापेक्ष सुरक्षा प्रदान करने की दृष्टि से निविदादाताओं से, उनको छोड़कर जिन्हें विधि एवं नियमों के विशिष्ट प्राविधानों के अन्तर्गत छूट दी गई हो, निविदा प्रतिभूति (जिसे धरोहर धनराशि कहा जाता है) ली जाएगी। निविदा प्रतिभूति सामान्यतः सामग्री के अनुमानित मूल्य के 2 से 5 प्रतिशत तक ली जाएगी। प्रतिशत का निर्धारण सामग्री के सम्पूर्ण मूल्य पर निम्नानुसार निर्धारित किया जायेगा:–

| | | |
|---|---|---|
| (एक) | रु0 1.00 लाख तक | 5 प्रतिशत |
| (दो) | रु0 1.00 लाख से रु0 5.00 लाख तक | 4 प्रतिशत |
| (तीन) | रु0 5.00 लाख से रु0 25.00 लाख तक | 3 प्रतिशत |
| (चार) | रु0 25.00 लाख से अधिक | 2 प्रतिशत |

(2) इन दरों का शासन द्वारा समय–समय पर पुनरीक्षण किया जा सकता है। धरोहर धनराशि को डिमाण्ड ड्राफ्ट, सावधि जमा रसीद, बैंकर्स चेक, बैंक गारन्टी या संगठन में ई–बैंकिंग सुविधा होने पर, तद्नुसार निर्धारित स्वरूप में, जैसा भी सक्षम प्राधिकारी की सन्तुष्टि तथा क्रेता के हितों की सभी प्रकार से सुरक्षा के लिए आवश्यक हो, जमा किया जा सकेगा। सामान्यतः धरोहर धनराशि की वैधता निविदा की अंतिम वैध अवधि के पश्चात् 45 दिन होगी परन्तु इस अवधि को आवश्यकतानुसार बढ़ाया जा सकता है।

(3) असफल निविदादाताओं की निविदा प्रतिभूति उसकी अन्तिम वैधता अवधि की समाप्ति पर यथाशीघ्र, परन्तु सम्बधित विभाग/प्राधिकारी द्वारा संविदा करने के उपरान्त 30 (तीस) दिन के अन्तर्गत ही सम्बन्धित निविदादाताओं को लौटा देनी चाहिए।

21. कार्यपूर्ति प्रतिभूति–

(1) संविदा के सम्यक् रूप से निष्पादन को सुनिश्चित करने के लिए सफल निविदादाता, जिसके पक्ष में संविदा दी गई हो, से कार्यपूर्ति प्रतिभूति (धरोहर) ली जाएगी। कार्यपूर्ति धरोहर प्रत्येक सफल निविदादाता से, उनके पंजीकरण की प्रास्थिति आदि पर ध्यान दिये बगैर, ली जायेगी। अनुबन्ध में निहित धनराशि के मूल्य को दृष्टि में रखते हुए कार्यपूर्ति प्रतिभूति संविदा के मूल्य की 5 प्रतिशत से 10 प्रतिशत होनी चाहिए। कार्यपूर्ति प्रतिभूति वाणिज्यिक बैंक से निर्गत आदाता के नाम (एकाउन्ट पेई) डिमाण्ड ड्राफ्ट, सावधि जमा रसीद या बैंक गारन्टी, जिस स्वरूप में विभाग/सक्षम प्राधिकारी के हित सभी प्रकार से सुरक्षित करने के लिए आवश्यक हो, ली जाय।

(2) कार्यपूर्ति धरोहर आपूर्तिकर्ताओं/निविदादाताओं के संविदा से संबंधित सभी दायित्वों को, जिनमें वारन्टी सम्बन्धी दायित्व सम्मिलित हैं, पूर्ति करने की अवधि पूरी करने के दिवस से 60 दिन बाद तक वैध होना आवश्यक है।

(3) सफल निविदादाता द्वारा कार्यपूर्ति धरोहर प्रस्तुत करने के बाद उसकी निविदा प्रतिभूति वापिस कर दी जाय।

22. आपूर्तिकर्ता को अग्रिम भुगतान–

(1) सामान्यतः आपूर्ति/सेवायें पूर्ण करने के बाद ही भुगतान किया जाय, परन्तु निम्नलिखित परिस्थितियों में अग्रिम भुगतान की व्यवस्था की जा सकती है:–

(एक) एयरकन्डीशनर, कम्प्यूटर या अन्य कीमती उपकरणों आदि के रखरखाव हेतु सम्बन्धित रखरखावकर्ता अनुबन्धित फर्म द्वारा माँग करने पर;

(दो) ऐसी फर्म, जो निर्माण संविदा (फैब्रिकेशन) पर हो, आद्योपांत संविदा (टर्न–की) पर हो, की माँग पर।

(2) इस प्रकार के अग्रिम भुगतान की सीमायें निम्नानुसार होंगी :–

(क) निजी फर्मों को, अनुबन्ध के मूल्य का 30 प्रतिशत।

(ख) राज्य/केन्द्र सरकार की इकाई या राज्य/केन्द्र सरकार के सार्वजनिक उपक्रम हेतु, अनुबन्ध के मूल्य का 40 प्रतिशत।

(ग) अनुरक्षण/रखरखाव संविदा के प्रकरण में संविदा की शर्तों के अधीन अग्रिम धनराशि 6 माह में देय धनराशि से अधिक नहीं होनी चाहिए।

(3) पर्याप्त सुरक्षा आदि को दृष्टि में रखते हुए वित्त विभाग की सहमति से प्रशासनिक विभाग उपरोक्त दरों को शिथिल कर सकता है। उपरोक्तानुसार किसी भी प्रकार के अग्रिम स्वीकृत करते समय पर्याप्त सुरक्षा की दृष्टि से फर्म से बैंक गारन्टी आदि प्राप्त की जाय।

**20. Bid Security or Earnest Money--**

(1) To safeguard against a bidder's withdrawing/altering its bid during the bid validity period in the case of advertised or limited tender enquiry, bid security (also known as earnest money) is to be obtained from the bidders except those who are exempted under specific provisions of law or rules. Amount of bid security should ordinarily range between 2% to 5%. The given percentage will depend on the total cost of the goods as follows :--

(i) Upto Rs. 1 lakh - 5%,

(ii) Rs. 1 lakh to 5 lakh - 4%,

(iii) Rs. 5 lakh to 25 lakh - 3% and,

(iv) Above Rs. 25 lakh -2% shall be charged.

(2) From time to time the Government may revise such rates. The bid money should be pledged in the name of Government/authority in the form of demand draft or fixed deposit receipt or Bankers cheque or Bank guarantee or deposited in given heads of account through e-banking (if any) to the satisfaction of the competent authority safeguarding the interest of the purchaser in all respects. The bid security is normally to remain valid for a period of 45 days beyond the final bid validity period and the period may also be extended.

(3) Bid securities of the unsuccessful bidders should be returned to them at the earliest after expiry of the final bid validity but not later than 30 days after the award of the contract by the concerned department/authority.

**21. Performance Security--**

(1) To ensure due performance of the contract, performance security is to be obtained from the successful bidder who has been awarded the contract. Performance security is to be obtained from every successful bidder irrespective of their registration status etc. Performance security should be for an amount which is 5 to 10% of the value of the contract. Performance security may be furnished in the form of account payee demand draft, fixed deposit receipt from commercial bank, Bank Guarantee in an acceptable form safeguarding the department/competent authority's interest in all respects.

(2) Performance security should remain valid for a period of 60 days beyond the date of completion of all contractual obligations of the suppliers/bidders including warranty obligations.

(3) Bid security should be refunded to the successful bidder on receipt of performance security.

**22. Advance Payment to Supplier--**

(1) Ordinarily, payments for services rendered or supplies made, should be released only after the services have been rendered or supplies made. However, it may become necessary to make advance payments in the following types of cases:--

(i) Advance payment demanded by firms holding maintenance contract for servicing of Air-conditioners, Computers, other costly equipments etc.

(ii) Advance payment demanded by firms against fabrication contracts, turn-key contracts etc.

(2) Such advance payments should not exceed the following limits:--

(a) 30% of the contract value to private firms.

(b) 40% of the contract value to a State/Central Government agency or a public undertaking agency.

(c) In case of maintenance contract, the amount should not exceed the amount payable for six months under the contract.

(3) With adequate safeguards, the administrative department with the consent of Finance Department, may relax the rates. While making any advance payment as above adequate safeguard in the form of bank guarantee etc. should be obtained from the firm.

23. आपूर्तिकर्ता को आँशिक भुगतान–

यदि संविदा में आपूर्ति की शर्तों में यह उल्लेख किया गया हो कि सम्बन्धित फर्म द्वारा अपने परिसर से सामग्री रवाना (डिस्पैच) करने के दस्तावेज प्रस्तुत करने पर उसे आंशिक भुगतान किया जायेगा, तो सम्बन्धित दस्तावेज के आधार पर आपूर्तिकर्ता/फर्म को अग्रिम आंशिक भुगतान किया जा सकेगा।

24. अधिप्राप्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता, प्रतिस्पर्धा, निष्पक्षता बनाये रखना तथा स्वेच्छाचारिता दूर करना–

(1) सभी शासकीय क्रय पारदर्शी, प्रतिस्पर्धात्मक तथा निष्पक्ष ढंग से सम्पादित किये जायं, ताकि व्यय की जाने वाली धनराशि का सबसे अच्छा मूल्य प्राप्त हो सके। ऐसा करने से भावी निविदादाता पूर्ण विश्वास के साथ प्रतिस्पर्धात्मक दरें प्रस्तुत कर सकेंगे।

(2) उपरोक्त विशिष्टताओं को सुनिश्चित करने के लिए कुछ उपाय निम्नवत् हैं :–

(एक) निविदा दस्तावेज का विषय स्वयं में पूर्ण, विषद, स्वतः स्पष्ट हो। निविदादाता द्वारा प्रभावी निविदा प्रस्तुत करने के लिए सभी आवश्यक सूचनायें, जो निविदादाता को स्पर्धात्मक निविदा प्रस्तुत करने हेतु आवश्यक हों, सरल भाषा में स्पष्ट रूप से लिखी जायें। निविदा विषयक दस्तावेजों में अन्य बातों के साथ–साथ निम्नलिखित बिन्दु अन्तर्निहित होने चाहियें:–

(क)निविदादाताओं के लिए आवश्यक अर्हता तथा पात्रता के मापदण्ड–जैसे न्यूनतम स्तर का अनुभव कितना है, विगत कार्यपूर्ति (परफारमेंस), तकनीकी कार्यक्षमता, विनिर्माण की सुविधायें, वित्तीय स्थिति आदि, जिनका निविदादाता द्वारा पूरा किया जाना आवश्यक होगा,

(ख)सामग्री के लिए अर्हताओं का मापदण्ड, जिसमें सामग्रियों के उद्‌गम आदि विषयक विधिक प्रतिबन्ध/शर्तें दर्शायी गयी हों, जिन्हें सफल निविदादाता द्वारा पूर्ण करना आवश्यक होगा,

(ग) निविदाएं भेजने की प्रक्रिया एवं साथ ही तिथि, समय तथा स्थान,

(घ) निविदाएं खोलने की तिथि, समय एवं स्थान,

(च) आपूर्ति हेतु शर्तें,

(छ) अन्य विशिष्ट शर्तें, जो कार्यपूर्ति को प्रभावित करती हों, और

(ज) निविदादाता की सुविधा के लिए निविदा दस्तावेज में इस आशय का उपयुक्त प्राविधान रखा जाय ताकि निविदादाता निविदा की शर्तों, निविदा की प्रक्रिया तथा/अथवा निविदा अस्वीकार करने की प्रकिया पर चुनौती/आक्षेप कर सके।

(दो) परिणामी अनुबन्ध/संविदा से उत्पन्न होने वाले विवादों के निस्तारण के लिए उपयुक्त प्राविधान निविदा दस्तावेज में अन्तर्निहित होने चाहिएं।

(तीन) निविदा दस्तावेजों में यह स्पष्ट उल्लेख किया जाना चाहिए कि परिणामी अनुबन्ध की व्याख्या भारतीय कानूनों के अधीन की जायेगी।

(चार) निविदादाताओं को निविदाएं प्रेषित करने हेतु पर्याप्त समय दिया जाए।

(पाँच) निविदा को सार्वजनिक स्थान पर खोला जाये तथा निविदादाताओं के अधिकृत प्रतिनिधियों को निविदा खोलते समय उपस्थित होने की अनुमति दी जाए।

(छः) अपेक्षित सामग्रियों की विशिष्टियों का उल्लेख, बिना किसी अस्पष्टता के, सुस्पष्टता से किया जाए जिससे कि भावी निविदादाता अर्थपूर्ण निविदाएं प्रेषित कर सकें। पर्याप्त संख्या में निविदादाताओं को आकृष्ट करने के लिए विभिन्न विशिष्टियाँ, जहाँ तक साध्य हों, वृहद् आधार पर होनी चाहिएं। यह भी प्रयास किया जाए कि विभिन्न विशिष्टियों के मानकों का उल्लेख उसी स्वरूप में किया जाय जो सामान्य रूप से उस उद्योग में प्रचलित हों।

(सात) निविदा पूर्व सम्मेलन (प्री–बिड कान्फ्रेन्स) विभिन्न मूल्यवान एवं परिष्कृत उपकरणों की अधिप्राप्ति के सम्बन्ध में आद्योपान्त दस्तावेजों (टर्न–की) संविदाओं अथवा विशिष्ट प्रकृति की संविदाओं में निविदा दस्तावेजों में संयन्त्र, मशीन तथा साजसज्जा की विशिष्टियों तथा तद्‌विषयक अन्य तकनीकी विवरणों से सम्बन्धित विभिन्न बिन्दुओं तथा संदेहों को यदि कोई हो, स्पष्ट करने के लिए निविदा के पूर्व सम्मेलन (प्री–बिड कान्फ्रेन्स) का उपयुक्त प्राविधान किया जाय। प्री–बिड सम्मेलन (कॉन्फ्रेन्स) के स्थान, समय एवं तिथि निविदा दस्तावेजों में स्पष्ट अंकित हों। यह तिथि निविदा खोलने से पर्याप्त समय पहले की होनी चाहिए।

(आठ) समान मंच (प्लेटफार्म) पर निविदाएं अभिक्रियात्मक होने का निर्धारण करने, निविदाओं के मूल्याँकन करने तथा न्यूनतम निविदादाता को निविदा प्रदत्त (अवार्ड) करने से सम्बन्धी बिन्दुओं व कारणों का निविदा अभिलेखों में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाए।

**23. Part Payment to Suppliers--**

Depending on the terms of delivery incorporated in a contract, part payment to the supplier may be released after it dispatches the goods from its premises under the contract.

**24. Transparency, Competition, Fairness and Elimination of Arbitrariness in the Procurement Process--**

(1) All government purchases should be made in transparent, competitive and fair manner, to secure best value for money. This will also enable the prospective bidders to formulate and send their competitive bids with confidence.

(2) Some of the measures for ensuring the above are as follows :--

(i) The text of the bidding document should be self-contained and comprehensive without any ambiguities. All essential information, which a bidder needs for sending a responsive bid, should be clearly spelt out in the bidding document in simple language. The bidding document should contain, inter alia :--

- (a) The criteria for eligibility and qualifications to be met by the bidders such as minimum level of experience, past performance, technical capability, manufacturing facilities and financial position etc,
- (b) Eligibility criteria for goods indicating any legal restrictions/ conditions about the origin of goods etc. which may need to be met by the successful bidder,
- (c) The procedure as well as date, time and place for sending the bids,
- (d) Date, time and place of opening of the bids,
- (e) Terms of delivery,
- (f) Any special terms affecting performance, and
- (g) Suitable provisions should be kept in the bidding document to enable a bidder to question the bidding conditions, bidding process and/or rejection of its bid.

(ii) Suitable provisions for settlement of disputes, if any, emanating from the resultant contract, should be kept in the bidding document.

(iii) The bidding document should clearly indicate that the resultant contract will be interpreted under Indian Laws.

(iv) The bidders should be given sufficient time to send their bids.

(v) The bids should be opened in public and authorized representatives of the bidders should be permitted to attend the bid opening.

(vi) The specifications of the required goods should be clearly stated without any ambiguity, so that the prospective bidders can send meaningful bids. In order to attract sufficient number of bidders, the specification should be broad based to the extent feasible. Efforts should also be made to use standard specifications which are widely known to the industry

(vii) Pre-bid conference--In case of turn-key contract(s) or contract(s) of special nature for procurement of sophisticated and costly equipments, a suitable provision is to be kept in the bidding documents for a pre-bid conference for clarifying issues and clearing doubts, if any, about the specifications and other allied technical details of the plant, equipment and machinery projected in the bidding document. The date, time and place of pre-bid conference should be indicated in the bidding document. This date should be sufficiently ahead of the bid opening date.

(viii) Criteria for determining responsiveness of bids, criteria as well as factors to be taken into account for evaluating the bids on a common platform and the criteria for awarding the contract to the responsive lowest bidder should be clearly indicated in the bidding document.

(नौ) प्राप्त निविदाओं का मूल्याँकन उन्ही शर्तों पर किया जाए जो शर्तें पहले से निविदा दस्तावेजों में दी गई हों। कोई ऐसी नई शर्त पर, जो निविदा दस्तावेजों में सम्मिलित नहीं हों, निविदा के मूल्याँकन के समय विचार नहीं किया जाए।

(दस) प्राप्त निविदाओं के अनुक्रियात्मक/उपयुक्त होने का निर्धारण बिना किसी वाह्य साक्ष्य अथवा किसी मौखिक विचार विमर्श के, निविदा दस्तावेजों की अन्तर्वस्तु पर ही आधारित हो।

(ग्यारह) निविदाओं की प्राप्ति हेतु निर्धारित तिथि एवं समय के बाद निविदादाता को निविदाओं में किसी भी प्रकार के परिवर्तन या संशोधन की अनुमति न दी जाय।

(बारह) निविदा खोलने के बाद किसी भी प्रकार के परक्रामण (नेगोशिएशन) को हर तरह से हतोत्साहित किया जाय, परन्तु, अपरिहार्य परिस्थितियों में, यदि तदर्थ अधिप्राप्ति आवश्यक हो, तो मूल्यों पर परक्रामण (नेगोशिएशन) मात्र न्यूनतम दर देने वाले निविदादाता से किया जा सकता है।

(तेरह) शासन की विशिष्टि अनुज्ञा से दर संविदा प्रणाली के अन्तर्गत जहाँ एक ही सामग्री के लिए अनेक फर्मों से दर अनुबन्धित किया गया हो वहाँ परक्रामण (नेगोशिएशन) तथा दरों के प्रति प्रस्ताव (पुनः प्रस्ताव) की सरकार की विशिष्ट अनुमति के अधीन, निविदादाताओं को अनुमति दी जा सकती है।

(चौदह) संविदा सामान्यतः न्यूनतम दर प्रस्तुत करने वाले ऐसे निविदादाता को प्रदत्त (एवार्ड) की जाए, जो निविदा से सम्बन्धित दस्तावेजों में निहित सभी शर्तों तथा प्रतिबन्धों के अधीन संविदा को सन्तोषजनक रूप से पालन करने हेतु अर्ह, पात्र तथा योग्य हो। फिर भी जहाँ न्यूनतम स्वीकृत निविदादाता सामग्री की पूर्ण मात्रा को आपूर्ति करने की स्थिति में न हो तो शेष सामग्री की मात्रा, जहाँ तक सम्भव हो, उससे ठीक उच्च दर वाले पात्र निविदादाता को आपूर्ति आदेश देकर न्यूनतम निविदा दरों पर की जा सकती है।

(पन्द्रह) सफल निविदादाता एवं संविदा की धनराशि विषयक सूचना विभागीय नोटिस बोर्ड/बुलेटिन/विभाग की वैबसाइट पर प्रदर्शित की जाए।

25. लोक अधिप्राप्ति प्रणाली को सक्षम, मितव्ययी एवं उत्तरदायी बनाना–

राजकीय अधिप्राप्ति प्रकिया में दक्षता, मितव्ययता तथा उत्तरदायित्व को भी सुनिश्चित किया जाए। इसकी प्राप्ति हेतु निम्नलिखित का पालन किया जाए :–

(क) विलम्ब को कम करने के लिये विभाग द्वारा पहले से अधिप्राप्ति के प्रत्येक चरण की समुचित समय सारणी निर्धारित की जाय। इस प्रकार की समय सारणी क्रय करने वाले कार्मिकों को अधिक सतर्क बनायेगी।

(ख) इसे दृष्टि में रखते हुए कि निर्णय करने एवं संविदा प्रदान करने में कम से कम समय लगे, प्रत्येक सम्बन्धित विभाग/विभागाध्यक्ष द्वारा, सक्षम प्राधिकारी की अनुमति से, अधिकारों का समुचित प्रतिनिधायन किया जा सकता है ताकि निचले स्तर के अधिकारियों को समयबद्ध कार्य करने की शक्ति प्राप्त हो।

(ग) सम्बन्धित विभाग/सक्षम प्राधिकारी द्वारा निविदा की मूल वैधता अवधि में संविदा सम्पादित की जाय। निविदा की वैधता की अवधि बढ़ाने को हतोत्साहित किया जाय तथा केवल असाधारण परिस्थितियों में ही ऐसा किया जाय।

26. वर्तमान सामग्री के "बदले आपूर्ति" (बाई–बैक ऑफर)–

यदि सक्षम प्राधिकारी की अनुमति से यह निर्णय लिया जाय कि वर्तमान में उपलब्ध पुरानी सामग्री को नई तथा बेहतर गुणवत्ता वाली सामग्री से बदला जाय तो विभाग वर्तमान पुरानी सामग्री का नई सामग्री के क्रय करते समय व्यापार कर सकता है। इस उद्देश्य हेतु निविदा दस्तावेजों में यथोचित प्रस्तर रखा जाय ताकि भावी एवं इच्छुक निविदादाता तद्नुसार अपनी निविदा को संरचित कर सकें। इस प्रकार व्यापार की जाने वाली सामग्री के सफल निविदादाता को हस्तान्तरण का समय व तरीका आदि महत्वपूर्ण विवरणों के साथ यथोचित रूप से निविदा दस्तावेजों में सम्मिलित किया जाय। निविदा दस्तावेजों के प्राविधानों में इस बात का भी स्पष्ट प्राविधान किया जाय कि क्रेता नयी सामग्री क्रय करते समय पुरानी सामग्री का व्यापार करे या न करे, यह उसका निर्णय होगा।

## अध्याय–3

## निर्माण कार्यों की अधिप्राप्ति

27. निर्माण कार्यों की अधिप्राप्ति–

(1) इस अध्याय में जहाँ विशिष्ट प्रक्रिया निर्धारित है, उसको छोड़कर, कार्य विषयक अधिप्राप्ति के सामान्य सिद्धान्त वही होंगे, जैसा अध्याय–1 और 2 में दिये गये हैं। निविदा प्राप्त करने की प्रक्रिया, यथा ई–प्रॅक्योरमेन्ट, निविदा दस्तावेजों की विषयवस्तु, अनुरक्षण संविदा, धरोहर धनराशि, कार्यपूर्ति धरोहर, पारदर्शिता के सिद्धान्त, स्वेच्छाचारिता, कार्य कुशलता, मितव्ययिता और जवाबदेही के सिद्धान्तों से सम्बन्धित प्रक्रिया, जो अध्याय–2 में निर्धारित की गयी है, वह यथावत् निर्माण कार्यों हेतु भी लागू होगी।

(ix) Bids received should be evaluated in terms of the conditions already incorporated in the bidding document: no new condition, which was not incorporated in the bidding document, should be brought in for evaluation of the bids.

(x) Determination of a bid's responsiveness should be based on the contents of the bid itself without recourse to extrinsic evidence or oral discussions.

(xi) Bidders should not be permitted to alter and modify their bids after expiry of the deadline for receipt of bids.

(xii) Negotiation with bidders after bid opening must be severely discouraged. However, in exceptional circumstances where price negotiation against ad-hoc procurement is necessary due to some unavoidable circumstances, the same may be resorted to only with the lowest evaluated responsive bidder.

(xiii) In the rate contract system, where a number of firms are brought on rate contract for the same item, negotiation as well as counter offering of rates is permitted to the bidders under specific permission of the Government.

(xiv) Contract should ordinarily be awarded to the lowest evaluated bidder whose bid has been found to be responsive and who is eligible and qualified to perform the contract satisfactorily as per the terms and conditions incorporated in the corresponding bidding document. However, where the lowest acceptable bidder is not in a position to supply the full quantity required, the remaining quantity, as far as possible, be ordered from the next higher responsive bidder at the rates offered by the lowest responsive bidder.

(xv) The name of the successful bidder and contract amount should be mentioned in the departmental notice board/bulletin/website.

**25. Efficiency, Economy and Accountability in Public Procurement System--**

Public procurement procedure should also ensure efficiency, economy and accountability in the system. To achieve this, the following key areas should be addressed :--

(a) To reduce delay, appropriate time frame for each stage of procurement should be prescribed by the department. Such a time frame will also make the concerned purchase officials more alert.

(b) To minimize the time needed for decision making and placement of contract, every department/head of department, with the approval of the competent authority, may delegate, wherever necessary, appropriate purchasing powers to the lower functionaries.

(c) The department/competent authority should ensure placement of contract within the original validity of the bids. Extension of bid validity must be discouraged and resorted to only in exceptional circumstances.

**26. Buy-Back Offer--**

When it is decided with the approval of the Competent Authority to replace an existing old item(s) with a new and better version, the department may trade the existing old item while purchasing the new one. For this purpose, a suitable clause is to be incorporated in the bidding document so that the prospective and interested bidders formulate their bids accordingly. Depending on the value and condition of the old item to be traded, the time as well as the mode of handing over the old item to the successful bidder should be decided and relevant details in this regard suitably incorporated in the bidding document. Further, suitable provisions should also be kept in the bidding document to enable the purchaser either to trade or not to trade the item while purchasing the new one.

## CHAPTER-3

### Procurement of Works

**27. Procurement of Works--**

(1) General principles for procurement of works shall be the same as in Chapter-1 and 2 except where specific procedure has been described in this chapter. The procedures for obtaining bids/tenders, e-procurement, contents of bidding documents, maintenance contract, earnest money, performance security and principles of transparency, arbitrariness, efficiency, economy, and accountability shall be applicable for the procurement of works/construction as well.

(2) निर्माण कार्यों हेतु सक्षम प्राधिकारी–

निर्माण कार्यों की अधिप्राप्ति के लिए सक्षम प्राधिकारी वही होगा, जैसा वित्तीय हस्त पुस्तिका, खण्ड 1; वित्तीय हस्त पुस्तिका खण्ड–6, के अधीन विभाग/सरकार/सक्षम प्राधिकारी द्वारा विनिर्दिष्ट किया गया हो। जहाँ कोई बिन्दु इन नियमों से आच्छादित न हो, वहाँ अधिप्राप्ति वित्त विभाग की सहमति से की जायेगी।

(3) कार्यों के निष्पादन की शक्तियाँ–

विभागों अथवा संगठनों, के अनुसार जिन्हें कार्य के निष्पादन की शक्ति प्रदान की गई है, प्रतिनिधानित शक्तियों के द्वारा शक्ति का प्रयोग करेंगे। कोई प्रकरण, जो इस नियमावली से आच्छादित न होता हो, उसे शासन के वित्त विभाग द्वारा स्पष्ट किया जायेगा, जैसाकि उपरोक्त उपनियम (2) में उल्लिखित है।

28. कार्यों हेतु भावी नियोजन–

प्रत्येक विभाग द्वारा आने वाले 5 वर्षों में की जाने वाले विभिन्न प्रकृति के कार्यों हेतु कार्ययोजना बनायी जाय, जिसमें प्रतिवर्ष पुनरीक्षण की व्यवस्था की जाय, ताकि, यदि कोई संशोधन अपेक्षित हो, तो किया जा सके।

29. निर्माण कार्य की कार्यविधि–

किसी निर्माण कार्य के क्रियान्वयन, जिसमें अधिप्राप्ति की योजना भी सम्मिलित है, में सामान्यतः निम्नलिखित चरणों का पालन किया जाय :–

(एक) प्रारम्भिक परियोजना रिपोर्ट (प्रिलिमिनरी प्रोजेक्ट रिपोर्ट) बनाया जाना,

(दो) आवश्यकताओं की स्वीकारोक्ति,

(तीन) प्रशासनिक अनुमोदन,

(चार) वित्तीय संस्वीकृति,

(पाँच) विस्तृत परियोजना आख्या (डी0पी0आर0) एवं विस्तृत प्राक्कलन तैयार करना,

(छः) तकनीकी संस्वीकृति,

(सात) धनराशि का विनियोग,

(आठ) निविदा दस्तावेजों को तैयार करना,

(नौ) निविदायें आमंत्रित करना एवं कार्य स्वीकृत (एवार्ड) करना,

(दस) निर्माण कार्य का क्रियान्वयन,

(ग्यारह) निर्माण कार्य का अनुश्रवण, गुणवत्ता एवं विश्वसनीयता सुनिश्चित करना,

(बारह) संतोषजनक कार्य पूर्ण होना, और

(तेरह) निर्मित आस्तियों का अनुरक्षण।

टिप्पणी–रु0 5,00,000 (रु0 पांच लाख) तक के मरम्मत कार्यों की संस्वीकृति प्रारम्भिक परियोजना विवरण के आधार पर भी दी जा सकेगी।

30. नये कार्य, मरम्मत, अनुरक्षण आदि संबंधी प्रक्रिया–

किसी नये कार्य, मरम्मत, अनुरक्षण आदि के प्रारम्भ करने के पूर्व निम्नलिखित सिद्धान्तों का पालन किया जाय :–

(1) कोई कार्य तभी प्रारम्भ किया जाय अथवा इससे सम्बन्धित दायित्व लिया जाय जब–

(क) सक्षम प्राधिकारी से प्रशासनिक अनुमोदन प्राप्त हो गया हो,

(ख) बजट की उपलब्धता हो एवं सक्षम प्राधिकारी से व्यय करने की संस्वीकृति उपलब्ध हो,

(ग) उपयुक्त विस्तृत डिजाइन अनुमोदित हो,

(घ) लोक निर्माण विभाग अथवा अन्य विशिष्ट अभिकरण से अनुमोदित विभिन्न मदों की विस्तृत विशिष्टियां एवं मात्राओंयुक्त प्राक्कलन उपलब्ध हो गया हो,

(ङ) वित्तीय वर्ष के दौरान होने वाले व्ययों के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा धनराशि उपलब्ध करा दी गई हो,

(च) स्थापित नियमों के अधीन निविदाओं (सिविल और विद्युत कार्य करने के लिए प्राधिकृत) को आमंत्रित कर उन पर कार्यवाही की गई हो, और

(छ) निर्धारित मानकों के अनुसार कार्यादेश जारी किये गये हों।

(2) Authority competent to procure work--

As contained in Financial Hand Book (FHB), Volume-1 and FHB Volume-6 or any other authority specified by the Department or the Competent Authority or the Government. In case anything is not covered in these rules, the procurement shall be done with the concurrence of the Finance Department.

(3) Powers for execution of works--

The Departments and organization who are empowered to execute the works will exercise the power as per delegation of powers. Anything not covered by these rules, shall be clarified by the Finance Department as mentioned in above sub-rule (2).

**28. Perspective Planning for works--**

Each department shall prepare a perspective plan for 5 years for undertaking different types of works. There shall also be a provision of annual review of plan for making modifications, if any.

**29. Processing of Works--**

Following stages should be normally observed for the execution of work :--

Inclusion in Procurement Plans--

(i) Preparation of Preliminary Project Report (PPR),

(ii) Acceptance of necessity,

(iii) Administrative Approval,

(iv) Financial sanction,

(v) Preparation of Detailed Project Report (DPR) & Detailed Estimates,

(vi) Technical sanction,

(vii) Appropriation of funds,

(viii) Preparation of Tender documents,

(ix) Call of Tenders and Award of Work,

(x) Execution of works,

(xi) Monitoring of works and Quality Assurance,

(xii) Satisfactory Completion, and

(xiii) Maintenance of assets created.

Note--For repair works up to Rs.5,00,000/- (Rs. Five lakh), sanction may be given on the basis of Preliminary Project Report itself.

**30. Method of Starting any new work, repair, maintenance etc.--**

Before starting any original work, repair, maintenance etc. the following principles should be observed:--

(1) No work shall be commenced or liability incurred in connection with it until--

(a) Administrative approval is received from the competent authority,

(b) There is availability of budget and a sanction order to incur expenditure from the competent authority,

(c) A properly detailed design has been approved,

(d) Estimates containing the detailed specification and quantities of various items have been approved by Public Works Department (PWD) or any other specialized agency,

(e) Funds to cover the expenditure during the year have been provided by the competent authority,

(f) Tenders have been invited and processed in accordance with the rules, and

(g) A work order has been issued under prescribed norms.

(2) विभाग अपने स्वविवेक से मूल / मरम्मत कार्यों को, जिसकी अनुमानित लागत रु0 10,00,000 (रु0 दस लाख) से अधिक हो, किसी लोक निर्माण संगठन को जिसमें राज्य सरकार अथवा केन्द्र सरकार के सिविल और विद्युत कार्य करने हेतु अधिकृत उपक्रम शामिल हैं, निर्दिष्ट कर सकता है।

(3) रु0 10,00,000 (रु0 दस लाख) तक की लागत के आगणन विषयक समस्त मूल निर्माण तथा मरम्मत कार्य, विभागाध्यक्ष द्वारा स्वयं लोक निर्माण संगठन को निर्दिष्ट किया जा सकता है।

(4) रु0 10,00,000 (रु0 दस लाख) से अधिक अनुमानित लागत के समस्त मूल निर्माण तथा मरम्मत कार्य लोक निर्माण संगठन द्वारा ही क्रियान्वित किये जाएंगे।

31. निर्दिष्ट "कार्य के क्रियान्वयन" हेतु मानदण्ड–

इन कार्यों के सम्पादन हेतु निम्नलिखित मानदण्डों का अनुसरण किया जायः–

(1) कोई विभाग अपने स्वविवेक से रु0 10,00,000 (रु0 दस लाख) तक के आगणित मूल्य के मूल / मरम्मत कार्य का क्रियान्वयन नियम–40 में दर्शायी गयी प्रक्रिया के अनुसार कर सकेगा।

(2) कोई विभाग अपने स्वविवेक से रु0 10,00,000 (रु0 दस लाख) से अधिक आगणित मूल्य के मूल / मरम्मत कार्य, चाहे वह सिविल निर्माण कार्य हो अथवा विद्युतीय कार्य हो, किसी प्राधिकृत, लोक निर्माण संगठन को, जिसमें राज्य सरकार या केन्द्र सरकार के उपक्रम सम्मिलित हैं, निर्दिष्ट कर सकेगा।

(3) विभागाध्यक्ष को रु0 10,00,000 (रु0 दस लाख) तक के आंगणित मूल्य के मूल / मरम्मत कार्य को लोक निर्माण संगठन के रूप में कार्य करने हेतु निर्दिष्ट किया जा सकेगा।

(4) रु0 10,00,000 (रु0 दस लाख) से अधिक के आंगणित मूल्य के मूल / मरम्मत कार्य को लोक निर्माण संगठन द्वारा ही कराया जायेगा।

(5) यदि विभागीय अनुदान, आदेश तथा आय–व्ययक प्राविधानों में स्पष्ट रूप से किसी एजेन्सी को आवंटित न किया गया हो, तो ऐसा कार्य राज्य के लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जायेगा।

(6) इन सामान्य नियमों के पालन के प्रतिबन्धों के अधीन किसी विशेष विभाग को आवंटित कार्य प्रारम्भ करने, प्राधिकृत करने या क्रियान्वयन करने के आदेश, विभाग में लागू विस्तृत नियमों, विनियमों एवं विशिष्ट आदेशों से यथावत् विनियमित होंगे।

(7) तात्कालिकता के आधार अथवा अन्यथा स्थिति में यदि यह आवश्यक हो जाये कि उपरोक्त उपनियम (1) का पालन करना सम्भव न हो, सम्बन्धित कार्यकारी अधिकारी अपने निर्णय एवं दायित्व के अधीन ऐसे कार्यों का क्रियान्वयन करा सकेंगे। ऐसे कार्यों के करने के साथ–साथ सक्षम प्राधिकारी से अनुमति प्राप्त करने की कार्यवाही की जाय तथा अन्य सम्बन्धित प्राधिकारियों को सूचित किया जाय।

(8) किसी परियोजना के विकास के लिए, जिसे आवश्यक समझा जाए, जबकि कोई कार्य प्रगति में हो और जो पहली स्वीकृति के अनुसार कार्य सम्पादन के समय सम्मिलित नहीं थे, अनुपूरक आंकलन तैयार किया जायेगा। सामान्यतः कार्य / परियोजना को निर्धारित समय एवं मूल्य / लागत की सीमा में पूरा किया जाना चाहिए।

32. ठेकेदारों का पंजीकरण–

(1) विश्वसनीयता एवं क्षमता सुनिश्चित करने हेतु ठेकेदारों का पंजीकरण, निम्नानुसार व्यवस्था पर आधारित हो :–

(क) संविदा के क्रियान्वयन हेतु उनके पास तकनीकी क्षमता, वित्तीय संसाधन, उपकरण एवं अन्य भौतिक सुविधायें, प्रबन्धन क्षमता, विश्वसनीयता, अनुभव, प्रतिष्ठा तथा कार्मिकों की उपलब्धता हो,

(ख) उनके पास अधिप्राप्ति विषयक संविदा करने हेतु समुचित विधिक हैसियत हो,

(ग) वे हैसियत विहीन, देयताधीन (रिसिवरशिप), दिवालिया न हो या उनके कारोबार का समापन न किया गया हो अथवा किसी न्यायालय या न्यायिक अधिकारी की निगरानी में न किया जा रहा हो, निलम्बन की स्थिति में न हो या इनमें से किसी भी प्रकरण में उन पर विधिक वाद न चल रहा हो,

(घ) वे करों तथा सामाजिक सुरक्षा के दायित्व अंशदानों की देयता को पूर्ण करते हों,

(ङ) वे किसी अपराधिक कृत्य, जो व्यवसायिक संहिता या गलतबयानी या गलत प्रस्तुतिकरण के कारण, जो अधिप्राप्ति सम्बन्धी संविदा की योग्यता का आधार हो, में न पाये गए हों या प्रशासनिक निलम्बन या प्रतिबन्धित होने के कारण दोष सिद्ध न हों अन्यथा अयोग्य घोषित न किए गए हों।

(2) A Department may, at its discretion, assign original/repair works estimated to cost above Rs.10,00,000/- (Rs. Ten lakh) to any Public Works Organization, which may include undertakings of State Government or Central Government authorized to carry out civil or electrical works.

(3) The Head of Department may be assigned to work as Public Works Organization for original and repair works costing up to Rs.10,00,000/- (Rs. Ten lakh).

(4) All original and repair works estimated to cost above Rs.10,00,000/- (Rs. Ten lakh) should be executed by the Public Works Organization.

**31. Yardsticks for execution of Assigned Work--**

For the execution of assigned work the following yardsticks should be followed :--

(1) A Department at its discretion may directly execute original work/repair work estimated to cost upto Rs.10,00,000/- (Rs. Ten lakh) after following due procedure indicated in Rule 40.

(2) A Department may, at its discretion, assign original/repair works estimated to cost above Rs.10,00,000/- (Rs. Ten lakh) to any Public Works Organization, which may include undertakings of State Government or Central Government authorized to carry out civil or electrical works.

(3) The Head of Department may be assigned to work as Public Works Organization for original and repair works costing up to Rs.10,00,000/- (Rs. Ten lakh).

(4) All original and repair works estimated to cost above Rs.10,00,000/- (Rs. Ten lakh) should be executed by the Public Works Organization.

(5) Works not specifically allotted to any agency in departmental grant, departmental orders and budget provisions will be administered by the State Public Works Department (PWD).

(6) Subject to the observance of these general rules, the initiation, authorization and execution of works allotted to a particular Department shall be regulated by detailed rules and orders contained in the respective departmental regulations and by other special orders applicable to them.

(7) On grounds of urgency or otherwise, if it becomes necessary to carry out a work or incur a liability under circumstances when the provisions set out under sub rule(1) above can not be complied with, the concerned executive officer may do so on his/her own judgment and responsibility. Simultaneously, he/she should initiate action to obtain approval from the Competent Authority and also to intimate the other concerned authorities.

(8) Any development of a project considered necessary while a work is in progress, which is not contingent on the execution of work as first sanctioned, shall have to be covered by supplementary estimate. Ordinarily, the work/project should be completed in given time and cost.

**32. Registration of contractors--**

(1) To ensure reliability and capability a system of registration of contractors should be based on the following :--

(a) They should possess the technical competence, financial resources, equipment and other physical facilities, managerial capability, reliability, experience and reputation and the personnel, to perform the works contract,

(b) They should have adequate legal status to enter into the procurement contract,

(c) They are not insolvent, in receivership, bankrupt or being wound up, their affairs are not being administered by a court or judicial officer, their business activities have not been suspended and they are not the subject of legal proceedings for any of the foregoing,

(d) They have fulfilled their obligations to pay taxes and social security contributions,

(e) They have not been convicted of any criminal offence related to their professional conduct or the making of false statement or misrepresentation as to their qualifications to enter into a procurement contract or have not been otherwise disqualified pursuant to administrative suspension or disbarment.

(2) प्रत्येक वर्ष पंजीकृत ठेकेदारों की कार्यपूर्ति क्षमता की समीक्षा की जाय तथा पंजीकरण करने वाले विभाग/अभिकरण द्वारा कार्यपूर्ति समीक्षा की प्रक्रियाओं का निर्धारण किया जाय। यदि कोई ठेकेदार पंजीकरण हेतु निर्धारित मानदण्ड पूर्ण नहीं करते हैं, तब ऐसे ठेकेदारों को किसी भी कार्य को क्रियान्वित करने से मना किया जा सकता है अथवा उनका पंजीकरण निरस्त किया जा सकता है।

(3) सम्बन्धित विभागों/अभिकरणों 'द्वारा ठेकेदारों को दिये गये नवीनतम निर्माण कार्य आदि, नवीनतम मानक संहिता (स्टैण्डर्ड कोड) तथा प्रौद्योगिकी से सम्बन्धित हों, ठेकेदारों की क्षमतावृद्धि सम्बन्धी कार्यक्रम आयोजित कर प्रशिक्षित करना चाहिए, ताकि आपूर्ति/संनिर्माण में स्पर्धा एवं गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके।

33. निविदा करने की विधि–

(क) एकल प्रस्ताव नितिदा प्रणाली–

एकल प्रस्ताव निविदा प्रणाली उन सामग्रियों अथवा निर्माण प्रकरणों में लागू किया जाय, जहाँ सामग्री या निर्माण कार्यों हेतु मात्रा सूची तथा उनकी विस्तृत विशिष्टियों का विवरण निर्धारित किया जाना सम्भव हो। युक्तिसंगत मूल्य सुनिश्चित करने के लिए प्रक्रिया ऐसी हो जो पर्याप्त स्पर्द्धा के लिए आवश्यक हो। निविदा के मूल्याँकन तथा संविदा प्रदान करने की प्रक्रिया को सभी निविदादाताओं को अवगत कराया जाना चाहिए, जिसमें किसी भी प्रकार की स्वेच्छाचारिता न हो।

(ख) दो प्रस्ताव निविदा प्रणाली–

दो प्रस्ताव निविदा प्रणाली उन सामग्रियों अथवा निर्माण कार्यो में लागू किया जाय, जिसमें विस्तृत विशिष्टि विवरण तैयार करना सम्भव न हो और अधिप्राप्ति हेतु उत्कृष्ट समाधान प्राप्त हो सकें।

(एक) प्रथम चरण में आपूर्तिकर्ता अथवा ठेकेदारों से बिना मूल्य का विवरण दिये हुए निविदा दस्तावेजों के अनुसार प्रारम्भिक विवरण के निविदा प्रस्ताव प्रस्तुत करने को कहा जाय। इस प्रकार के निविदा दस्तावेजों में तकनीकी गुणवत्ता अथवा अन्य विशिष्टितायें, जो सामग्री अथवा निर्माण के साथ–साथ आपूर्ति विषयक संविदा की शर्तों एवं स्थितियों से सम्बन्धित हो, शामिल की जाय। इस प्रकार के निविदा प्रस्ताव को पूर्व से निर्धारित मानकों के आधार पर मूल्यांकित किया जाय और जो निविदादाता इन मानकों को पूर्ण करते हों, उन्हीं को तकनीकी रूप से सफल समझा जाय, शेष को अस्वीकार किया जाय।

(दो) दूसरे चरण में अधिप्राप्ति करने वाली इकाई दो निविदा प्रस्ताव प्रणाली के अधीन उन आपूर्तिकर्ताओं अथवा ठेकेदारों से, जिनकी निविदायें अस्वीकार नहीं की गई हों, निर्धारित प्रारूप में अन्तिम निविदा, जिसमें एक प्रकार की विशिष्टियों के सापेक्ष मूल्य का विवरण हो, आमंत्रित करेगी। इस प्रकार की विशिष्टियों के निर्धारण हेतु अधिप्राप्ति करने वाली इकाई निविदा दस्तावेजों में मूल रूप से निर्धारित शर्तें संशोधित कर सकता है या निकाल सकता है। अधिप्राप्त की जाने वाली सामग्री अथवा निर्माण कार्यों हेतु निविदाओं के मूल्याँकन एवं तुलना हेतु निविदा दस्तावेजों में सम्मिलित मूल तकनीकी अथवा गुणवत्ता विशिष्टिताएं तथा सफल निविदा सुनिश्चित करने के लिए नयी विशिष्टिताओं को जोड़ा जा सकता है। इस प्रकार के किसी भी विलोपन, संशोधन या नये प्राविधान जोड़ने की सूचना अन्तिम रूप से निविदा प्रस्तुत करने के आमंत्रण के साथ, आपूर्तिकर्ताओं अथवा ठेकेदारों को दी जाये। जो आपूर्तिकर्ता अथवा ठेकेदार अन्तिम निविदा प्रस्तुत नहीं करना चाहता, वह निविदा प्रक्रिया से अलग हो सकेगा। ऐसे आपूर्तिकर्ताओं अथवा ठेकेदार की अपेक्षित धरोहर धनराशि जब्त नहीं की जायेगी।

(ग) पूर्व–योग्यता की निविदायें–

(एक) इस प्रकार की निविदाओं में पूर्व–योग्यता के साथ–साथ मूल्याँकन प्रणाली का स्पष्ट उल्लेख किया जाय।

(दो) अधिप्राप्ति करने वाली इकाई योग्य आपूर्तिकर्ताओं अथवा ठेकेदारों को चिन्हित करने के लिए पूर्व–योग्यता प्रक्रिया अपनायेगा ताकि निविदायें या प्रस्ताव प्रस्तुत करने के पूर्व ऐसे आपूर्तिकर्ता अथवा ठेकेदारों की पहचान हेतु पूर्व–योग्यता की कार्यवाही पूर्ण की जा सके।

(तीन) पूर्व–योग्यता के निर्धारण से सम्बन्धित अधिप्राप्ति, इकाई द्वारा प्रत्येक आपूर्तिकर्ता अथवा ठेकेदार के अनुरोध पर पूर्व–योग्यता विषयक अभिलेखों, यदि कोई हो, के मूल्य का, यदि कोई हो, भुगतान करने पर, उपलब्ध कराया जाय।

(घ) बाद की योग्यता की निविदायें–

(एक) अधिप्राप्ति इकाई आवश्यकतानुसार बाद की योग्यताओं का प्रमाणीकरण करा सकती है। इसके लिए वित्तीय प्रस्ताव तथा पात्रता से सम्बन्धित दस्तावेज अलग–अलग लिफाफे में परन्तु साथ–साथ मांगे जा सकते हैं। केवल पात्र ठेकेदारों के ही वित्तीय प्रस्तावों पर विचार किया जाय।

(2) Review of Performance of Registered Contractors--Review of performance of registered contractors shall be done every year and a procedure shall be laid down by the registering department/ agency. In case, the contractors do not fulfil the norms of registration, such contractors may be asked not to execute any work or their registration may be cancelled by the registering department/ agency.

(3) The concerned departments and agencies should try to organize capacity building programmes to orient the contractors, about the latest building etc., standard code and technology so that, competitiveness and quality based supply/works may be ensured.

**33. Methods of Calling Tenders--**

(a) Single Bid System--

Single bid system shall be adopted where it is feasible to work out the schedule of quantities and to formulate detailed specifications for goods or construction. The procedures shall provide for adequate competition in order to ensure reasonable prices. Methods used in evaluation of tenders and the award of contract shall be made known to all bidders and not be applied arbitrarily.

(b) Two Bid System--

Two bid system shall be adopted in case it is not feasible to formulate detailed specifications for goods or construction and in order to obtain the most satisfactory solution to its procurement needs.

(i) The tender documents shall call upon suppliers or contractors to submit in the first stage, initial tenders containing their proposals without a tender price. The tender documents may solicit proposals relating to the technical, quality or other characteristics of the goods or constructions as well as to contractual terms and conditions of their supply. These bids will be evaluated against pre-determined criteria and those who meet the criteria alone will be considered technically qualified and others rejected.

(ii) In the second stage of two bid tendering, the procuring entity shall invite suppliers or contractors whose tenders have not been rejected to submit final tenders with prices with respect to a single set of specifications. In formulating those specifications, procuring entity may delete or modify any aspect originally set-forth in the tender documents, all the technical or quality characteristics of the goods or constructions to be procured and any criterion originally set-forth in those document for evaluating and comparing tenders and for ascertaining the successful tender and may add new characteristics or criteria. Any such deletion, modification or addition shall be communicated to suppliers or contractors in the invitation to submit final tender. The supplier or contractor not willing to submit a final tender may withdraw from tendering without forfeiting earnest money that the supplier or contractor may have been required to provide.

(c) Tenders with Pre-Qualification--

(i) Criteria for pre-qualification along with evaluation system should be clearly spelt out in detail.

(ii) The procuring entity may engage in pre-qualification proceedings with a view towards identifying, prior to the submission of tenders, proposals or offers in procurement proceedings, suppliers and contractors that are qualified.

(iii) If the procuring entity engages in pre-qualification proceedings, it shall provide a set of pre-qualification documents to each supplier or contractor that requests them in accordance with the invitation to pre-qualify and that pays the price, if any, charged for those documents.

(d) Tenders with Post-Qualification--

(i) Procuring entity may also resort to post qualification verification. It may call financial offers and eligibility related documents in separate envelops simultaneously. Financial offers of only eligible contractors shall be considered.

(दो) बाद की योग्यता हेतु पात्रता के आधार के साथ–साथ मूल्याँकन प्रणाली, यदि कोई हो, का भी विस्तार से स्पष्ट उल्लेख किया जाय। इस हेतु अन्य आवश्यकताओं के अतिरिक्त, जिन्हें अधिप्राप्ति इकाई उपयुक्त समझती है, निम्नलिखित भी स्पष्ट रूप से इंगित किये जायेंगे :–

(1) गत पाँच वर्षों में समान प्रकार के क्रियान्वित कार्यों का अनुभव तथा ऐसे विवरण, यथा कार्य का मुद्रा मूल्य, सफलतापूर्वक कार्य पूरा करने का प्रमाण आदि।

(2) पात्रता के मानकों को पूर्ण करने की दृष्टि से विशिष्ट विभागों/संगठनों में पंजीकरण तथा पंजीकरण की श्रेणी का प्रकार।

(3) निर्दिष्ट संविदा मूल्य के अनुरूप वित्तीय हैसियत प्रमाण–पत्र का अभिलेखीय साक्ष्य।

(ङ) जटिल प्रकृति के कार्यों की निविदा–

(एक) ऐसे कार्यों में, जहाँ उच्च कोटि के तकनीकी कौशल और या नवपरिवर्तन की जटिल अथवा शोधात्मक (इनोवेटिव) तकनीकी शामिल हो, सक्षम प्राधिकारी ठेकेदारों का चयन अभिरूचि की अभिव्यक्ति (एक्सप्रेशन ऑफ इन्टरेस्ट)/योग्यता हेतु अनुरोध (रिक्वेस्ट फॉर क्वालिफिकेशन) के माध्यम से कर सकता है। इस विधि के अधीन, अधिप्राप्ति प्रक्रिया को दो चरणो में प्रभाजित किया जाता है। प्रथम चरण में पात्र और भावी निविदादाताओं की लघुसूची तैयार की जाती है। इस चरण, जिसे सामान्यतः इच्छा होने की अभिव्यक्ति (एक्सप्रेशन ऑफ इन्टरेस्ट)/योग्यता हेतु अनुरोध (रिक्वेस्ट फॉर क्वालिफिकेशन) कहा जाता है, का उद्देश्य प्रक्रिया के दूसरे चरण के लिए योग्य निविदादाताओं का लघुसूचीकरण (शार्ट लिस्टिंग) किया जाना है। द्वितीय एवं अन्तिम चरण को सामान्यतः प्रस्ताव हेतु अनुरोध (रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल) अथवा वित्तीय निविदा का आमंत्रण कहा जाता है। निविदादाता वित्तीय प्रस्ताव प्रस्तुत करने के पूर्व सम्बन्धित परियोजना की वृहत जाँच पड़ताल करता है।

(1) The Department/Competent Authority may hire external professionals, consultancy firms/ consultants etc. for a specific job, which is well defined in terms of content and time frame for its completion or outsourcing.

(2) For identification of work/service, required to be performed by consultants; Engagement of consultants may be resorted to in situations requiring high quality services for which the concerned Department /Competent Authority does not have requisite expertise. Approval of the Competent Authority should be obtained for engaging consultant(s).

(3) The Department/Competent Authority should prepare in simple and concise language the requirements, objectives and scope of assignment. The eligibility and pre-qualification criteria to be met by the consultants should also be clearly identified at this stage.

(4) The Department/Competent Authority proposing to engage consultant(s) should estimate reasonable expenditure by ascertaining the prevalent market conditions and consulting other organizations engaged in similar activities.

50. संभावित स्रोतों की पहचान–

(1) जिन कार्यों/सेवाओं की अनुमानित लागत रुपये 15,00,000(रु0 पन्द्रह लाख) तक हो, उनके सम्बन्ध में औपचारिक/अनौपचारिक रूप से ऐसे संगठनों/विभागों/चैम्बरस ऑफ कामर्स एन्ड इंडस्ट्री आदि से, जो समान कार्य–कलापों में संलिप्त हों, सूचनायें एकत्र कर सक्षम परामर्शियों की सूची बनायी जाय।

(2) जिन कार्यों/सेवाओं की अनुमानित लागत रुपये 15,00,000(रु0 पन्द्रह लाख) से अधिक हो, ऐसे प्रकरणों में व्यापक परिचालन वाले कम से कम एक राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्र में तथा विभाग/संगठन की वेबसाइट पर अभिरुचि की अभिव्यक्ति (एक्सप्रेशन ऑफ इन्टरेस्ट) विज्ञापित की जाय। विज्ञापन में वेबसाइट का पता भी दिया जाय।

(3) इच्छुक व्यक्तियों हेतु जो विवरण तैयार किया जाय उसमें कार्यों/सेवाओं का संक्षेप में कार्य/सेवा का वृहद विषय क्षेत्र, पात्रता, पूर्व निर्धारित योग्यता, समान कार्यों/सेवाओं का पूर्व में अनुभव आदि जैसी शर्तों का स्पष्ट उल्लेख कर दिया जाय, ताकि सम्बन्धित परामर्शी तद्नुसार सूचना प्रेषित कर सके। परामर्शी से यह भी कहा जा सकता है कि वह सन्दर्भित निविदा सूचना के परामर्श विषयक उद्देश्यों तथा विषय क्षेत्र (स्कोप) पर भी टिप्पणी भेजें। प्रत्युत्तर भेजने के लिए परामर्शी को कम से कम दो सप्ताह और अधिकतम चार सप्ताह का समय दिया जाय।

51. परामर्शी का लघुसूचीकरण (शॉर्टलिस्टिंग ऑफ कन्सल्टेन्ट)–

इच्छुक पक्षों से उपर्युक्त नियम 50 के अनुसार प्राप्त प्रस्तावों (प्रतिक्रियाओं) के आधार पर ऐसे परामर्शदाताओं पर, जो आवश्यकताओं को पूर्ण करते हों, आगे विचार हेतु लघु सूची (शार्ट लिस्ट) बनाई जाएगी। इस प्रकार लघुसूचीबद्ध परामर्शियों की संख्या तीन से कम नहीं होनी चाहिये।

52. विचारणीय विषय तैयार करना (टर्म्स ऑफ रिफरेन्स)–

विचारणीय विषय में निम्नलिखित बातों को सम्मिलित किया जायः–

(क) उद्देश्यों का संक्षिप्त विवरण,

(ख) किये जाने वाले कार्य की रूपरेखा,

(ग) कार्य पूरा करने की समय सारणी (शैडयूल),

(घ) परामर्शी की सुविधा हेतु विभाग/सक्षम प्राधिकारी द्वारा दिये जाने वाला सहयोग/निवेश, तथा

(च) परामर्शी से अपेक्षित अन्तिम परिणाम का विवरण।

53. प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आर0एफ0पी0) की तैयारी एवं विषयवस्तु–

किसी कार्य/सेवा के लिए परामर्शी से प्रस्ताव प्राप्त करने हेतु विभाग/सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रयोग किये जाने वाले दस्तावेज को प्रस्ताव का अनुरोध कहा जाता है। प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आर0एफ0पी0) सूचीबद्ध परामर्शियों से उनके तकनीकी एवं वित्तीय प्रस्ताव प्राप्त करने के लिए निर्गत किया जाय। प्रस्ताव हेतु अनुरोध में निम्नलिखित विवरण शामिल किया जाय :–

(क) आमंत्रण पत्र,

(ख) परामर्शियों को प्रस्ताव प्रस्तुत करने की प्रक्रिया सम्बन्धी दी जाने वाली सूचना,

(ग) विचारणीय विषय (टी0ओ0आर0),

(घ) पात्रता एवं पूर्व–योग्यता के मानक, यदि पूर्व में ही अभिरुचि की अभिव्यक्ति के माध्यम से सुनिश्चित न कर लिया गया हो,

(च) मूल्यांकित किये जाने वाले कार्यों तथा मानव संसाधनों, अनुभव, वित्तीय प्रास्थिति,

(छ) निविदाओं का मूल्यॉकन तथा चयन प्रक्रिया के आधार,

(ज) तकनीकी एवं वित्तीय प्रस्तावों हेतु मानक प्रपत्र,

(झ) प्रस्तावित संविदा की शर्तें, तथा

(ट) दिये गये कार्य/सेवाओं की प्रगति की मध्यकालीन समीक्षा तथा अन्तिम आख्या के आलेख की समीक्षा की प्रक्रिया।

54. प्रस्तावों को प्राप्त करना तथा खोलना–

सामान्यतः परामर्शी से यह अपेक्षा की जाय कि द्वि–निविदा (टू–बिड) प्रणाली के अधीन तकनीकी एवं वित्तीय प्रस्ताव अलग–अलग मुहरबन्द लिफाफे में प्रस्तुत किये जायें। निविदादाता को इन दोनों अलग–अलग लिफाफों को एक बड़े लिफाफे में मुहरबन्द कर निर्दिष्ट तिथि, समय तथा स्थान पर प्रस्तुत करना चाहिए। तकनीकी प्रस्ताव निर्धारित तिथि एवं समय पर ही खोले जायें।

**50. Identification of likely sources--**

(1) Where the estimated cost of the work/service is upto Rs.15,00,000/- (Rs. Fifteen lakh), preparation of a list of potential consultants may be done on the basis of formal/ informal enquiries from other organizations/Departments /Chambers of Commerce & Industry etc. involved in similar activities.

(2) Where the estimated cost of the work/service is above Rs.15,00,000/- (Rs. Fifteen lakh), an 'Expression of Interest' should be published in at least one national newspaper and the website of the department/organization. The website address should also be given in the advertisement.

(3) Enquiry for seeking expression of interest should include in brief, the broad scope of work/ service, inputs to be provided for eligibility and pre-qualification criteria to be met by the consultant and consultant's past experience in similar work/service. The consultant may also be asked to send their comments on the objectives and scope of the work/service provided in the enquiry. The consultant may be allowed to respond within two weeks, subject to a maximum of four weeks.

**51. Short listing of Consultant--**

On the basis of responses received from the interested parties as per Rule-50 above, consultants meeting the requirements should be short listed for further consideration. The number of short listed consultants should not be less than three.

**52. Preparation of Terms of Reference (TOR)--**

Terms of reference should include the following points :--

(a) Precise statement of objectives,

(b) Outline of the tasks to be carried out,

(c) Schedule for completion of tasks,

(d) The support/inputs to be provided by the Department/Competent Authority to facilitate the consultant, and

(e) The final outputs that will be required of the consultant.

**53. Preparation and Issues of Request for Proposal (RFP)--**

Request for proposal is the document to be used by the department/competent authority for obtaining offers from the consultants for the required work/service. The RFP should be issued to the short listed consultants to seek their technical and financial proposal. The RFP should contain :--

(a) A letter of invitation,

(b) Information to consultants regarding the procedure for submission of proposal,

(c) Terms of Reference (TOR),

(d) Eligibility and pre-qualification criteria in case the same has not been ascertained through enquiry for expression of interest (EOI),

(e) List of works, human resources, experiences, financial status to be evaluated,

(f) Bid evaluation criteria and selection procedure,

(g) Standard formats for technical and financial proposal,

(h) Proposed contract terms, and

(i) Procedure proposed to be followed for mid term review of the progress of the work and review of the final draft report.

**54. Receipt and Opening of Proposals--**

The proposal should ordinarily be asked for from consultants in a 'Two-bid' system with technical and financial bids sealed in separate envelopes. The bidder should enclose these two sealed envelopes in a bigger envelope duly sealed and submitted at a specified date, time and place. The technical proposal should be opened at the specified date and time.

55. विलम्ब से प्राप्त प्रस्ताव–

निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्राप्त प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जाना चाहिए।

56. तकनीकी प्रस्तावों का मूल्याँकन–

विभाग/सक्षम प्राधिकारी द्वारा गठित परामर्शी मूल्याँकन समिति के द्वारा तकनीकी प्रस्तावों का मूल्याँकन एवं विश्लेषण किया जाय। परामर्शी मूल्याँकन समिति द्वारा भली भांति विश्लेषण कर तकनीकी प्रस्ताव को स्वीकार या अस्वीकार करने के कारण विस्तार से अभिलिखित किये जायें। इसका एक तरीका यह भी हो सकता है कि न्यूनतम योग्यता अंक निर्धारित किये जायें तथा ऐसे सभी प्रस्ताव, जो न्यूनतम अंकों से अधिक प्राप्त करते हों, वित्तीय स्पर्धा में भाग ले सकते हैं। ऐसे प्रकरणों में न्यूनतम अर्ह अंकों का उल्लेख, प्रस्ताव हेतु अनुरोध में किया जाय।

57. तकनीकी आधार पर अर्ह निविदादाताओं की वित्तीय निविदाओं का मूल्याँकन–

केवल उन्हीं निविदादाताओं, जो परामर्शी मूल्याँकन समिति द्वारा तकनीकी रूप से योग्य घोषित किये गये हों, की वित्तीय निविदा, अग्रेतर विश्लेषण, मूल्याँकन, श्रेणीकरण एवं सफल निविदादाता के चयन हेतु खोली जानी चाहिये।

58. नामांकन द्वारा परामर्शी सेवा प्राप्त करना––

साधारणतया परामर्शदाता के चयन में एकल स्रोत चयन से बचा जाय क्योंकि इससे स्पर्धा का लाभ नहीं मिलता, चयन में पारदर्शिता का अभाव तथा अवांछनीय रीति को प्रोत्साहन मिलता है। फिर भी, किसी विशेष परिस्थिति में जहाँ पर्याप्त परिस्थितियों एवं औचित्यों के कारण संबंधित विभाग/संगठन के सम्पूर्ण हित में किसी विशेष परामर्शी का चयन करना आवश्यक हो, ऐसा निर्णय लिया जा सकता है। इस प्रकार के एकल स्रोत के आधार पर परामर्शी के चयन के पूर्व, पूर्ण औचित्य अभिलिखित किया जाय तथा सक्षम प्राधिकारी का अनुमोदन प्राप्त किया जाय। ऐसे प्रकरण, जिसकी लागत रुपये 10,00,000(रु0 दस लाख) से अधिक हो, एकल स्रोत चयन के पूर्व प्रशासनिक विभाग का अनुमोदन एवं वित्त विभाग की सहमति आवश्यक होगी।

59. गुणवत्ता एवं लागत पर आधारित चयन–

(1) जहां अधिप्राप्ति विषयक कार्यवाही मानक आधारों या सामान्य प्रकृति के बजाय, जटिल एवं अति विशिष्ट प्रकार की हो, जिसमें उच्च कोटि की विद्वता का अंश अधिक हो, तथा विभाग की अपेक्षाओं के अनुसार परामर्शी (कन्सल्टैन्ट) द्वारा अपने प्रस्ताव में नवपरिवर्तनशीलता (इनोवेशन) एवं रचनात्मकता प्रदर्शित करना आवश्यक हो, तो ऐसे प्रकरणों हेतु प्रशासनिक विभाग या सक्षम प्राधिकारी गुणवत्ता एवं लागत पर आधारित चयन (क्यू0सी0बी0एस0) को अपना सकता है। चयन की इस प्रणाली को अपनाने के पूर्व यदि लागत रुपये 25,00,000(रु0 पच्चीस लाख) से कम हो, तो सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रशासनिक विभाग से अनापत्ति प्राप्त की जाय परन्तु जहां लागत रुपये 25,00,000(रु0 पच्चीस लाख) से अधिक हो, चयन प्रक्रिया प्रारम्भ करने के पूर्व विभाग/सक्षम प्राधिकारी प्रशासनिक विभाग के माध्यम से वित्त विभाग की सहमति प्राप्त करेगा।

(2) चयन प्रक्रिया–

(एक) गुणवत्ता एवं लागत पर आधारित प्रणाली के अधीन सूचीबद्ध फर्मों के मध्य स्पर्धा से सफल फर्म का चयन, प्रस्ताव की गुणवत्ता तथा सेवाओं के मूल्य के आधार पर किया जाय। लागत को चयन के कारक (फैक्टर) के रूप में विवेकपूर्ण ढंग से उपयोग किया जाय। कार्य की प्रकृति को दृष्टि में रखकर गुणवत्ता को अधिभार दिया जाय तथा लागत के हर पहलू का निर्धारण किया जाय।

(दो) चयन हेतु निम्नलिखित सोपान (स्टैप्स) होंगे :–

(क) विचारणीय विषय (टी0ओ0आर0) तैयार करना,

(ख) अनुमानित लागत एवं बजट तैयार करना,

(ग) विज्ञापन देना,

(घ) परामर्शियों को लघुसूचीबद्ध करना,

(ङ) प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आर0एफ0पी0) तैयार कर निर्गत करना, जिसमें आमंत्रण–पत्र (एल0ओ0आई0); परामर्शियों हेतु अनुदेश; विचारणीय विषय (टी0ओ0आर0) तथा प्रस्तावित संविदा का आलेख सम्मिलित हो,

(च) प्रस्तावों को प्राप्त करना,

(छ) तकनीकी प्रस्तावों का मूल्याँकन/गुणवत्ता पर विचार करना,

(ज) सार्वजनिक स्थल पर वित्तीय प्रस्तावों को खोलना,

**55. Late Bids--**

The bids received after the specified date and time should not be considered.

**56. Evaluation of Technical Bids-- .**

Technical bids should be analyzed and evaluated by a Consultancy Evaluation Committee (CEC) constituted by department/competent authority. The CEC will record in detail the reasons for acceptance/rejection of the technical proposals after thorough analysis. One method of doing this could be that the minimum qualifying mark may be prescribed and all proposals above the minimum compete only on 'cost'. In such case, the minimum qualifying mark shall be stated in the RFP.

**57. Evaluation of Financial Bids of the Technically Qualified Bidders--**

The financial bids of only those bidders, who have been declared technically qualified by the CEC, should be opened, for further analysis, evaluation, ranking and selection of successful bidder.

**58. Consultancy by Nomination--**

Single source selection of consultants should ordinarily be avoided as it does not provide the benefits of competition, lacks transparency in selection and could encourage unacceptable practices. However, under some special circumstances, it may become necessary to select a particular consultant, where adequate circumstances and justification is there to nominate such firm/consultant in the context of the overall interest of the concerned department/organization. Full justification for single source selection should be recorded and approval of the Competent Authority should be obtained before resorting to such single source selection. For single source selection above Rs.10,00,000/- (Rs. Ten lakh), approval of the Administrative Department and concurrence of the Finance Department will be necessary.

**59. Quality and Cost Based Selection--**

(1) The Department or Competent Authority may opt for a QCBS (Quality and Cost Based Selection) methodology in cases where assignments are not of a standard or routine nature but are complex and specialized requiring high intellectual component for which the Department expects the consultant to demonstrate innovation or creativity in their proposal. Before opting for the QCBS method of selection, the Department/Competent Authority should obtain prior clearance of the Administrative Department when the estimated cost is below Rs.25,00,000/- (Rs. Twenty Five lakh) and where the estimated cost is above Rs.25,00,000/- (Rs. Twenty Five lakh) the Department/Competent Authority shall obtain the concurrence of the Finance Department before starting the selection process.

(2) The Selection Process--

(i) QCBS uses a competitive process among short-listed firms that takes into account the quality of the proposal and the cost of the services in the selection of the successful firm. Cost as a factor of selection shall be used judiciously. The relative weight to be given to the quality and cost shall be determined for each case depending on the nature of the assignment.

(ii) The selection process shall include the following steps :--

(a) Preparation of the TOR,

(b) Preparation of cost estimate and the budget,

(c) Advertising,

(d) Preparation of the short list of consultants,

(e) Preparation and issuance of the RFP [which should include the Letter of Invitation (LOI); Instructions to Consultants (ITC); the TOR and the proposed draft contract],

(f) Receipt of proposals,

(g) Evaluation of technical proposals: consideration of quality,

(h) Public opening of financial proposals,

(झ) वित्तीय प्रस्तावों का मूल्याँकन,

(ञ) गुणवत्ता तथा लागत का अन्तिम मूल्याँकन, तथा

(ट) परक्रामण (नेगोशियेशन) एवं चयनित फर्म को संविदा प्रदान करना।

(तीन) विचारणीय विषय (टी0ओ0आर0)–

(क) विभाग/सक्षम प्राधिकारी का दायित्व है कि कार्यावंटन हेतु विचारणीय विषय (टर्म्स ऑफ रिफरेन्स या टी0ओ0आर0) तैयार करें। ऐसे कार्य में विशिष्टता रखने वाले व्यक्ति/व्यक्तियों या फर्म द्वारा विचारणीय विषय या सन्दर्भ के प्रतिबन्ध तैयार कराये जायें। विचारणीय विषय (टी0ओ0आर0) में सेवा की विषयवस्तु उपलब्ध बजट के अनुरूप हो। विचारणीय विषय (टी0ओ0आर0) में उद्देश्य, लक्ष्य तथा कार्य की विषयवस्तु स्पष्ट रूप से परिभाषित की जाय तथा पृष्ठभूमि विषयक सूचनाएं (जिसमें वर्तमान में प्रासंगिक अध्ययनों एवं प्राथमिक आकड़ें शामिल हों) परामर्शदाता को सुविधापूर्वक प्रस्ताव तैयार करने हेतु उपलब्ध हों।

(ख) यदि ज्ञान का स्थानान्तरण या प्रशिक्षण एक उद्देश्य हो, तो इसे विशिष्ट रूप से चिन्हित किया जाय कि इसमें कार्मिकों की संख्या, प्रशिक्षित होने वाली जनशक्ति क्या होगी, स्पष्ट हो ताकि परामर्शदाता तद्नुसार संसाधनों का प्राक्कलन कर सके। विचारणीय विषय (टी0ओ0आर0) में वांछित सेवाओं एवं सर्वेक्षण का उल्लेख किया जाय जो कार्य सम्पादन एवं वांछित परिणाम (उदाहरणार्थ : आख्या, आकड़ें, मानचित्र सर्वेक्षण आदि) प्राप्त करने के लिए आवश्यक हों। फर्मों को प्रेरित किया जाना चाहिये कि अपने प्रस्ताव में विचारणीय विषय (टी0ओ0आर0) पर टिप्पणी कर सकें। विचारणीय विषय (टी0ओ0आर0) में विभाग/सक्षम प्राधिकारी तथा परामर्शदाता के दायित्वों को स्पष्ट एवं अलग–अलग दर्शाया जाय।

(चार) विज्ञापन–

विभाग/सक्षम प्राधिकारी द्वारा अभिरुचि की अभिव्यक्ति (एक्सप्रेशन ऑफ इन्टरेस्ट) के अनुरोध हेतु एक राष्ट्रीय समाचार–पत्र तथा अतिरिक्त रूप से जहां प्रभावी हो, तकनीकी पत्रिका में विज्ञापित किया जाय। फर्मों की उपयुक्तता पर निर्णय लेने के लिए सूचना, जिसके लिये अनुरोध किया जाय, न्यूनतम आवश्यकता की होनी चाहिए तथा इतनी जटिल नहीं होनी चाहिए कि निविदादाता अभिव्यक्ति प्रस्तुत करने में हतोत्साहित हों। प्रस्ताव प्रस्तुत करने हेतु दो सप्ताह का समय दिया जाय।

(पाँच) लघुसूचीकरण (शार्ट लिस्टिंग)–

(क) विभाग/सक्षम अधिकारी द्वारा परामर्शियों की लघुसूची तैयार करने की कार्यवाही की जाएगी। विभाग/सक्षम प्राधिकारी पहले उन फर्मों पर विचार करेंगे जो वांछित योग्यता रखती हों और जिन्होंने अभिरुचि अभिव्यक्त की हो।

(ख) सूचीबद्ध करते समय अधिमानतः समान श्रेणी, समान क्षमता वाले तथा ऐसे परामर्शियों को शामिल किया जाय, जिनके कारोबार का उद्देश्य समान हो। फलतः तैयार सूची समान अनुभव वाली फर्मों अथवा ऐसे संगठन जो लाभ हेतु न बनाये गये हों (गैर सरकारी संगठन, विश्वविद्यालय आदि) एवं विशेषज्ञता के उसी क्षेत्र में कार्यशील हों, की हो।

(छः) प्रस्तावों हेतु अनुरोध (आर0एफ0पी0) तैयार कर जारी करना–

प्रस्तावों के अनुरोध (आर0एफ0पी0) में आमन्त्रण–पत्र, परामर्शी हेतु सूचना, विचारणीय विषय (टी0ओ0आर0) तथा प्रस्तावित निविदा/संविदा की शर्तें शामिल की जायें।

(सात) आमन्त्रण–पत्र (एल0ओ0आई0)–

आमन्त्रण–पत्र (एल0ओ0आइ0) में परामर्शी सेवाओं के लिए संविदा करने की मंशा, धन के स्रोत, ग्राहक के विवरण तथा प्रस्तावों को प्रस्तुत करने की तिथि, समय एवं पता दिया जाय।

(आठ) परामर्शी हेतु अनुदेश–

परामर्शी हेतु अनुदेश में वह सभी सूचनायें शामिल की जायें, जो परामर्शी को उत्तरदायी प्रस्ताव प्रस्तुत करने में उपयोगी हों तथा यह इंगित किया जाय कि मूल्याँकन की प्रक्रिया एवं कारक एवं उनके अधिमान क्या होंगे तथा गुणवत्ता के आधार पर सफल होने हेतु न्यूनतम उत्तीर्ण अंक संबंधी सूचना दी जाय, ताकि यथा संभव अधिक से अधिक पारदर्शिता सुनिश्चित हो। परामर्शी हेतु अनुदेश में दर्शाया जाय कि परामर्शी को कितने प्रमुख कर्मियों (की–स्टाफ) की आवश्यकता होगी (कर्मियों के समय के रूप में) या कुल बजट कितना होगा, परन्तु दोनों को एक साथ न दर्शाया जाय। परामर्शी को यह स्वतंत्रता होगी कि वह अपना आंकलन स्वयं करे कि दिये गये कार्य में कार्मिकों का कितना समय लगेगा। तत्सम्बंधी लागत का प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाय। परामर्शी हेतु अनुदेश में यह स्पष्ट किया जाय कि प्रस्ताव की वैधता अवधि क्या होगी, जो प्रस्ताव के मूल्याँकन, कार्य आदेश (अवार्ड) का निर्णय लेने, सक्षम प्राधिकारी द्वारा समीक्षा तथा संविदा–परक्रामण (नेगोशियेशन) को अन्तिम रूप देने हेतु पर्याप्त हो।

(i) Evaluation of financial proposal,

(j) Final evaluation of quality and cost, and

(k) Negotiations and award of the contract to the selected firm.

(iii) Terms of Reference (TOR)--

(a) The Department/Competent Authority shall be responsible for preparing the TOR for the assignment. TOR shall be prepared by a person(s) or a firm specialized in the area of the assignment. The scope of the services described in the TOR shall be compatible with the available budget. TOR shall define clearly the objectives, goals, and scope of the assignment and provide background information (including a list of existing relevant studies and basic data) to facilitate the consultants for preparation of their proposals.

(b) If transfer of knowledge or training is an objective, it should be specifically outlined along with details of number of staff to be trained, and so forth, to enable consultants to estimate the required resources. TOR shall list the services and surveys necessary to carry out the assignment and the expected outputs (for example-reports, data, maps, surveys etc.). Firms shall be encouraged to comment on the TOR in their proposals. The Department/Competent Authority and Consultants' respective responsibilities should be clearly defined in the TOR.

(iv) Advertising--

The Department/Competent Authority shall advertise requests for expressions of interest in a national newspaper and in addition wherever applicable a technical magazine. The information requested shall be the minimum required to make a judgment on the firm's suitability and not be so complex as to discourage consultants from expressing interest. Two weeks minimum time may be then allowed for responses.

(v) Short List of Consultants--

(a) The Department/Competent Authority shall proceed to prepare a short list. The Department/Competent Authority shall give first consideration to those firms expressing interest that possess the relevant qualifications.

(b) The short list should preferably comprise consultants of the same category, similar capacity, and business objectives. Consequently, the short list should normally be composed of firms of similar experience or of not-for-profit organizations (NGOs, Universities, etc.) acting in the same field of expertise.

(vi) Preparation and Issuance of the Request for Proposals (RFP)--

The RFP shall include a Letter of Invitation, Information to Consultants, the TOR, and the proposed contract conditions.

(vii) Letter of Invitation (LOI)--

The LOI shall state the intention of the Department/Competent Authority to enter into a contract for the provision of consulting services, the source of funds, the details of the client and the date, time, and address for submission of proposals.

(viii) Instructions to Consultants (ITC)--

The ITC shall contain all necessary information that would help consultants prepare responsive proposals, and shall bring as much transparency as possible to the selection procedure by providing information on the evaluation process and by indicating the evaluation criteria and factors and their respective weights and the minimum passing quality score. The ITC shall indicate an estimate of the level of key staff inputs (in staff time) required of the consultants or the total budget, but not both. Consultants, however, shall be free to prepare their own estimates of staff time to carry out the assignment and to offer the corresponding cost in their proposals. The ITC shall specify the proposal validity period, which should be adequate for the evaluation of proposals, decision on award, competent authority review, and finalization of contract negotiations.

(नौ) संविदा–

प्रस्तावों हेतु अनुरोध (आर0एफ0पी0) में प्रस्तावित संविदा का आलेख या उसकी प्रमुख शर्तों को सम्मिलित किया जाय।

(दस) प्रस्तावों की प्राप्ति–

विभाग/सक्षम प्राधिकारी, परामर्शियों को अपने प्रस्ताव तैयार करने हेतु पर्याप्त समय देगा। यह समय कार्य की प्रकृति पर आधारित होगा, परन्तु कम से कम तीन सप्ताह, अधिकतम तीन माह [उदाहरणार्थ: ऐसे कार्य जिसमें परिष्कृत विधि, बहुआयामी महायोजना (मास्टर प्लान) तैयार करना निहित हो] का समय दिया जाय। इस अन्तराल में परामर्शी प्रस्ताव के अनुरोध (आर0एफ0पी0) में दी गयी सूचना के विषय में स्पष्टीकरण मांग सकता है। विभाग/सक्षम प्राधिकारी ऐसे स्पष्टीकरण पर लिखित रूप में स्थिति स्पष्ट करेगा तथा उसकी प्रति सभी सूचीबद्ध फर्मों (जो प्रस्ताव हेतु इच्छुक हों) को प्रेषित करेगा। यदि आवश्यक हो, तो विभाग/सक्षम प्रधिकारी प्रस्ताव प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि बढा सकता है। तकनीकी एवं वित्तीय प्रस्ताव एक ही समय प्रस्तुत किये जायें। निर्धारित अन्तिम तिथि के बाद प्रस्ताव में कोई परिवर्तन स्वीकार न किया जाय। पूरी प्रक्रिया की सत्यनिष्ठा सुनिश्चित करने हेतु तकनीकी एवं वित्तीय प्रस्तावों को अलग–अलग मुहरबन्द लिफाफों में प्रस्तुत किया जाय। सुसंगत विभाग के पदाधिकारियों (तकनीकी, वित्त, न्याय या जैसा उपयुक्त हो) से बनी समिति द्वारा तकनीकी प्रस्ताव का लिफाफा प्रस्ताव प्रस्तुत करने हेतु निर्धारित अन्तिम समय और तिथि के तुरन्त बाद खोला जाय। वित्तीय प्रस्ताव का लिफाफा मुहरबन्द रहेगा। निर्धारित समय समाप्त होने के बाद प्राप्त प्रस्ताव को बिना खोले वापस कर दिया जाय।

प्रस्ताव का मूल्याँकन–

(ग्यारह) गुणवत्ता एवं लागत पर विचार–

प्रस्तावों का मूल्याँकन दो चरणों में किया जाय। पहले चरण में गुणवत्ता का मूल्याँकन, उसके बाद के चरण में लागत का मूल्याँकन किया जाय। तकनीकी प्रस्तावों के मूल्याँकनकर्ताओं को वित्तीय प्रस्ताव तब तक उपलब्ध नहीं होने चाहिएं, जब तक तकनीकी मूल्याँकन पूरा न कर लिया जाय। वित्तीय प्रस्ताव इसके बाद ही खोला जाय। प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आर0एफ0पी0) में दिये गये प्राविधानों के अनुरूप ही मूल्याँकन किया जाय।

(बारह) गुणवत्ता मूल्याँकन–

(क) विभाग/सक्षम प्राधिकारी, मूल्याँकन समिति, जिसमें उस विषय के तीन या उससे अधिक विशेषज्ञ होंगे, का उपयोग कर, प्रत्येक तकनीकी प्रस्ताव का मूल्याँकन करेंगे, जिसके अनेक आधार हो सकते हैं; यथा परामर्शी को दिये जाने वाले कार्य में सुसंगत अनुभव, प्रस्तावित विधि की गुणवत्ता, प्रस्तावित प्रमुख कार्मिकों की योग्यता, ज्ञान का हस्तान्तरण यदि विचारणीय विषय (टी0ओ0आर0) में अपेक्षित हो। प्रत्येक मानक का 1 से 100 परिमाण में अंकन किया जाय। इसके बाद अंकों को जोड़ कर कुल प्राप्तांक तैयार किये जायें। नीचे दिये गये सूचकों को अधिमान माना जा सकता है। शासकीय अनुमोदन के सिवाय, वास्तविक प्रतिशत अंकों का उपयोग इस प्रकार किया जाय जो कार्य विशेष हेतु उपयुक्त हो तथा निम्नलिखित परास (रेंज) में रखा जाय। प्रस्तावित अधिमानों को प्रस्ताव हेतु अनुरोध में दर्शाया जाय।

| | |
|---|---|
| परामर्शी का विशिष्ट अनुभव | : 0 से 10 अंक |
| कार्य विधि/प्रणाली | : 20 से 50 अंक |
| प्रमुख कार्मिक | : 30 से 60 अंक |
| ज्ञान का हस्तानान्तरण | : 0 से 10 अंक |
| कुल | : 100 अंक। |

(ख) विभाग/सक्षम प्राधिकारी, सामान्यतया इन मानकों को उपमानकों में प्रभाजित करेगा। उदाहरणार्थ; कार्य विधि के अधीन नवोनवेष तथा ब्यौरे (डिटेल) का स्तर परन्तु उपमानक की संख्या जितनी आवश्यक हो, उतनी ही रखी जाय। निर्धारित उपमानक हेतु भी अंक निर्धारित करना आवश्यक होगा। अनुभव हेतु दिये जाने वाला अधिमान अपेक्षाकृत कम हो, क्योंकि इन मानकों को पहले ही परामर्शी के लघुसूचीकरण के समय विचार किया जा चुका है। जटिल कार्यों में कार्यविधि हेतु अधिक अधिमान दिया जाय (उदाहरणार्थ; बहुविषयी सम्भाव्यता या प्रबन्धकीय अध्ययन)।

(ix) Contract--

The proposed draft contract or the key conditions of the proposed contract should be included in the R.F.P.

(x) Receipt of Proposals--

The Department/Competent Authority shall allow enough time for the consultants to prepare their proposals. The time allowed shall depend on the assignment, but normally shall not be less than three weeks or more than three months (for example, for assignments requiring establishment of a sophisticated methodology, preparation of a multidisciplinary master plan). During this interval, the firms may request clarifications about the information provided in the R.F.P. The Department/Competent Authority shall provide these clarifications in writing and copy them to all firms on the short list (who intend to submit proposals). If necessary, the Department/Competent Authority shall extend the deadline for submission of proposals. The technical and financial proposals shall be submitted at the same time. No amendments to the technical or financial proposal shall be accepted after the deadline. To safeguard the integrity of the process, the technical and financial proposals shall be submitted in separate sealed envelopes. The technical envelopes shall be opened immediately by a committee of officials drawn from the relevant departments (technical, finance, legal, as appropriate), after the closing time for submission of proposals. The financial proposals shall remain sealed. Any proposal received after the closing time for submission of proposals shall be returned unopened.

(xi) Evaluation of Proposals: Consideration of Quality and Cost--

The evaluation of the proposals shall be carried out in two stages: first the quality, and then the cost. Evaluators of technical proposals shall not have access to the financial proposals until the technical evaluation, is concluded. Financial proposals shall be opened only thereafter. The evaluation shall be carried out in full conformity with the provisions of the R.F.P.

(xii) Evaluation of the Quality--

(a) The Department/Competent Authority shall evaluate each technical proposal (using an evaluation committee of three or more specialists in the sector), taking into account several criteria, *i.e.* the consultant's relevant experience for the assignment, the quality of the methodology proposed, the qualifications of the key staff proposed, transfer of knowledge, if required in the T.O.R. Each criterion shall be marked on a scale of 1 to 100. Then the marks shall be weighted to become scores. The following weights are indicative. The actual percentage figures to be used shall fit the specific assignment and shall be within the ranges indicated below, except with the approval of the Government. The proposed weights shall be disclosed in the R.F.P.

| | |
|---|---|
| Consultant's specific experience | : 0 to 10 points |
| Methodology | : 20 to 50 points |
| Key personnel | : 30 to 60 points |
| Transfer of knowledge | : 0 to 10 points |
| Total | : 100 points |

(b) The Department/Competent Authority shall normally divide these criteria into subcriteria. For example, subcriteria under methodology might be innovation and level of detail. However, the number of subcriteria should be kept to the essential. The weight given to experience can be relatively modest, since this criterion has already been taken into account when short-listing the consultant. More weight shall be given to the methodology in the case of more complex assignments (for example, multidisciplinary feasibility or management studies).

(ग) प्रमुख कार्मिकों के मूल्याँकन की ही संस्तुति की जाती है। चूंकि प्रमुख कार्मिक अन्ततः कार्यपूर्ति की गुणवत्ता सुनिश्चित करते हैं, अतः यदि कार्य जटिल है तो इस मानक को ज्यादा अधिमान दिया जाय। विभाग/सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रस्तावित प्रमुख कार्मिकों के जीवनवृत्त में उल्लिखित उनकी योग्यता तथा अनुभव का सम्पूर्ण विवरण की जो सही, पूर्ण तथा परामर्शी फर्म के प्राधिकृत अधिकारी एवं प्रस्तावित व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षरित हो, की समीक्षा किया जाये।

(घ) प्रत्येक व्यक्ति का श्रेणी निर्धारण जो कार्य के सुसंगत हो, निम्नलिखित तीन उपमानकों के आधार पर किया जाय :–

(एक) सामान्य योग्यता–

सामान्य शिक्षा एवं प्रशिक्षण, अनुभव की अवधि, किन पदों पर कार्य किया, परामर्शी फर्म में कितने दिन से कार्य कर रहे हैं, विकासशील देशों में अनुभव आदि;

(दो) कार्य के लिये उपयुक्तता–

शिक्षा, प्रशिक्षण, उक्त क्षेत्र में अनुभव, कार्यक्षेत्र, विषय आदि जो कार्य विशेष हेतु सुसंगत हो; तथा

(तीन) उस भौगोलिक क्षेत्र का अनुभव–

स्थानीय भाषा का ज्ञान, संस्कृति, प्रशासनिक प्रणाली, शासकीय संगठन आदि।

(ङ) विभाग/सक्षम प्राधिकारी प्रत्येक प्रस्ताव का मूल्याँकन विचारणीय विषयों (टी0ओ0आर0) पर प्राप्त प्रत्युत्तर के आधार पर करेगा। ऐसे प्रस्ताव जो टी0ओ0आर0 के महत्वपूर्ण पहलुओं को सम्मिलित किये बिना अथवा प्रस्ताव हेतु अनुरोध में स्पष्ट किये गये तकनीकी मूल्याँकन हेतु निर्धारित न्यूनतम अंक न प्राप्त करें, उनको अनुपयुक्त मानते हुए अस्वीकार किया जाय।

(च) प्रक्रिया के अन्त में विभाग/सक्षम प्राधिकारी प्रस्तावों की "गुणवत्ता" की तकनीकी मूल्याँकन आख्या तैयार करेगा। आख्या में मूल्याँकन के परिणाम की पुष्टि करने तथा प्रस्तावों की तुलनात्मक शक्तियों एवं कमजोरियों का उल्लेख किया जाए। मूल्याँकन से सम्बन्धित सभी अभिलेख उदाहरणार्थ; प्रत्येक के अंक–पत्र तब तक सुरक्षित रखे जायें, जब तक उनका लेखा परीक्षा न हो जाय।

(तेरह) लागत का मूल्याँकन–

(क) गुणवत्ता के मूल्याँकन पूर्ण होने तथा सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनापत्ति निर्गत करने पर विभाग/सक्षम प्राधिकारी प्रस्ताव प्रस्तुत करने वाले परामर्शियों को सूचित करेगा कि, प्रस्ताव प्रस्तुत करने वाले प्रत्येक परामर्शी को कितने–कितने तकनीकी अंक प्राप्त हुए तथा अधिसूचित करेगा कि किन–किन ठेकेदारों के प्रस्तावों ने तकनीकी न्यूनतम अपेक्षित अर्हक अंक प्राप्त नहीं किए अथवा प्रस्ताव हेतु अनुरोध तथा विचारणीय विषय के अनुसार जवाब नहीं दिया तथा तद्नुसार वित्तीय प्रस्ताव के लिफाफे बिना खोले संविदा पर हस्ताक्षर होने के बाद वापस किये जायेंगे। इसके साथ–साथ विभाग/सक्षम प्राधिकारी अधिसूचित करेगा कि किन परामर्शियों ने न्यूनतम योग्यता अंक प्राप्त किये और वित्तीय प्रस्ताव किस निश्चित तिथि, समय एवं स्थान पर खोला जायेगा।

(ख) वित्तीय प्रस्ताव खोलने की तिथि इस प्रकार निर्धारित की जाय कि परामर्शी वित्तीय प्रस्ताव खोलने के समय पर उपस्थित रहने के लिए समुचित व्यवस्था कर सकें। वित्तीय प्रस्ताव परामर्शियों के प्रतिनिधियों, जो उपस्थित होना चाहें, के समक्ष (व्यक्तिगत रुप से या ऑन लाइन पर), सार्वजनिक स्थल पर खोला जाय। जब वित्तीय प्रस्ताव खोले जायें, परामर्शी का नाम, तकनीकी बिन्दुओं तथा प्रस्तावित लागत ऊंची आवाज (यदि प्रस्ताव इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्रस्तुत किया गया हो तो ऑनलाइन सूचना भेजी जाय) में बताया जाय और अभिलिखित किया जाए। विभाग/सक्षम प्राधिकारी द्वारा सार्वजनिक स्थल पर प्रस्ताव खोलने का कार्यवृत्त भी बनाया जाय।

(ग) विभाग/सक्षम प्राधिकारी इसके बाद वित्तीय प्रस्तावों की समीक्षा करेगा। यदि कोई गणितीय त्रुटि पायी जाए तो उसे ठीक किया जायेगा।

(घ) "लागत" के मूल्याँकन के उद्देश्य के लिये संविदा पर लागू स्थानीय अप्रत्यक्ष कर शामिल न किया जाय। लागत में परामर्शी के सभी पारिश्रमिक एवं खर्चे यथा यात्रा, अनुवाद, आख्या का मुद्रण या सचिवालीय व्यय सम्मिलित होंगे। जिस निविदा प्रस्ताव में न्यूनतम लागत दी गयी हो, उसे 100 अंक तथा अन्य निविदाओं में उल्लिखित मूल्य को उनके विपरीत अनुपात (इनवर्सली प्रपोशनल) में अंक दिए जायं।

(ङ) अन्य विकल्प के रूप में सीधे अनुपात या अन्य कार्य विधि, लागत हेतु अंक आबंटित करते समय अपनायी जा सकती है। इस प्रकार अपनायी जाने वाली कार्यविधि का उल्लेख प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आर0एफ0पी0) में किया जाय।

(c) Evaluation of only the key personnel is recommended. Since key personnel ultimately determine the quality of performance, more weight shall be assigned to this criterion if the proposed assignment is complex. The Department/Competent Authority shall review the qualifications and experience of proposed key personnel in their curricula vitae, which must be accurate, complete, and signed by an authorized official of the consulting firm and the individual proposed.

(d) The individuals shall be rated in the following three subcriteria, as relevant to the task:--

(i) General qualifications: general education and training, length of experience, positions held, time with the consulting firm as staff, experience in developing countries, and so forth,

(ii) Adequacy for the assignment: education, training, and experience in the specific sector, field, subject, and so forth, relevant to the particular assignment, and

(iii) Experience in the region: knowledge of the local language, culture, administrative system, government organization, and so forth.

(e) The Department/Competent Authority shall evaluate each proposal on the basis of its responsiveness to the T.O.R. A proposal shall be considered unsuitable and shall be rejected at this stage if it does not respond to important aspects of the TOR or it fails to achieve a minimum technical score specified in the R.F.P.

(f) At the end of the process, the Department/Competent Authority shall prepare a Technical Evaluation Report of the "quality" of the proposals. The report shall substantiate the results of the evaluation and describe the relative strengths and weaknesses of the proposals. All records relating to the evaluation, such as individual mark sheets, shall be retained until completion of audit.

(xiii) Evaluation of Cost--

(a) After the evaluation of quality is completed and the Competent Authority has issued its no objection, the Department/Competent Authority shall inform the consultants who have submitted proposals, the technical points assigned to each consultant and shall notify those consultants whose proposals did not meet the minimum qualifying mark or were considered non-responsive to the R.F.P. and T.O.R. that their financial proposals will be returned unopened after the signature of the contract. The Department/Competent Authority shall simultaneously notify the consultants that have secured the minimum qualifying mark, the date, time, and place set for opening the financial proposals.

(b) The opening date shall be defined allowing sufficient time for consultants to make arrangements to attend the opening of the financial proposals. The financial proposals shall be opened publicly in the presence of representatives of the consultants who choose to attend (in person or online). The name of the consultant, the technical points, and the proposed prices shall be read aloud (and posted online when electronic submission of proposals is used) and recorded when the financial proposals are opened. The Department/Competent Authority shall also prepare the minutes of the public opening.

(c) The Department/Competent Authority shall then review the financial proposals. If there are any arithmetical errors, they shall be corrected.

(d) For the purpose of evaluation, "cost" shall exclude local identifiable indirect taxes on the contract. The cost shall include all consultant's remuneration and other expenses such as travel, translation, report printing, or secretarial expenses. The proposal with the lowest cost may be given a financial score of 100 and other proposals given financial scores that are inversely proportional to their prices.

(e) Alternatively, a directly proportional or other methodology may be used in allocating the marks for the cost. The methodology to be used shall be described in the R.F.P.

(चौदह) गुणवत्ता एवं लागत का सम्मिलित मूल्याँकन–

गुणवत्ता के अधिमान तथा लागत हेतु प्राप्त अंक जोड़कर कुल अंकों का योग तैयार किया जाय। "लागत" के अधिमान का चयन कार्य की जटिलता तथा गुणवत्ता के तुलनात्मक महत्व के आधार पर किया जाय। सामान्यता 100 अंक में से 20 अंक लागत हेतु रखा जाय। गुणवत्ता एवं लागत में कितने–कितने अंक को अधिमान दिये जाने का प्रस्ताव है, प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आर0एफ0पी0) में किया जाय। जो फर्म सर्वोच्च कुल अंक प्राप्त करे, उसे ही कार्य आबंटित किया जाय।

(पन्द्रह) संविदा का अनुश्रवण–

विभाग/सक्षम प्राधिकारी, परामर्शी सेवा की सम्पूर्ण अवधि में कार्यदल (टास्क फोर्स) के रूप में निरन्तर परामर्शियों द्वारा निष्पादित कार्य का अनुश्रवण करे, ताकि परामर्शी सेवा द्वारा निष्पादित कार्य के उद्देश्यों के अनुरूप होने के साथ–साथ निर्धारित समय में पूरा किया जाय।

## अध्याय–5

## वाह्य स्रोत से सेवाएं कराया जाना

60. वाह्य स्रोत से सेवायें–

विभाग/सक्षम प्राधिकारी संगठन/संस्था में कार्यक्षमता बढ़ाने एवं मितव्ययिता की दृष्टि से कतिपय सेवाएं वाह्य स्रोतों से करा सकते हैं, परन्तु इसके लिए निम्नलिखित प्रणाली व प्रक्रियाओं का अनुपालन अनिवार्य होगाः–

(क) विभाग/सक्षम प्राधिकारी द्वारा निहित कार्य में सक्षम पारंगत फर्मों/ठेकेदारों/संस्थाओं की सूची औपचारिक/अनौपचारिक पृच्छा के आधार पर तैयार की जाय। यह सूचना विज्ञापनों, व्यावसायिक पत्रिकाओं, वैबसाइट आदि के माध्यम से भी प्राप्त की जा सकती है।

(ख) विभाग/सक्षम प्राधिकारी द्वारा वाह्य स्रोत से सेवायें प्राप्त करने के लिए निविदा सूचना(पृच्छा) निम्नलिखित विवरण के साथ तैयार की जानी चाहिएः–

(एक) कार्य/सेवाओं का विवरण, जो ठेकेदार/फर्म/संस्था द्वारा किया जाना हो;

(दो) विभाग/सक्षम प्राधिकारी द्वारा ठेकेदार को दी जाने वाली सुविधायें तथा अन्य सहयोग का विवरण;

(तीन) पात्रता एवं योग्यता के मानदण्ड, जो अपेक्षित कार्य/सेवाओं के निष्पादन हेतु ठेकेदार को पूर्ण करने हो; और

(चार) सांविधिक तथा संविदागत दायित्वों का विवरण जिनका ठेकेदार द्वारा अनुपालन किया जाना हो।

61. निविदाओं हेतु आमंत्रण–

(1) रुपये 10,00,000 (रु0 दस लाख) या उससे कम लागत के कार्यों/सेवाओं हेतु विभाग/सक्षम प्राधिकारी द्वारा सूचीबद्ध सम्भावित ठेकेदारों/फर्मों/संस्थाओं से नियम 60 के अधीन सीमित निविदा सूचना के माध्यम से निर्धारित तिथि व समय पर प्रस्ताव मांगे जायें। इस प्रकार चिन्हित ठेकेदारों/संस्थाओं/संगठनों की संख्या 6 (छः) से कम न हो।

(2) रुपये 10,00,000 (रु0 दस लाख) से अधिक लागत के कार्यों/सेवाओं हेतु सम्बन्धित विभाग/सक्षम प्राधिकारी द्वारा कम से कम एक व्यापक परिचालन वाले राष्ट्रीय समाचार पत्र में विज्ञापन एवं संगठन की वेबसाइट के माध्यम से प्रस्ताव प्रेषित करने की निर्धारित तिथि तथा समय आदि तक प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए निविदा सूचना निर्गत की जाए।

(3) रुपये 50,00,000 (रु0 पचास लाख) से अधिक आंगणित मूल्य के कार्य/सेवाओं हेतु अभिरुचि की अभियुक्ति/प्रस्ताव हेतु अनुरोध (ई0ओ0आई0/आर0एफ0पी0) के माध्यम से द्वि–निविदा प्रणाली (टू–बिड सिस्टम), जैसा कि नियम 51 से 58 में दिया गया है, अपनाया जाए।

62. विलम्ब से प्राप्त निविदाएं–

निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्राप्त होने वाले निविदा प्रस्तावों को स्वीकार नहीं किया जाए।

63. प्राप्त निविदाओं का मूल्याँकन–

विभाग/सक्षम प्राधिकारी को, प्राप्त निविदाओं का मूल्याँकन प्राप्त अंक के अनुसार पृथक–पृथक और श्रेणीबद्ध (रैंकिंग) कर संविदा प्रदान करने हेतु सफल निविदादाता का चयन किया जाए।

(xiv) Combined Quality and Cost Evaluation--

The total score shall be obtained by weighting the quality and cost scores and adding them. The weight for the "cost" shall be chosen, taking into account the complexity of the assignment and the relative importance of quality. The weight for cost shall normally be 20 points out of a total score of 100. The proposed weightings for quality and cost shall be specified in the R.F.P. The firm obtaining the highest total score shall be awarded the assignment.

(xv) Monitoring the Contract--

The Department/Competent Authority should be involved throughout in the conduct of consultancy, preferably by taking a task force approach and continuously monitoring the performance of the consultant(s) so that the output of the consultancy is in line with objectives and within prescribed time limit.

# CHAPTER-5

## Outsourcing of Services

**60. Services by Outsource--**

The Department/Competent Authority/Organization/Institution may outsource certain services in the interest of economy and efficiency, but following procedures should be followed compulsorily:--

(a) The Department/Competent Authority should prepare a list of likely and potential contractors on the basis of formal /informal enquiry from the specialized firms/ contractors/ institutions / departments/ organizations involved in similar works. The information related to such organizations may be collected through advertisement, professional journals, websites etc.

(b) The Department/Competent Authority should prepare the tender enquiry for outsourcing containing the following details:--

(i) The details of works/services to be performed by the contractor,

(ii) The facilities and the inputs which will be provided to the contractor by the Department/ Competent Authority,

(iii) Eligibility and qualification criteria to be met by the contractor for performing the required work/service, and

(iv) The statutory and contractual obligations to be complied with by the contractor.

**61. Invitation of Bids--**

(1) For estimated value of the work/service upto Rs.10,00,000(Rs. 10 lakh) or less the Department/Competent Authority should invite tender enquiry from the preliminary list of likely contractors/ firms/institutions identified as per Rule-60 above and issue limited tender enquiry to them asking for offers by specified date and time. The number of the contractors/institutions/organizations so identified should not be less than six.

(2) For estimated value of the work/service above Rs.10,00,000/- (Rs. Ten lakh) the Department/ Competent Authority should issue tender enquiry in at least one largely circulated national news paper and also the website of the organization asking for offers by a specified date and time etc.

(3) For Estimated value of work/service above Rs.50,00,000/- (Rs. Fifty lakh) a Two-bid system may be adopted through the E.O.I./R.F.P. route as prescribed in Rules- 51 to 58.

**62. Late Bids--**

The bid proposals received after specified date and time should not be accepted.

**63. Evaluation of Bids Received--**

The Department/Competent Authority should evaluate, segregate, rank the responsive bids and select the successful bidder for placement of the contract.

64. एक विकल्प पर आधारित वाह्य सेवा प्राप्त करना–

यदि असाधारण परिस्थिति में किसी कार्य को विशेष रूप से चुने गए ठेकेदार से कराना आवश्यक हो, तो प्रशासनिक विभाग, शासन के वित्त विभाग की सहमति इस आशय से प्राप्त करेगा कि इसके लिए पूर्ण औचित्य तथा परिस्थितियां विद्यमान हैं जिनके कारण एक विकल्प पर वाह्य सेवा प्राप्त किये जाने का प्रस्ताव किया जा रहा है तथा इससे विभाग के विशेष हित या उद्देश्य की पूर्ति होगी।

65. संविदा का अनुश्रवण–

जिन कार्यों को वाह्य स्रोत से कराया जाय, ऐसे कार्यों/सेवाओं का निरन्तर अनुश्रवण किया जाय, ताकि निष्पादन हेतु समयबद्धता एवं गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता सम्भव न हो।

## अध्याय–6

## लोक–निजी सहभागिता

## (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप)

66. लोक–निजी सहभागिता–

(1) कतिपय सेवाओं को, जो सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जाती हैं, मितव्ययता तथा क्षमता वृद्धि के हित में विभाग, लोक–निजी सहभागिता व्यवस्था के अधीन बाह्य स्रोत से कराने का निर्णय ले सकता है।

(2) निजी सहभागी के चयन हेतु ऐसी प्रक्रिया होगी, जैसी अध्याय–4 (सेवाओं की अधिप्राप्ति) तथा अध्याय–5 (बाह्य स्रोत से सेवायें प्राप्त करना) में दी गई है।

67. अवस्थापना परियोजनाओं में लोक–निजी सहभागिता–

(1) लोक–निजी सहभागिता की अवस्थापन परियोजनाओं में विशेष रूप से लोक आस्तियों का हस्तानान्तरण, उपभोग प्रभार की वसूली हेतु शासकीय प्राधिकारों का प्रतिनिधायन, एकाधिकार वाली सेवा पर निजी नियत्रंण तथा शासन के जोखिम (रिस्क) एवं आकस्मिक देयताओं की हिस्सेदारी सम्मिलित होती है। उपयोगकर्ता के हित का संरक्षण तथा लोकधन के लिए मूल्य सुरक्षित करने की आवश्यकता को दृष्टि में रखते हुए ऐसी योजनाओं हेतु कठोर उपाय की अपेक्षा की जाती है।

(2) भविष्य की घटनाओं को समझना तथा जोखिम न्यूनीकरण लोक–निजी सहभागिता की सफलता की कुंजी है। इसके लिये ऐसे ढांचे की जरूरत होगी, जो निजी निवेशकर्ता को आश्वस्त कर सके कि युक्तिपूर्ण जोखिम के स्तर पर बाजार पर आधारित लाभ संभावित है तथा उपभोगकर्ता को गुणवत्तायुक्त पर्याप्त सेवा उपयुक्त मूल्य पर उपलब्ध हो सके। जोखिम की प्रकृति तथा अनेक भागीदार, जिसमें परियोजना के प्रायोजक, ऋण देने वाले, शासकीय अभिकरण एवं नियामक प्राधिकारी सम्मिलित होने के कारण परियोजना, अनुबन्ध की शर्तें एवं निविदा व्यवस्था सामान्यतया जटिल होने के कारण इसमें विस्तृत विधिक एवं संविदा विषयक अनुबन्धों की आवश्यकता के दृष्टिगत् इनमें विभिन्न भागीदारों के जोखिम, प्रतिफल एवं दायित्वों को स्पष्ट किया जाए।

(3)(क) यह दिशा निर्देश उन सभी लोक–निजी सहभागिता परियोजनाओं पर लागू होंगे, जो शासकीय विभागों, राज्य सरकार के प्रतिष्ठानों, सांविधिक प्राधिकारियों या अन्य इकाइयों, प्रशासनिक नियत्रंण में हों।

(ख) इसमें विनिर्दिष्ट प्रक्रिया उन सभी लोक–निजी सहभागिता की परियोजनाओं पर लागू होंगी, जिनकी पूंजीगत लागत रुपये 5,00,00,000 (रु0 पांच करोड़) से अधिक हो अथवा जहां निहित आस्तियों का मूल्य रुपये 5,00,00,000 (रु0 पांच करोड़) से ज्यादा हो।

(ग) ऐसी लोक–निजी सहभागिता की परियोजनाओं के लिए, जिनकी निहित आस्तियों का मूल्य/पूंजी लागत रुपये 5,00,00,000 (रु0 पांच करोड़) से कम हो, विद्यमान प्रक्रिया से कार्यवाही की जायेगी। प्रशासनिक विभाग, निविदा आमंत्रित करने के पूर्व शासन के वित्त विभाग एवं सक्षम प्राधिकारी की सहमति प्राप्त करेगा।

(घ) प्रशासनिक विभाग द्वारा लोक–निजी सहभागिता के माध्यम से ली जाने वाली परियोजनाओं को चिन्हित कर सम्भाव्यता अध्ययन, परियोजना अनुबन्ध आदि की तैयारी विधिक, वित्तीय तथा तकनीकी विशेषज्ञों के सहयोग से, जैसी आवश्यकता हो, की जाय।

(4) अन्तर्विभागीय विचार विमर्श–

यदि प्रशासनिक विभाग आवश्यक समझें तो अन्तर्विभागीय समिति परियोजना के विवरण तथा परियोजना रियायत अनुबन्ध की शर्तों पर विचार–विमर्श कर सकती है और यदि समिति की कोई टिप्पणी हो तो उन्हें सरकार/सक्षम अधिकारी के विचारार्थ प्रस्ताव में सम्मिलित या संलग्न किया जाए।

**64. Outsourcing by Choice--**

If it become necessary in an exceptional situation to outsource a job to a specifically chosen contractor, the administrative department with the consultation of finance department in government can do so after providing detailed justification and the circumstances leading to outsourcing by choice, and the special interest or purpose it shall serve.

**65. Monitoring the Contract--**

The work/service outsourced should be monitored regularly, so that there is no comoromise with performance, time schedule and quality.

## CHAPTER-6

### Public Private Partnership (P.P.P.)

**66. Public-Private Partnership (P.P.P.)--**

(1) A Department may in the interest of economy and efficiency, decide to outsource certain services being provided by the Government under a P.P.P. arrangement.

(2) The procedure for selection of the private partner shall be such as given in Chapter-4 (Procurement of Services) and Chapter-5 (Outsourcing of Services).

**67. Public-Private Partnership (P.P.P.) in Infrastructure Projects--**

(1) Public-Private Partnership (P.P.P.) in infrastructure projects typically involve transfer of public assets, delegation of governmental authority for recovery of user charges, private control of monopolistic services and sharing of risks and contingent liabilities by the Government. Protection of user interests and the need to secure value for public money, as such, demand a more rigorous treatment of these projects.

(2) Predictability and risk mitigation are key to successful Public-Private Partnerships. They shall require a framework that can assure the private investor of a market driven return at reasonable levels of risk, and the user of adequate service quality at an affordable cost. The nature of the risks and the involvement of many participants including project sponsors, lenders, Government agencies, and regulatory authorities, the terms of the project agreements as well as the tendering arrangements being complex, should involve detailed legal and contractual agreements that clearly set forth the risks, rewards and obligations of various participants.

(3) Applicability--

(a) These guidelines will apply to all P.P.P. projects sponsored by Government Departments or State Public Sector Undertaking (PSUs), statutory authorities or other entities under their administrative control.

(b) The procedure specified herein will apply to all P.P.P. projects with capital costs exceeding Rs.5,00,00,000/- (Rs. Five crore) or where the underlying assets are valued at a sum greater than Rs.5,00,00,000/- (Rs. Five crore)

(c) P.P.P. projects with capital cost underlying asset value of less than Rs.5,00,00,000/- (Rs. Five crore) shall be processed as per existing procedures. The Administrative Department shall seek the concurrence of the Finance Department and the Competent Authority before invitation of bids.

(d) Project identification--

The Administrative Department will identify the projects to be taken up through P.P.Ps. and undertake preparation of feasibility studies, project agreements etc. with the assistance of legal, financial and technical experts as necessary.

(4) Inter Departmental Consultations--

The Administrative Departments may, if deemed necessary, discuss the details of the project and the terms of concession agreement in an inter-department committee and comments, if any, may be incorporated or annexed to the proposal for consideration of the Government/Competent Authority.

(5) परियोजना का सैद्धान्तिक रूप से अनुमोदन–

तत्पश्चात् प्रशासनिक विभाग कारोबार के नियमों के अनुसार वित्त विभाग, नियोजन विभाग और शासन में सक्षम प्राधिकारी/समुचित स्तर से अनापत्ति/सहमति प्राप्त करेंगे। नियोजन/वित्त विभाग से अनापत्ति/सहमति के लिए अनुरोध करते समय प्रशासनिक विभाग द्वारा अनुलग्नक–1 और 2 में प्रस्तावित परियोजना सम्बन्धी सूचना प्रदान की जाए।

(6) अभिरुचि की अभिव्यक्ति–

शासन/सक्षम प्राधिकारी की सैद्धान्तिक रूप से अनापत्ति प्राप्त होने के बाद, प्रशासनिक विभाग योग्यता हेतु अनुरोध (रिक्वेस्ट फॉर क्वालिफिकेशन–आर0एफ0क्यू0) के रूप में अभिरुचि की अभिव्यक्ति (एक्सप्रेशन ऑफ इन्टरेस्ट)/योग्यता हेतु अनुरोध (रिक्वेस्ट फॉर क्वालिफिकेशन–आर0एफ0क्यू0) आमंत्रित कर सकेगें। इसके बाद पूर्व में योग्यता प्राप्त निविदादाताओं की लघुसूची तैयार (शार्ट लिस्टिंग) की जाए।

(7) दो चरण वाली प्रकिया–

लोक–निजी सहभागिता परियोजना के लिए बोली लगाने की प्रक्रिया दो चरणों में विभाजित होगी। प्रथम चरण को सामान्यतः योग्यता हेतु अनुरोध (आर0एफ0क्यू0) या अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ई0ओ0आई0) के रूप में निर्दिष्ट किया जाए। इसका उद्देश्य प्रक्रिया के दूसरे चरण के लिए पात्र बोली लगाने वालों की लघुसूची तैयार करना है। दूसरे और अंतिम चरण, जिसे सामान्यतः प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आर0एफ0पी0) या वित्तीय बोलियों का आमंत्रण के रूप में निर्दिष्ट किया जाए, इस में बोली लगाने वाले वित्तीय प्रस्ताव प्रस्तुत करने से पहले परियोजना की व्यापक समीक्षा (जांच) कर सकेंगे।

(8) अर्हता हेतु अनुरोध (आर0एफ0क्यू0)–

अर्हता या योग्यता हेतु अनुरोध का उद्देश्य, पूर्व अर्हता प्राप्त आवेदकों की लघुसूची तैयार करना होगा, जिनसे प्रस्ताव हेतु अनुरोध के समय वित्तीय बोलियां प्रस्तुत करने का अनुरोध किया जाएगा। इसका उद्देश्य परियोजना सम्पादित करने के लिए आवश्यक तकनीकी तथा वित्तीय क्षमता रखने वाले विश्वसनीय बोली लगाने वालों की पहचान करना होगा, विश्वसनीय स्वदेशी और विदेशी निवेशकर्ताओं की अधिक से अधिक सहभागिता के लिए अर्हता हेतु अनुरोध (आर0एफ0क्यू0) दस्तावेज में प्रत्युत्तर देने वालों के लिए ऐसी आवश्यकता इंगित न की जाय जिससे उन्हें प्रत्युत्तर देने के लिए अधिक व्यय करने की आवश्यकता हो। पूर्व अर्हता के प्रयोजनों के लिए मांगी गई सूचना सामान्यतः ऐसी तकनीकी और वित्तीय क्षमताओं तक सीमित रहे जो परियोजना के लिए सुसंगत हों। ऐसी सूचना सही–सही और मात्राकृत हो, जिससे लघु सूचीकरण प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी हो और शासन को किसी विवाद का सामना न करना पड़े।

(9) पूर्व–योग्यता हेतु बोली लगाने वालों की संख्या–

बोली लगाने के अंतिम चरण अर्थात प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आर0एफ0पी0) के लिए पूर्व अर्हता प्राप्त करने वाले और लघु सूचीकृत निविदादाताओं की संख्या पर सावधानीपूर्वक विचार करने की आवश्यकता होगी। एक ओर वास्तविक प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त संख्या में बोली लगाने वाले होने चाहिएं तो दूसरी ओर लघु सूचीकृत निविदादाताओं की संख्या बहुत अधिक होने से गंभीरता से बोली लगाने वालों की सहभागिता और प्रतिस्पर्धा विरल हो सकती है।

(10) उच्च गुणवत्ता वाली बोलियां प्राप्त करने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय सर्वोत्तम पद्धति के अनुरूप लगभग पांच पूर्व अर्हता प्राप्त बोली लगाने वालों का समर्थन किया जाए। यदि एक समय में दो या तीन परियोजनाओं के लिए लघुसूचीकरण किया जाना है, तो लघुसूची के बोली लगाने वालों की संख्या कमशः 7 से 10 तक बढ़ाई जा सकेगी। इस प्रयोजन के लिए अर्हता हेतु अनुरोध की अवस्था में मूल्याँकन पद्धति का न्यायोचित एवं पारदर्शी होना आवश्यक होगा।

(11) पूर्व अर्हता के कठोर मानदण्डों का विनिर्दिष्टिकरण–

कठोर पात्रता मानदण्डों से जहां ऐसे बोली लगाने वालों की पूर्व अर्हता सुनिश्चित होगी जो प्रस्ताव हेतु अनुरोध चरण के लिए भली प्रकार उपयुक्त होंगे, वहीं इनसे अर्ह बोली लगाने वालों की संख्या में प्रभावी कमी भी आएगी। अतः पूर्व अर्हता के उद्देश्य की पूर्ति हेतु प्रस्ताव हेतु अनुरोध के चरण में उपयुक्त बोली लगाने वालों की युक्तियुक्त संख्या में संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता होगी। पात्रता मानदण्ड यथा तकनीकी और वित्तीय क्षमता अवधारित करते समय इन बिन्दुओं का ध्यान रखते हुए सिद्धान्त बनाए जाएं।

(12) मूल्याँकन के मानदण्ड–

बोली लगाने व.लों के लघुसूचीकरण के लिए मानदण्डों को तकनीकी और वित्तीय प्रतिमानों में विभाजित किया जाए जिनका यहां उल्लेख किया गया है:–

(5) In principle approval of Project--

The Administrative Department shall then seek clearance/concurrence of the Finance Department, Planning Department and from the Competent Authority/appropriate level in the Government as per Rules of Business. While seeking clearance/concurrence of Planning/Finance Department, the Administrative Department, should provide information about the proposed project in Annexure I & II.

(6) Expression of Interest--

Following the 'in principle' clearance of Government/Competent Authority, the Administrative Departments may invite expressions of interest in the form of Request for Qualification (R.F.Q.) to be followed by short-listing of pre-qualified bidders.

(7) Two Stage Process--

The bidding process for P.P.P. projects is divided into two stages. The First stage is generally referred to as Request for Qualification (R.F.Q.) or Expression of Interest (EOI) The objective is to short-list eligible bidders for stage two of the process. In the second and final stage, generally referred to as the Request for Proposal (R.F.P.) or invitation of financial bids, the bidders engage in a comprehensive scrutiny of the project before submitting their financial offers.

(8) Request for Qualification (RFQ)--

The R.F.Q. process should aim at short-listing and pre-qualifying applicants, who will be asked to submit financial bids in the R.F.P. stage. The objective is to identify credible bidders who have the requisite technical and financial capacity for undertaking the project. In order to encourage greater participation from credible domestic and international investors, the R.F.Q. document should not require respondents to incur significant expense in preparing a response. The information sought for the purposes of pre-qualification should generally be restricted to technical and financial capabilities that are relevant to the project. Such information should be precise and quantified so that the process of short-listing is fair and transparent, and does not expose the Government to disputes or controversy.

(9) Number of bidders to be pre-qualified--

The number of bidders to be pre-qualified and short-listed for the final stage of bidding *i.e.* the R.F.P. stage needs careful consideration. On the one hand, the number should be adequate for ensuring real competition in bidding. On the other hand, a large number of short-listed bidders could dampen participation by serious bidders, thus diluting competition.

(10) About five pre-qualified bidders should be considered as an international best practice for securing high quality bids. In case short-listing is to be done for two or three projects at the same time, the number of short-listed bidders could be increased to 7 and 10 respectively. For this purpose, a fair and transparent system of evaluation at the R.F.Q. stage would be necessary.

(11) Specifying stringent pre-qualification criteria--

While stringent eligibility criteria would ensure pre-qualification of bidders well suited for the R.F.P. stage, it would also effectively reduce the number of qualified bidders. A balance, therefore, needs to be drawn for serving the objective of pre-qualifying a reasonable number of suitable bidders for the R.F.P. stage. The principles for determining the eligibility criteria such as technical and financial capacity should be formulated keeping these considerations in view.

(12) Evaluation Criteria--

The criteria for short-listing of bidders should be divided into technical and financial parameters as stated below :--

(क) तकनीकी क्षमता–

आवेदक को अवस्थापना परियोजनाओं के निर्माण कार्य का पर्याप्त अनुभव और क्षमता प्राप्त हो। इसका माप, आवेदन की तिथि के पूर्ववर्ती पांच वर्षों के दौरान उसके द्वारा किए गए/संचालन प्रारम्भ (कमीशन) किए गए निर्माण कार्यों या निर्माण संचालन हस्तांतरण (बी0ओ0टी0)/निर्माण, स्वामित्व, संचालन हस्तांतरण (बी0ओ0ओ0टी0) से राजस्व प्राप्ति या दोनों से मालूम किया जा सकेगा। परिचालन और अनुरक्षण (ओ0एण्ड0एम0) के अनुभव के परिप्रेक्ष्य में भी पात्रता शर्तें, जैसा आवश्यक हो, भी नियत की जा सकेंगी। निविदादाताओं की तकनीकी क्षमता को निम्नांकित मानदण्डों से अवधारित किया जा सकेगाः–

(एक) परियोजना/निर्माण का अनुभव–

आवेदक की तकनीकी क्षमता के अवधारण हेतु विनिर्दिष्ट क्षेत्रों में योग्य परियोजनाओं या अन्य केन्द्रीय (कोर) क्षेत्रों के अनुभव पर विचार किया जाय।

(दो) परिचालन एवं अनुरक्षण का अनुभव–

आवेदक को विनिर्दिष्ट क्षेत्र की परियोजनाओं के परिचालन और अनुरक्षण में पांच वर्ष या उससे अधिक का अनुभव होना चाहिए। ऐसे अनुभव के अभाव में, आवेदक से किसी ऐसे व्यक्ति /संस्थान/ संस्था/संगठन के साथ परिचालन और अनुरक्षण अनुबंध करने की अपेक्षा की जा सकती है, जिसे समकक्ष अनुभव हो अन्यथा रियायत अनुबन्ध (कन्सेशन एग्रीमेन्ट) समाप्त किया जा सकेगा। इस व्यवस्था का सुझाव देते समय पृथक–पृथक क्षेत्रों/परियोजनाओं की आवश्यकताओं के अनुकूलन/संशोधन हेतु पर्याप्त लचीलापन प्रदान किया जाय।

(ख) वित्तीय क्षमता–

आवेदक के पास उस परियोजना की, जिस के लिए बोलियां आमंत्रित की जानी हैं, अनुमानित लागत के कम से कम 25 प्रतिशत के समतुल्य शुद्ध मूल सम्पत्ति (नेट वर्थ) होनी चाहिए। रुपये 500,00,00,000 (रु0 पांच सौ करोड़) या उससे अधिक अनुमानित लागत की परियोजनाओं के मामले में, अपेक्षित शुद्ध मूल्य सम्पत्ति की आवश्यकता को समुचित रूप से कम, किंतु 15 प्रतिशत से अन्यून नहीं किया जा सकेगा। इससे यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि पूर्व अर्हता प्राप्त आवेदक के पास परियोजना का उत्तरदायित्व लेने के लिए पर्याप्त वित्तीय सामर्थ्य है।

(ग) पात्रता हेतु अनुभव–

किसी समूह (कन्सोरटियम) के सदस्य के पास, जो अर्हता हेतु अनुरोध के स्तर पर अनुभव या शुद्ध मूल्य रखने का दावा करे, समूह के न्यूनतम 26 प्रतिशत अंश होने चाहिएं। ऐसा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है कि केवल उन सदस्यों का अनुभव सुनिश्चित हो जिनका पर्याप्त हित दांव पर लगा हो, और कम अंशधारक सदस्यों को केवल पूर्व अर्हता में श्रेणीकरण के सुधार के लिए शामिल न किया जाए।

(घ) प्रस्ताव हेतु अनुरोध स्तर पर तकनीकी मूल्यॉंकन–

(एक) विभिन्न बोली लगाने वालों के तकनीकी प्रस्तावों में अत्यधिक भिन्नता हो सकती है। विविधता पूर्ण प्रस्तावों के मूल्यॉंकन में कठिनाई के अतिरिक्त ऐसे मूल्यॉंकन में यह भी अन्तर्निहित हो सकता है कि परिणाम आस्तियों और चयनित निविदादाता द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं का अवधारण सरकार द्वारा किए जाने के बजाए केवल तकनीकी बोली से ही मार्गदर्शित हो। तर्कसंगत रूप से सरकार द्वारा तकनीकी प्रतिमान निर्धारित किए जाएं और केवल वित्तीय बोली माँगी जाए, जिससे निविदादाताओं को परियोजना के डिजाइन और अभियन्त्रण में पर्याप्त लचीलापन रहे और साथ ही जो पूर्वनिर्धारित मानकों और विशिष्टियों के अनुरूप हों, जिसमें सेवा के परिणाम भी शामिल है।

(दो) असाधारण रूप से जटिल परियोजनाओं के मामले में, जहाँ परियोजना प्राधिकारी यह अवधारित करे कि बोली लगाने वाले द्वारा तकनीकी प्रस्ताव/योजना प्रस्तुत की जाए तो उसकी अपेक्षाएं विस्तार से विनिर्दिष्ट की जानी चाहिए और ऐसे प्रस्ताव/योजना योग्यता निर्धारण चरण या तो आरम्भिक आवेदन पत्रों के साथ या वित्तीय निविदा देने से पूर्व के मध्यवर्ती चरण में आमन्त्रित की जाए। बोली लगाने के लिए केवल पूर्व अर्हता प्राप्त बोली लगाने वालों को आमन्त्रित किया जाय, जिसमें केवल वित्तीय प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए आमन्त्रण होगा।

(13) परियोजना सम्बन्धी दस्तावेज तैयार करना–

(क) जिन दस्तावेजों को तैयार करना आवश्यक हो, उनमें अन्य बातों के साथ–साथ रियायत पाने वालों (कन्सेशनेयर) के साथ किए जाने वाले विभिन्न अनुबन्ध, जिनमें रियायतों की विस्तृत शर्तें तथा विभिन्न पक्षों के अधिकार और दायित्व शामिल हों। परियोजना सम्बन्धी यह दस्तावेज परियोजना के क्षेत्र और प्रकार के आधार पर भिन्न होंगे। लोक निजी सहभागिता में रियायतों से सम्बन्धित अनुबन्ध होगा जिसमें निजी पक्ष को दी गई रियायतों की शर्तें विनिर्दिष्ट की जाएं, और सभी पक्षों के अधिकार और कर्तव्य शामिल हों। विशेष आवश्यकतानुसार सहयुक्त अनुबन्ध भी किए जा सकेंगे।

(a) Technical Capacity--

The applicant should have acquired sufficient experience and capacity in building infrastructure projects. This can be measured either from the construction work undertaken/commissioned by him, or from revenues of Build Operate Transfer (B.O.T.)/ Build Own Operate Transfer (B.O.O.T.) etc. projects, or from both, during the 5 years preceding the application date. Eligibility conditions, as necessary, may also be stipulated in respect of Operation and Maintenance (O&M) experience. The technical capacity of bidders can be assessed on the following parameters --

(i) Project/Construction Experience--Experience on eligible projects in the specified sector or other core sectors should be considered for determining the technical capacity of the applicant.

(ii) Operation and Maintenance (O&M) Experience--The applicant should have experience of five years or more in operation and maintenance (O&M) of projects in the specified sector. In the absence of such experience, the applicant may be required to enter into an operation and maintenance (O&M) agreement with an entity having equivalent experience, failing which the concession agreement would be liable to termination. While suggesting this arrangement, it is proposed to provide sufficient flexibility for modifying these requirements to suit the needs of individual sectors/projects.

(b) Financial Capacity--

Applicants should have a minimum net worth equivalent to 25% of the estimated capital cost of the project for which bids are to be invited. In the case of projects with an estimated cost of Rs. 500,00,00,000 (Rs five hundred crore) or more, the requirement of net worth could be suitably reduced, but should be no less than 15%. This would ensure that pre-qualified applicants have sufficient financial strength to undertake the project.

(c) Eligibility of Experience--

The members of the consortium, who claim experience or net worth in the R.F.Q. must hold at least 26% of the consortium's equity. This condition is necessary for ensuring that only the experience of those members who have a substantial stake is counted for the purposes of pre-qualification, and members with small equity holding are not added with the sole objective of improving the ranking in pre-qualification.

(d) Technical evaluation at the R.F.P. stage--

(i) Technical proposals of different bidders could vary significantly. Apart from the difficulties in evaluating diverse proposals on a common set of parameters, such evaluation also implies that instead of the government determining the assets and services to be provided by the selected bidder, it is the technical bid that would tend to guide the outcome. Logically, the Government should set the technical parameters and ask for financial bids only, leaving sufficient flexibility for bidders to design and engineer the project in a manner that conforms to pre-determined standards and specifications, including service outputs.

(ii) In case of exceptionally complex projects where the project authority determines that the bidders must submit their technical proposals/ plans, the requirements thereof should be specified in detail and such proposals/ plans should be invited at the qualification stage, either along with the initial applications or at an intermediate stage preceding the bid stage. Only pre-qualified applicants should be invited to participate in the bid stage, which shall only consist of an invitation to submit financial offers.

(13) Formulation of Project Documents--

(a) The documents that would need to be prepared would, *inter-alia,* include the various agreements to be entered into with the concessionaire detailing the terms of the concession and the rights and obligations of the various parties. These project documents would vary depending on the sector and type of project. Typically, a P.P.P. will involve the concession agreement that will specify the terms of the concession granted to the private party and will include the rights and obligations of all parties. There could be associated agreements based on specific requirements.

(ख) प्रस्ताव हेतु अनुरोध अर्थात् वित्तीय बोली प्रस्तुत करने के लिए आमन्त्रण में साधारणतः उन सभी अनुबन्धों की एक प्रति होनी चाहिए जिन्हें सफल बोली लगाने वाले के साथ किए जाने का प्रस्ताव है। प्रस्ताव हेतु अनुरोध का प्ररूप तैयार करने के बाद प्रशासनिक विभाग, वित्तीय बोलियाँ आमन्त्रित करने से पहले व्यय वित्त समिति और सक्षम प्राधिकारी की अनापत्ति प्राप्त करेगा।

(14) व्यय वित्त समिति द्वारा अनापत्ति–

(क) व्यय वित्त समिति की अनापत्ति प्राप्त करने के लिए समस्त परियोजना अनुबन्धों के प्ररूप और परियोजना रिपोर्ट के साथ प्रस्ताव की तीन प्रतियाँ अनुलग्नक–3 और 4 में विनिर्दिष्ट प्रारूप में प्रेषित की जाएं। व्यय वित्त समिति को निर्दिष्ट किए जाने से पूर्व, प्रशासनिक विभाग द्वारा विधि विभाग और अन्य सम्बन्धित विभागों के विचार प्राप्त कर लिए जाएं।

(ख) व्यय वित्त समिति में निम्नलिखित होंगे :–

(एक) प्रमुख सचिव/सचिव, वित्त ....................................................अध्यक्ष

(दो) प्रमुख सचिव/सचिव, नियोजन....................................................सदस्य

(तीन) प्रमुख सचिव/सचिव, विधि.......................................................सदस्य

(चार) परियोजना प्रायोजक प्रशासनिक विभाग का प्रमुख सचिव/सचिव ..............................................सदस्य

(ग) यदि आवश्यक हो तो समिति विशेषज्ञों को सहयोजित कर सकेगी। व्यय वित्त समिति का कार्य नियोजन विभाग द्वारा किया जाएगा। इस प्रयोजन हेतु नियोजन विभाग में विशेष लोक–निजी सहभागिता प्रकोष्ठ स्थापित किया जाएगा।

(घ) वित्त विभाग की अनापत्ति प्राप्त करने के पश्चात् प्रशासनिक विभाग कारोबार के नियमों के अनुसार सक्षम प्राधिकारी/शासन में समुचित स्तर से पूर्वानुमोदन प्राप्त करेगा।

(ङ) सक्षम प्राधिकारी/समुचित स्तर से अन्तिम अनुमोदन प्राप्त कर लेने के पश्चात् वित्तीय बोलियां आमन्त्रित की जा सकेंगी।

## अध्याय–7

## विविध

68. नियमित प्रशिक्षण–

अधिप्राप्ति/क्रय से सम्बन्धित समस्त अधिकारियों और पदाधिकारियों को नियमित प्रशिक्षण दिया जाये।

69. लेखा परीक्षा–

प्रत्येक लेखा–परीक्षा (विशेषकर आन्तरिक लेखा परीक्षा) रिपोर्ट में विभागीय अधिप्राप्ति और क्रय का विस्तृत विवरण और विश्लेषण का होना अनिवार्य होगा।

70. बोली पूर्व सम्मेलन–

(क) सामग्री/निर्माण कार्य से सम्बन्धित ठेकेदार या आपूर्तिकर्ता निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि से युक्तियुक्त समय पूर्व, अधिप्राप्ति करने वाले संगठन से निविदा दस्तावेजों के सम्बन्ध में स्पष्टीकरण की मांग कर सकेगा। अधिप्राप्ति करने वाला संगठन युक्तियुक्त समय के अन्दर स्पष्टीकरण देगा ताकि आपूर्तिकर्ता या ठेकेदार अपनी निविदा समय से प्रस्तुत कर सके। ऐसा स्पष्टीकरण उन सभी सम्भावित निविदा प्रस्तुत करने वालों को प्रेषित किया जाए, जिन्हें निविदा दस्तावेज दिए गए हैं।

(ख) निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि से पूर्व किसी भी समय अधिप्राप्तिकर्ता संगठन, स्वयं की पहल पर या आपूर्तिकर्ता या ठेकेदार द्वारा स्पष्टीकरण के अनुरोध के परिणाम स्वरूप अनुशेष (एडेन्डम) पत्र जारी कर निविदा दस्तावेजों को संशोधित कर सकेगा।

(b) Request of Proposals (R.F.P.), *i.e.* invitation to submit financial bids, should normally include a copy of all the agreements that are proposed to be entered into with the successful bidder. After formulating the draft R.F.P., the Administrative Department would seek clearance of the Expenditure Finance Committee (E.F.C.) and the competent authority before inviting the financial bids.

(14) Clearance by Expenditure Finance Committee(E.F.C.)--

(a) The proposal for seeking clearance of the Expenditure Finance Committee (E.F.C.) shall be sent in 3 copies in the format specified at Annexure-III & IV alongwith copies of all draft project agreements and the Project Report. Before reference to the Expenditure Finance Committee (E.F.C.), the views of the Law Department and other related Departments should have been obtained by the Administrative Department.

(b) The Expenditure Finance Committee (E.F.C.) would comprise of the following :--

(i) Principal Secretary/Secretary, Finance--Chairperson

(ii) Principal Secretary/Secretary, Planning--Member

(iii) Principal Secretary/Secretary, Law--Member

(iv) Principal Secretary/Secretary Administrative Department sponsoring the project--Member.

(c) Committee may co-opt experts, if necessary. The E.F.C. would be serviced by the Planning Department. A special P.P.P. cell will be set up for this purpose in Planning Department.

(d) After clearance of the Finance Department, the Administrative Department will seek the prior approval of the Competent Authority/appropriate level in Government as per Rules of Business.

(e) Financial bids may be invited after final approval of the Competent Authority/appropriate level has been obtained.

## CHAPTER-7

### Miscellaneous

**68. Regular training--**

Regular training should be given to all concerned officers and officials involved in procurement/ purchase.

**69. Audit--**

It shall be mandatory for every audit report (specially internal audit), to contain a detailed report and analysis related to procurement/purchase in the department.

**70. Pre Bid Conference--**

(a) A supplier or contractor related to goods/works/services may request a clarification of the tender documents from the procuring entity within a reasonable time prior to the deadline for the submission of tender. The procuring entity shall respond within a reasonable time, so as to enable the supplier or contractor to make a timely submission of its tender. Any such clarification shall be sent to all potential bidders who have been provided the tender documents.

(b) At any time prior to the deadline for submission of tenders, the procuring entity may for any reason, whether on its own initiative or as a result of a request for clarification by a supplier or contractor, modify the tender documents by issuing addendum.

(ग) यदि अधिप्राप्ति करने वाला संगठन आपूर्तिकर्ताओं या ठेकेदारों की बैठक बुलाता है, तो वह बैठक का कार्यवृत्त तैयार करेगा, जिसमें निविदा दस्तावेजों के स्पष्टीकरण के लिए बैठक में प्रस्तुत किए गए अनुरोध शामिल किए जाएंगे। कार्यवृत्त उन सभी आवेदकों को तुरन्त दिया जाएगा, जिनको अधिप्राप्ति करने वाले संगठन द्वारा निविदा दस्तावेज दिए गये हैं ताकि ऐसे आवेदक कार्यवृत्त को ध्यान में रख कर निविदाएं तैयार कर सकें।

71. अभिलेखों का अनुरक्षण–

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के उपबन्धों को ध्यान में रखकर अधिप्राप्ति/क्रय से सम्बन्धित दस्तावेज कम से कम 20 वर्ष तक रखे जायें और अधिप्राप्ति के उद्धरण अनुलग्नक–5 में दिए गए प्ररूप में रखे जायें। यह रजिस्टर, विभिन्न प्राविधानों के अधीन विहित भण्डार खाते, लेखन सामग्री रजिस्टर आदि से भिन्न होगा।

72. स्पष्टीकरण–

(1) यदि इस नियमावली के किसी उपबन्ध के निर्वचन के सम्बन्ध में कोई संदेह पैदा होता है तो मामला निर्णय के लिए वित्त विभाग को निर्दिष्ट किया जाएगा।

(2) इस नियमावली द्वारा स्थापित पद्धतियाँ और प्रक्रियाएं विशेष अनुदेशों/आदेशों के अधीन होंगी, जो वित्त विभाग द्वारा समय समय पर जारी किए जाएं।

(3) इस नियमावली द्वारा स्थापित पद्धतियाँ और प्रक्रियाएं वित्त विभाग के स्पष्ट अनुमोदन से किसी अन्य प्राधिकारी द्वारा संशोधित किए जा सकेंगे।

(4) वित्त विभाग, विशेष परिस्थितियों में और वाह्य सहायतित/विशेष परियोजनाओं के मामले में, समुचित औचित्य के आधार पर इन नियमों से छूट की अनुमति दे सकेगा।

73. कार्यपालक आदेश–

राज्य सरकार समय–समय पर कार्यकारी आदेश द्वारा इस नियमावली में उल्लिखित, मुद्रा स्फीति या वर्तमान मूल्यों के आधार पर, विभिन्न दरों/धनराशियों का पुनरीक्षण कर सकेगी।

74. नियमावली का प्रभावी होना–

यह नियमावली किसी सार्वजनिक अथवा निजी स्वायत्तशासी या सांविधिक निकाय को राज्य सरकार द्वारा दिए गए सहायक अनुदान या वित्तीय सहायता पर भी लागू होगी।

75. वार्षिक अधिप्राप्ति योजना–

सक्षम प्राधिकारी द्वारा सामग्री, सेवाओं और निर्माण कार्यों की भावी आवश्यकताओं से सम्बधित पूर्वानुमान के आधार पर वार्षिक अधिप्राप्ति योजना तैयार की जाए।

76. भौतिक सत्यापन–

रजिस्टर में उल्लिखित आस्तियों/सामग्री की उपलब्धता और पुरानी और निष्प्रयोज्य सामग्री के निस्तारण हेतु कार्यालयाध्यक्ष/सक्षम प्राधिकारी या उसके नामिति द्वारा प्रतिवर्ष 31 मार्च को वार्षिक सत्यापन किया जाए।

(c) If the procuring entity convenes a meeting of suppliers or contractors, it shall prepare minutes of the meeting containing the request submitted at the meeting for clarification of the tender documents. The minutes shall be provided promptly to all applicants to whom the procuring entity provided the tender documents, so as to enable those applicants to take the minutes into account in preparing the tenders.

**71. Maintenance of Records--**

Keeping in view the provisions of Right to Information Act, 2005, the documents related to procurement/purchase should be kept atleast for 20 years and extract of the procurement should be maintained in the format given at Annexure-V. This register is separate from the store ledger, stationery register etc. prescribed under different provisions.

**72. Clarification & Modifications--**

(1) Where a doubt arises as to the interpretation of any of the provisions of these Rules, the matter shall be referred to the Finance Department for decision.

(2) The systems and procedures established by these rules are subject to general or special instructions/orders, which the Department of Finance may issue from time to time.

(3) The systems and procedures established by these rules may be modified by any other authority only with the express approval of the Department of Finance.

(4) The Department of Finance may permit relaxation of these rules in special circumstances and in the case of Externally Aided Projects/Special Projects based on proper justification.

**73. Executive order--**

The State Government can, from time to time revise the different rates/amounts mentioned in these rules, based on inflation or the current prices by the executive order.

**74. Effect--**

These rules shall also be applicable to grant-in-aids or financial assistance given by the State Government to any autonomous or statutory body, public or private.

**75. Annual basis--**

The Competent Authority should prepare on annual basis a procurement plan based on a forecast of future requirement of goods, services and works.

**76. Physical Verification--**

The Head of Office/Competent Authority or his nominee should do the annual verification on 31st March every year to ensure the availability of assets/goods as mentioned in the register and also disposal of old and unusable goods.

अनुलग्नक–1

# सैद्धान्तिक अनुमोदन हेतु ज्ञापन

[कृपया नियम 67 का उपनियम (5) देखिये]

(क) प्रायोजक विभाग
(ख) परियोजना का नाम एवं स्थल
(ग) विधि परामर्शी (यदि कोई है)
(घ) वित्तीय सलाहकार (यदि कोई है)

| क्र0सं0 | मद | प्रत्युत्तर या उत्तर |
|---|---|---|
| 1 | सामान्य | |
| 1.1 | परियोजना का नाम | |
| 1.2 | लोक–निजी सहभागिता का प्रकार (बॅाट, बूट, आदि) | |
| 1.3 | स्थान (राज्य, जिला, कस्बा) | |
| 1.4 | प्रशासनिक विभाग | |
| 1.5 | प्रायोजक प्राधिकारी का नाम | |
| 1.6 | क्रियान्वयन करने वाले अभिकरण का नाम | |
| 1.7 | क्या क्रियान्वयन करने वाले अभिकरण को अनुबन्ध करने का विधिक अधिकार है | |
| 1.8 | क्या परियोजना के लिए अन्य संबंधित विभागों से सहमति प्राप्त की गई है | |
| 2 | परियोजना का विवरण | |
| 2.1 | परियोजना का संक्षिप्त विवरण | |
| 2.1.1 | परियोजना के उद्देश्य | |
| 2.1.2 | परियोजना द्वारा सम्बोधित की जाने वाली समस्याएं | |
| 2.1.3 | लक्षित लाभार्थी | |
| 2.1.4 | परियोजना की रणनीति | |
| 2.2 | परियोजना का औचित्य | |
| 2.3 | क्या आवश्यक तकनीकी अध्ययन किया गया (यदि आवश्यक हो, तो पृथक से विवरण संलग्न करें) | |
| 2.4 | परियोजना के सम्भावित विकल्प, यदि कोई हों | |
| 2.5 | व्यय के मुख्य लेखाशीर्षकों के अधीन अनुमानित पूंजीगत एवं परिचालन लागत का विवरण तथा लागत के आंकलन का आधार | |
| 2.6 | निवेश के विभिन्न चरण | |
| 2.7 | परियोजना के क्रियान्वयन की समय सारणी | |
| 2.8 | क्या सम्बन्धित हितधारकों से परामर्श किया गया | |
| 2.9 | हितधारकों को होने वाले लाभ | |
| 3 | वित्तीय व्यवस्था | |
| 3.1 | foÙk iks"k.k d sLkzks [अंश पूंजी, ऋण, प्रतिभूति रहित (मेजेनाइन) पूंजी आदि] | |
| 3.2 | परियोजना के राजस्व प्रवाह का उल्लेख (परियोजना अवधि के लिए वार्षिक प्रवाह) अन्तर्निहित आधारों का भी उल्लेख करें | |
| 3.3 | शुद्ध वर्तमान मूल्य के साथ राजस्व की स्थिति इंगित करें जिसमें 12% छूट सहित | |
| 3.4 | दरें/उपभोक्ता प्रभार कौन निर्धारित करेगा? कृपया विस्तार से उल्लेख करें | |
| 3.5 | क्या किसी वित्तीय संस्था से सम्पर्क किया गया ? यदि हाँ, तो उसकी प्रतिक्रिया का उल्लेख करें | |
| 4 | आन्तरिक लाभ की दर (आई0आर0आर0) | |
| 4.1 | आर्थिक आन्तरिक लाभदर (यदि आगणित हो) | |
| 4.2 | विभिन्न आधार का उल्लेख करते हुए वित्तीय आन्तरिक लाभदर (यदि आवश्यक हो तो पृथक विवरण संलग्न करें) | |
| 4.3 | प्रमुख परिवर्तनशील कारकों की संवेदनशीलता का विश्लेषण | |
| 5 | सामाजिक क्षेत्र की परियोजनाएं | |
| 5.1 | सामाजिक क्षेत्र की परियोजना के मामले में कृपया प्रत्याशित सामाजिक लाभों का उल्लेख करें | |
| 5.2 | लागत में बचत के रूप में प्रत्याशित लाभों का उल्लेख (मितव्ययता) | |
| 5.3 | सेवा के परिदान की दक्षता में सुधार अपेक्षित लाभ का उल्लेख | |
| 5.4 | बेहतर पहुंच एवं सम्पर्क के रूप में लाभ का उल्लेख | |
| 5.5 | क्या परिणाम (आउटपुट) पर आधारित विशिष्टताएं/निष्पादन क प्रतिमानों/कार्यपूर्ति के मापदण्डों को चिन्हित किया गया? | |
| 5.6 | परिणाम एवं निष्पादन के अनुश्रवण की क्या व्यवस्था है ? | |

Annexure--I

## MEMORANDUM FOR 'IN PRINCIPLE APPROVAL'

[Please *See* Sub-rule (5) of Rule 67]

**A. Sponsoring Department**
**B. Name and location of the Project**
**C. Legal Consultant(if any)**
**D. Financial Consultant(if any)**

| Sl. No. | Item | Response |
|---|---|---|
| **1.** | **General** | |
| 1.1 | Name of the Project | |
| 1.2 | Type of PPP (BOT, BOOT etc.) | |
| 1.3 | Location (State/District/Town) | |
| 1.4 | Administrative Department | |
| 1.5 | Name of Sponsoring Authority | |
| 1.6 | Name of the Implementing Agency | |
| 1.7 | Does the implementing agency have the legal right to enter into an agreement | |
| 1.8 | Has consent for the project from other concerned department/s been obtained | |
| **2.** | **Project Description** | |
| 2.1 | Brief description of the project | |
| 2.1.1 | Project Objectives | |
| 2.1.2 | Problems to be addressed by Project | |
| 2.1.3 | Target beneficiaries | |
| 2.1.4 | Project strategy | |
| 2.2 | Justification for the project | |
| 2.3 | Have the necessary technical studies been done (attach separate sheet if necessary) | |
| 2.4 | Possible alternatives for the project, if any | |
| 2.5 | Estimated Capital & operating costs with break-up under major heads of expenditure. Also indicative the basis cost estimation | |
| 2.6 | Phasing of investment | |
| 2.7 | Project Implementation Schedule(PIS) | |
| 2.8 | Have consultations been done with stakeholders | |
| 2.9 | Benefits to stakeholders | |
| **3.** | **Financing Arrangements** | |
| 3.1 | Sources of financing (equity, debt, mezzanine capital etc.) | |
| 3.2 | Indicate the revenue streams of the Projects (annual flows over project life) Also indicate the underlying assumptions | |
| 3.3 | Indicate the NPV of revenue streams with 12% discounting | |
| 3.4 | Who will fix the tariff/user charges? Please specify in detail | |
| 3.5 | Have any FIs been approached? If yes, their response may be indicated | |
| **4.** | **IRR** | |
| 4.1 | Economic IRR (if computed) | |
| 4.2 | Financial IRR, indicating various assumptions (attach separate sheet if necessary) | |
| 4.3 | Sensitivity analysis on key variables | |
| **5.** | **Social Sector Projects** | |
| 5.1 | In case of social sector project please indicate expected social benefits | |
| 5.2 | Indicate expected gains in terms of cost saving (economy) | |
| 5.3 | Indicate expected gains in terms of (efficiency) improved service delivery | |
| 5.4 | Indicate gains in terms better reach & access | |
| 5.5 | Have output based specifications/performance parameters been identified | |
| 5.6 | What will be the monitoring arrangements of output/performance | |

| क्र0स0 | मद | प्रत्युत्तर या उत्तर |
|---|---|---|
| 6 | अनापत्तियां | |
| 6.1 | पर्यावरण विषयक अनापत्ति की प्रास्थिति | |
| 6.2 | राज्य सरकार एवं स्थानीय निकायों से अपेक्षित वांछित अनापत्ति | |
| 6.3 | राज्य सरकार से अन्य अपेक्षित सहयोग | |
| 6.4 | शेष अनापत्तियाँ प्राप्त करने का दायित्व | |
| 7 | भारत सरकार का सहयोग | |
| 7.1 | व्यवहता में धन के अन्तर (वायबिलिटी गैप फण्डिग) का पोषण यदि अपेक्षित हो | |
| 7.2 | भारत सरकार से मांगी गई कोई गारन्टी (यदि कोई हो) | |
| 8 | राज्य सरकार का सहयोग | |
| 8.1 | राज्य सरकार से किस प्रकार का वित्तीय सहयोग अपेक्षित है | |
| 8.2 | राज्य सरकार से वित्त से भिन्न कोई सहयोग | |
| 9. | छूट विषयक अनुबन्ध | |
| 9.1 | छूट विषयक अनुबन्ध की शर्तों का विवरण (अनुलग्नक–2) में सलग्न किया जाए | |
| 9.2 | क्या परिणाम (आऊटपुट) पर आधारित विशिष्टिताओं को अपनाया/उपयोग किया गया (सेवा परिदान के रूप में परिणाम विनिर्दिष्ट की गई अपेक्षाएं) | |
| 10 | लघुसूचीकरण के मानदण्ड | |
| 10.1 | क्या लघुसूचीकरण के मानदण्ड एक चरण में होंगे या दो चरणों में ? | |
| 10.2 | लघुसूचीकरण के मानदण्ड का उल्लेख करें (यदि आवश्यक हो तो पृथक विवरण संलग्न करें) क्या वे परिमाणात्मक हैं? | |
| 10.3 | क्या अन्तिम चरण के लिए लघुसूचीकरण हेतु वित्तीय प्रतिमान से भिन्न मानक भी हैं | |
| 11 | अन्य | |
| 11.1 | अभ्युक्ति, यदि कोई हो | |

अनुलग्नक–2

## छूट विषयक प्रस्तावित अनुबन्ध की शर्तों का विवरण–पत्र

[कृपया नियम 67 का उपनियम (5) देखिये]

(क) प्रायोजक विभाग
(ख) परियोजना का नाम एवं स्थल
(ग) विधि परामर्शी (यदि कोई है)
(घ) वित्तीय सलाहकार (यदि कोई है)

| क्र0सं0 | मद | विवरण |
|---|---|---|
| 1 | सामान्य | |
| 1.1 | परियोजना के कार्यक्षेत्र (लगभग 200 शब्दों में) | |
| 1.2 | प्रदान की जाने वाली छूट की प्रकृति | |
| 1.3 | छूट की अवधि तथा अवधि निश्चित किये जाने का औचित्य | |
| 1.4 | अनुमानित पूंजीगत लागत | |
| 1.5 | निर्माण कार्य की संभावित अवधि | |
| 1.6 | छूट प्रभावी होने की शर्तों का पूर्व उदाहरण, यदि कोई हो | |
| 1.7 | भूमि अर्जन की प्रास्थिति | |
| 2 | निर्माण तथा परिचालन एवं रखरखाव | |
| 2.1 | डिजाइन करने वाला अभिकरण (एजेन्सी) | |
| 2.2 | डिजाईन के मानदण्ड एवं प्रतिमान | |
| 2.3 | डिजाईन की समीक्षा करने वाली एजेन्सी | |
| 2.4 | निर्माण कार्यों के न्यूनतम मानक (स्टैण्डर्ड) | |
| 2.5 | निर्माण कार्यों का अनुश्रवण क्या स्वतंत्र अभिकरण/अभियन्ता का प्राविधान है? | |
| 2.6 | परिचालन एवं रखरखाव का न्यूनतम मानक परिणाम (आऊटपुट) पर आधारित है अथवा निवेश पर | |
| 2.7 | निर्धारित डिजाईन, निर्माण, परिचालन एवं रखरखाव में मानक के उल्लंघन पर दण्ड की व्यवस्था | |
| 2.8 | सुरक्षा सम्बन्धित प्राविधान | |
| 2.9 | पर्यावरण से सम्बन्धित प्राविधान | |
| 3 | वित्तीय व्यवस्था | |
| 3.1 | वित्तीय प्रबन्ध की प्राप्ति हेतु अधिकतम अवधि | |
| 3.2 | क्या बंधक/गिरवी/आड़मान (हाइपोथिकेट) धारणाधिकार दिया गया है | |
| 3.3 | निष्पादन प्रतिभूति का मूल्य | |
| 3.4 | अनुध्यात पूंजीगत अनुदान/राज्य सहायता (सब्सिडी) के स्रोत, प्रकृति एवं सीमा | |
| 3.5 | निविदा के प्रतिमान (पूंजीगत राज्य सहायता/अन्य प्रतिमान) | |

| Sl. No. | Item | Response |
|---|---|---|
| **6.** | **Clearances** | |
| 6.1 | Status of environmental clearances | |
| 6.2 | Clearance required from the State Government and other local bodies. | |
| 6.3 | Other support required from the State Government | |
| 6.4 | Responsibility of obtaining remaining clearances | |
| **7.** | **Government of India Support** | |
| 7.1 | Viability Gap Funding, if required | |
| 7.2 | GOI guarantees being sought, if any | |
| **8.** | **State-Government Support** | |
| 8.1 | What is the expected financial support from State Government | |
| 8.2 | Any Non-financial support from State Government | |
| **9.** | **Concession Agreement** | |
| 9.1 | Term sheet of the proposed Concession Agreement (Attached at Annexure -II) | |
| 9.2 | Have output based specifications been adopted/used (requirements specified in terms of service output delivery) | |
| **10.** | **Criteria for short-listing** | |
| 10.1 | Is short-listing to be in one stage or two stages? | |
| 10.2 | Indicate the criteria for short-listing (attach separate sheet if necessary) Are they quantitative? | |
| 10.3 | Does the short-listing criteria for the final stage include parameters other than financial | |
| **11.** | **Others** | |
| 11.1 | Remarks, if any | |

**Annexure--II**

## TERM SHEET OF THE PROPOSED CONCESSION AGREEMENT

[Please *See* Sub-rule (5) of Rule 67]

**A. Sponsoring Department**

**B. Name and location of the Project**

**C. Legal Consultant(if any)**

**D. Financial Consultant(if any)**

| Sl. No. | Item | Response |
|---|---|---|
| **1.** | **General** | |
| 1.1 | Scope of the Project (in about 200 words) | |
| 1.2 | Nature of Concession to be granted | |
| 1.3 | Period of Concession and justification for fixing the period | |
| 1.4 | Estimated capital cost | |
| 1.5 | Likely construction period | |
| 1.6 | Conditions precedent, if any, for the concession to be effective | |
| 1.7 | Status of land acquisition | |
| **2.** | **Construction and O&M** | |
| 2.1 | Designing Agency | |
| 2.2 | Designing parameters and norms | |
| 2.3 | Design review Agency | |
| 2.4 | Minimum standards of constructions | |
| 2.5 | Monitoring of construction; whether an independent agency/engineer is provided | |
| 2.6 | Minimum standards of Operation and Maintenance whether Output based / Input based | |
| 2.7 | Penalties for violation of prescribed design, construction and O&M standards | |
| 2.8 | Safety related provisions | |
| 2.9 | Environment related provisions | |
| **3.** | **Financial** | |
| 3.1 | Maximum period for achieving financial close | |
| 3.2 | Whether Right to mortgage/pledge/hypothecate/ lien is being given | |
| 3.3 | Performance Security Value | |
| 3.4 | Source, nature and extent of capital grant/subsidy contemplated | |
| 3.5 | Bidding parameter (capital subsidy or other parameter) | |

| क्र0सं0 | मद | विवरण |
|---|---|---|
| 3.6 | कार्यक्षेत्र में परिवर्तन तथा उसके कारण भार हेतु प्राविधान | |
